दैनिक

राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत उत्तर भारत विशेष कर मालवा जोन ( हरियाणा ) का एकमात्र दैनिक समाचारपत्र

DAILY BHARAT DESH HAMARA KARNAL

# भारत देश हमारा

करनाल

Postal Regd. No. PKL-235/2024-26

www.bharatdeshhamara.com,E-mail-bdhkarnal@gmail.com

मुख्य सम्पादक – जगजीत सिंह दर्दी संपादक – डा.के.के.संधू प्रबन्ध संपादक: सुरेन्द्र सिंह छत्तवाल

PRGI (RNI) Regd. No.HARHIN/2017/74227 वर्ष 8 अंक 168 वीरवार 19 जून, 2025 Thursday 19 June , 2025 मूल्य 2/- रूपए , कुल पृष्ठ 12 मोब :9416406615,7404278000,9215537704





## दिल्ली में क्लासरूम निर्माण घोटाले को लेकर ईडी की छापेमारी

नई दिल्ली 18 जून (निस) दिल्ली में क्लासरूम निर्माण घोटाले को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने ठेकेदारों और निजी कंपनियों के 37 ठिकानों पर छापेमारी की। यह छापेमारी दिल्ली पुलिस की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) की ओर से दर्ज की गई एफआईआर पर की गई है। एफआईआर में दिल्ली( शेष पृष्ठ दो पर )

# तानाशाही खामेनेई का अंत नजदीक-इजराइल, वहीं ईरान ने कहा-सरेंडर नहीं करेंगे दुश्मनों की खैर नहीं

## ट्रम्प की शर्तों को नहीं मानेगा ईरान, दोनों देशों के बीच मिसाइल हमले तेज, पलायन जारी



तेल अवीव 18 जून (निस) इजराइल के मंत्रियों ने बुधवार को कहा कि ईरान के साथ कोई बातचीत नहीं होगी और ऑपरेशन राइजिंग लॉयन तब तक जारी रहेगा, जब तक कि यह अपने उद्देश्यों को प्राप्त नहीं कर लेता। इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने एक्स पर एक पोस्ट में इस्लामी राष्ट्र में सत्ता परिवर्तन की संभावना का भी संकेत दिया। काट्ज ने ईरान में संभावित सत्ता परिवर्तन की ओर संकेत करते हुए लिखा, ''तेहरान के ऊपर एक तूफान आ रहा है। सरकारी संस्थानों पर बमबारी की जा रही है और उन्हें नष्ट किया जा रहा है। निवासियों की भीड़ इलाका छोड़ रही है। तानाशाही का पतन इसी तरह होता है। विदेश मंत्री गिदोन सार ने रविवार को तेल अवीव के निकट बाट याम में ईरानी बैलिस्टिक मिसाइल हमले के स्थल पर विदेशी राजदूतों को जानकारी दी। इस हमले में कम से कम नौ लोग मारे गए और दर्जनों अन्य घायल हो गए। उन्होंने विदेशी राजनयिकों से कहा, (ईरान से) कोई बातचीत नहीं होगी। जब तक हम अपने लक्ष्य हासिल नहीं कर लेते, तब तक ऑपरेशन जारी रहेगा। विदेश मंत्री ने जोर देकर कहा, ''ईरान जानबूझकर आबादी वाले इलाकों को निशाना बनाता है और नागरिकों की हत्या करता है। वे गलती कर रहे हैं। वे यह नहीं समझते कि इजराइली लोग मजबूत हैं और ऑपरेशन राइजिंग लॉयन का बड़े पैमाने पर समर्थन करते हैं। भारत सहित 30 से अधिक देशों के राजदूतों को घटनास्थल पर जानकारी दी गई।

**ईरान नहीं झुकेगा, अगर अमेरिका ने हमला किया तो देंगे करारा जवाब** – ईरान और इजराइल के बीच बढ़ते टकराव के बीच अब अमेरिका की ओर से भी खुली धमकियां सामने आ रही हैं। ऐसे हालात में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने अमेरिका और इजराइल दोनों को सख्त लहजे में चेताया है। ईरानी सरकारी मीडिया के मुताबिक, 86 वर्षीय खामेनेई ने स्पष्ट किया कि अगर अमेरिका ने ईरान के खिलाफ कोई सैन्य कदम उठाया, तो उसकौ( शेष पृष्ठ दो पर )

# जी-7 के मंच से पीएम मोदी का स्पष्ट संदेश-गोली का जवाब गोले से देंगे, आतंक परस्त देश दोगली नीति छोड़ें

## कनाडा से फिर संबंध मजबूत होंगे-मोदी, ट्रम्प ने भी फोन पर मोदी से बात की,अमेरिका आने का प्रस्ताव ठुकराया



ओटावा 18 जून (निस) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच ऑपरेशन सिंदूर के बाद आज 18 जून को करीब 35 मिनट तक फोन पर गंभीर बातचीत हुई। यह वार्ता ट्रंप की पहल पर हुई, जब पीएम मोदी कनाडा में थे। उन्होंने पीएम मोदी को अमेरिका आने का न्योता भी दिया, लेकिन मोदी ने अपनी व्यस्तताओं के कारण इस दौरे को अभी असंभव बताया। यह दोनों नेताओं की सीजफायर के बाद पहली प्रत्यक्ष बातचीत थी। बातचीत के मुख्य मुद्दे क्या रहे?– विदेश सचिव मिसरी ने बताया कि पीएम मोदी ने आतंकवाद पर भारत के पक्ष को रखा। दोनों नेताओं के बीच भारत पाकिस्तान के बीच पहलगाम आतंकी हमले के बाद हुए तनाव पर भी चर्चा हुई। मिसरी ने बताया कि आतंकवाद के खिलाफ भारत का ऑपरेशन सिंदूर जारी है और इस पर भी पीएम मोदी की ट्रंप से बात हुई है। दोनों नेताओं के बीच इजरायल-ईरान तनाव पर भी चर्चा हुई। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि भारत ने किसी की मध्यस्थता स्वीकार नहीं की है। अमेरिका से सीजफायर पर कोई बात नहीं हुई। भारत नहीं चाहता किसी तीसरे पक्ष की दखल-विदेश सचिव ने कहा कि पीएम मोदी ने यह दोहराया कि ऑपरेशन सिंदूर पूरी तरह आतंकवाद के खिलाफ भारत की सैन्य कार्रवाई है, और इसका व्यापार या कूटनीतिक समझौतों से कोई लेना-देना नहीं है। पाकिस्तान के कहने पर ही भारत ने अस्थायी सीजफायर का कदम उठाया था। मोदी ने यह भी स्पष्ट किया कि अब भारत आतंकवादी गतिविधियों को 'प्रॉक्सी वॉर' नहीं, बल्कि सीधा युद्ध मानकर उसका जवाब देगा।

पाकिस्तान को गोले से मिलेगा जवाब – पीएम मोदी-प्रधानमंत्री मोदी ने ट्रंप को बताया कि 22 अप्रैल के बाद भारत ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह स्पष्ट कर दिया था कि वह आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा। 6-7 मई की रात भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में सिर्फ आतंकी ठिकानों को ही निशाना बनाया। मोदी ने कहा कि भारत अब पाकिस्तान की हर गोली का जवाब गोले से देगा।

**कनाडा के साथ संबंध सुधरेंगे**– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कनानास्किस में आयोजित जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान मार्क कार्नी से मुलाकात की है। इस मीटिंग( शेष पृष्ठ दो पर )

# पुलिया तोड़ नीचे गिरी कार में लगी आग, एक ही परिवार के 5 लोग जिंदा जले




बुलंदशहर 18 जून (निस) यूपी के बुलंदशहर में सड़क हादसे में एक ही परिवार के 5 लोगों की जलकर मौत हो गई। तेज रफ्तार स्विफ्ट कार पुलिया तोड़ते हुए सड़क किनारे 5 फीट नीचे खाई में गिर गई। गिरते ही कार में आग लग गई। कार में बैठे 6 में से 5 लोग जिंदा जल गए। कार सवार केवल एक महिला ही बच पाई। हादसे के बाद चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने कार का शीशा तोड़कर महिला को बाहर निकाला। तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया था, जिससे अन्य लोगों को नहीं बचा सके। जानकारी के मुताबिक मृतकों में पति-पत्नी और उनका बेटा शामिल हैं। साथ ही पत्नी के भाई और उसकी पत्नी की भी हादसे में मौत हो गई। यह हादसा बुधवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे जानीपुर-चंदौस तिराहे के पास हुआ। परिवार बदायूं के चमनपुरा का रहने वाला था।( शेष पृष्ठ दो पर )

# अब 15 दिन में वोटर आईडी कार्ड देगा चुनाव आयोग




नई दिल्ली 18 जून (निस)मतदाताओं की सुविधा बढ़ाने के लिए एक बड़े कदम के रूप में भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) ने 18 जून को एक नई मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) शुरू की है, जो मतदाता सूची में किसी भी अपडेट के 15 दिनों के भीतर मतदाता फोटो पहचान पत्र (ईपीआईसी) की डिलीवरी सुनिश्चित करती है। यह नए नामांकित मतदाताओं और मौजूदा मतदाताओं दोनों पर लागू होता है जो अपने विवरण अपडेट करते हैं। नई शुरू की गई प्रणाली में ईपीआईसी की वास्तविक समय ट्रैकिंग शामिल है, जो निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) द्वारा कार्ड बनाने के क्षण से शुरू होकर डाक विभाग (डीओपी) के माध्यम से इसकी डिलीवरी तक होती है। मतदाताओं को एसएमएस अलर्ट के माध्यम से प्रत्येक चरण की सूचना दी जाएगी, जिससे पारदर्शिता और( शेष पृष्ठ दो पर )

# हरियाणा की फैक्ट्री से पकड़े गए 16 बांग्लादेशी, आधार भी बनवा लिया था

पानीपत 18 जून (निस) हरियाणा के पानीपत जिले में सीएम फ्लाइंग टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने पानीपत के गांव बलाना स्थित शिव फाइबर टैक्स इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री से 16 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा है। डीएसपी हेडक्वार्टर सतीश वत्स ने जानकारी देते हुए बताया कि सीएम फ्लाइंग की टीम द्वारा बांग्लादेशियों को पकड़ा गया है। ये लोग डेढ़ साल से यहां रह रहे थे। इनको डिपोर्ट करने की तैयारी भी डिपार्टमेंट द्वारा की जाएगी और जिन लोगों ने उनके भारतीय आधार कार्ड बनाए हैं, उनकी भी जांच की जाएगी और नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी। जांच में पता चला है कि कुछ बांग्लादेशी नागरिकों ने अवैध तरीके से भारतीय आधार कार्ड भी बनवा लिए थे। यह कार्रवाई केंद्र सरकार के आदेश पर की गई है। सरकार ने अवैध रूप से भारत में रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान के लिए सीएम फ्लाइंग टीम का गठन किया है। टीम द्वारा लगातार हरियाणा के अलग-अलग स्थानों पर रेड की जा रही है। इसी कड़ी में आज टीम ने पानीपत में रेड की। टीम ने फैक्ट्री में काम करने वाले सभी मजदूरों के पहचान पत्रों की जांच की, जिसके बाद पकड़े गए सभी बांग्लादेशी नागरिकों को थाना इसराना ले जाया गया। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। गौरतलब है( शेष पृष्ठ दो पर )

# फास्टैग को लेकर नितिन गडकरी का बड़ा ऐलान, अब 3,000 रुपये में मिलेगा वार्षिक पास



नई दिल्ली 18 जून (निस): केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने घोषणा की कि 15 अगस्त, 2025 को 3,000 रुपये की कीमत वाला एक नया फास्टैग-आधारित वार्षिक पास लॉन्च किया जाएगा, जिससे गैर-वाणिज्यिक वाहनों के लिए देश के राजमार्ग नेटवर्क पर निर्बाध यात्रा की सुविधा मिल सकेगी। बुधवार को घोषित इस पहल का उद्देश्य राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रियों की सुविधा बढ़ाना है। एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर घोषणा को साझा करते हुए, गडकरी ने कहा कि परेशानी मुक्त राजमार्ग यात्रा की दिशा में एक परिवर्तनकारी कदम में, हम 3,000 रुपये की कीमत वाला फास्टैग-आधारित वार्षिक पास पेश कर रहे हैं, जो 15 अगस्त 2025 से प्रभावी होगा। गडकरी ने कहा कि सक्रियण की तारीख से एक वर्ष के लिए या 200 यात्राओं तक- जो भी पहले हो- वैध- यह पास विशेष रूप से गैर-व्यावसायिक निजी वाहनों जैसे कार, जीप और वैन के लिए डिज़ाइन( शेष पृष्ठ दो पर )

## देश में कोरोना के 6483 सक्रिय केस, बीते 24 घंटे में 4 मौतें

नई दिल्ली 18 जून (निस) देश में कोरोना के नए वैरिएंट से मरने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। बीते 24 घंटे में 4 मौतें हुई हैं। महाराष्ट्र में 2 और दिल्ली, केरल में 1-1 मरीज की मौत हुई है।स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, जनवरी 2025 से अब तक कोरोना से 113 की मौत हुई है। मरने वालों की संख्या सबसे ज्यादा केरल में 36 और महाराष्ट्र में 31 है। वहीं दिल्ली में भी 13 मौतें हुई हैं।देश के 32 राज्य-केंद्रशासित प्रदेशों में कोरोना के 6483 सक्रिय केस हैं। सबसे ज्यादा केरल में 1384 मामले हैं।( शेष पृष्ठ दो पर )

# कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड की 82वीं बैठक आयोजित

## कुरुक्षेत्र में चलेंगी इलेक्ट्रिक बस, महाभारत की थीम पर बनेंगे गेट और चौक

## सरकार का उद्देश्य धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर को वैश्विक स्तर पर पहचान मिले- मुख्यमंत्री



चंडीगढ़, 18 जून (अमृतपाल सिंह) धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर को वैश्विक स्तर पर पहचान मिले, इसके लिए लगातार सरकार प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड की 82वीं बैठक आज राज्यपाल एवं बोर्ड अध्यक्ष श्री बंडारू दत्तात्रेय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस बैठक में हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी बतौर उपाध्यक्ष शामिल हुए। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री विपुल गोयल भी उपस्थित रहे। राज्यपाल एवं बोर्ड अध्यक्ष श्री बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि देशभर में कुरुक्षेत्र की विस्तृत पहचान बने, इसके लिए सभी को मिलजुल कर प्रयास करने होंगे। कुरुक्षेत्र का एक बड़ा धार्मिक महत्व है, ऐसे में एक भव्य अध्यात्मिक नगरी के रुप में इसके विस्तार को लेकर हमारी परिकल्पना होनी चाहिए। इसके बोर्ड में देश भर के विद्वान एवं प्रतिष्ठित लोगों को जोड़ा जाना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि 48 कोस के अंतर्गत आने वाले तीर्थ स्थलों को लेकर साल में कम से कम 48 उत्सव इन गांवों में मनाने चाहिए। इनमें जनप्रतिनिधियों की भागीदारी के साथ साथ जिन गांवों में ये तीर्थ स्थल है, उनकी सहभागिता भी जोड़ी जाए। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर को वैश्विक स्तर पर पहचान मिले। उन्होंने कहा कि ऐसी व्यवस्था की जाएं कि अगर कोई यहां आएं तो उसे एहसास हो कि वो उस पवित्र धरा पर आया हैं जो महाभारत के इतिहास से जुड़ी( शेष पृष्ठ दो पर )




## पृष्ठ एक का शेष...

**जी-7 के मंच से पीएम मोदी का स्पष्ट संदेश-गोली का ...** के बाद कई अहम फैसलों पर सहमति बनी है। भारत और कनाडा ने राजनयिक संबंधों को दोबारा बहाल करने और नए उच्चायुक्त नियुक्त करने पर सहमति जताई है। अब उम्मीद की जा रही है कि भारत और कनाडा के बीच रिश्ते बेहतर होंगे और दोनों देश इसी दिशा में काम करेंगे। कनाडाई प्रधानमंत्री कार्यालय के मुताबिक दोनों नेताओं ने दोनों देशों के नागरिकों के लिए राजनयिक सेवाओं को सामान्य करने और पिछले साल निष्कासन के बाद से खाली पड़े प्रमुख राजनयिक पदों पर नई नियुक्तियों के साथ आगे बढ़ने पर सहमति जताई गई है।वहीं इस बैठक के बाद पीएम मोदी ने जी7 समिट के सफल आयोजन के लिए मार्क कार्नी और कनाडा को बधाई दी है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के साथ शानदार बैठक हुई जी-7 शिखर सम्मेलन की सफल मेजबानी के लिए उन्हें और कनाडा सरकार को बधाई दी। उन्होंने आगे लिखा, भारत और कनाडा लोकतंत्र और कानून के शासन में दृढ़ विश्वास से जुड़े हुए हैं। प्रधानमंत्री कार्नी और मैं भारत-कनाडा संबंधों को गति देने के लिए मिलकर काम करने के लिए तत्पर हैं। बता दें बीते कई महीनों से कनाडा के साथ संग रिश्ते निचले स्तर पर पहुंच गए थे। ऐसे में राजनयिकों और उच्चायुक्तों की नियुक्ति संबंधों को बेहतर करने की दिशा में एक अहम कदम है। जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कार्नी के बीच द्विपक्षीय बैठक के बाद कनाडाई प्रधानमंत्री की ओर से इन फैसलों की घोषणा की गई। बता दें कि कनाडा की सरकार ने बिना किसी सबूत के भारतीय अधिकारियों पर खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की साजिश में शामिल होने का आरोप लगाया था। इसके बाद 2023 में कनाडा ने छह भारतीय राजनयिकों और वाणिज्य दूतावास अधिकारियों को निष्कासित कर दिया था। भारत ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए जवाबी कार्रवाई में कनाडा के उच्चायुक्त और पांच अन्य राजनयिकों को निष्कासित कर दिया था। कनानास्किस(ईएमएस)। कनाडा के कनानास्किस में आयोजित जी-7 आउटरीच सत्र को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की सख्त नीति को दोहराया और इस वैश्विक खतरे के खिलाफ एकजुट होकर निर्णायक कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि वैश्विक शांति और समृद्धि के लिए हमारी सोच और नीति स्पष्ट होनी चाहिए- यदि कोई देश आतंकवाद का समर्थन करता है, तो उसे इसकी कीमत चुकानी होगी। उन्होंने यह भी कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय की कार्रवाई में दोहरा मापदंड नहीं होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा, एक ओर हम अपनी पसंद के अनुसार विभिन्न प्रकार के प्रतिबंध जल्दी से लगा देते हैं, वहीं दूसरी ओर जो देश खुलेआम आतंकवाद का समर्थन करते हैं, उन्हें पुरस्कृत किया जाता है। यह दोहरी नीति बंद होनी चाहिए।

### फास्टैग को लेकर नितिन गडकरी का बड़ा ऐलान,

... किया गया है। इस पहल का उद्देश्य निजी वाहन मालिकों के लिए राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रा को सुगम और अधिक किफायती बनाना है। यह पास सड़क परिवहन प्रणालियों को डिजिटल बनाने और सुव्यवस्थित करने के सरकार के व्यापक प्रयासों का हिस्सा है, साथ ही यह राजमार्गों का लगातार उपयोग करने वालों को वित्तीय राहत और लचीलापन भी प्रदान करता है। गडकरी ने आगे कहा कि उपयोगकर्ता जल्द ही राजमार्ग यात्रा ऐप पर उपलब्ध एक समर्पित लिंक का उपयोग करके वार्षिक पास को सक्रिय और नवीनीकृत कर सकेंगे, साथ ही भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइटों के माध्यम से भी। उन्होंने कहा कि वार्षिक पास पूरे देश में राष्ट्रीय राजमार्गों पर निर्बाध और लागत प्रभावी यात्रा को सक्षम करेगा। सक्रियण और नवीनीकरण के लिए एक समर्पित लिंक जल्द ही राजमार्ग यात्रा ऐप के साथ-साथ NHAI और MoRTH की आधिकारिक वेबसाइटों पर उपलब्ध कराया जाएगा। यह नीति 60 किलोमीटर की सीमा के भीतर स्थित टोल प्लाजा के बारे में लंबे समय से चली आ रही चिंताओं को दूर करती है और एकल, किफायती लेनदेन के माध्यम से टोल भुगतान को सरल बनाती है।

**सूचना**

सभी पाठकों को सूचित किया जाता है कि किसी कारणवश यदि भारत देश हमारा व चड़दीकला समाचारपत्र आपको नियमित रूप से नहीं मिल रहा है तो कृपया नीचे दिए फोन नंबर पर संपर्क करें।

**मोब: 9416406615**

**पाठकों हेतु आवश्यक सूचना**

समाचार-पत्र दैनिक भारत देश हमारा करनाल में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों की जिम्मेवारी नहीं लेता। हमारा समाचार पत्र इनको प्रमाणित नहीं करता। पाठकों से निवेदन है कि वे इन विज्ञापनों पर कार्रवाई करने से पूर्व तथ्यों की पुष्टि अवश्य कर लें।

**सूचना**

हरियाणा में चढ़दीकला टाईम टीवी न्यूज चैनल,भारत देश हमारा व रोजाना चढ़दीकला पंजाबी समाचार पत्र में पत्रकार बनने तथा विज्ञापन एवं समाचार देने के लिए संपर्क करे।

**कार्यालय: 15-ए, माल रोड़**
**नजदीक अम्बेडकर चौंक, करनाल**
**मोब: 9416406615**

**सदा आपके साथ**

जन्मदिन,विवाह वर्षगांठ,संयुक्त परिवार और ग्रुप सैल्फी (2 से अधिक)की फोटो हमें भेजें।
**नोट:**मेल में नाम पता व मोबाईल नंबर जरूर लिखें।
सभी सेवाएं निशुल्क है।
**E-mail chardikla.hr@gmail.com**
**Whatsapp: 9896359037,8307425115**

**आवश्यक सूचना**

दैनिक पंजाबी चढ़दीकला एवं हिन्दी दैनिक भारत देश हमारा समाचार-पत्र में खबरें एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
कार्यालय 26 ग्रीनपार्क तहसील टाऊन पानीपत।
**मोब: 9215537704,7206600325,7206300081**

कृष्ण कुमार सन्धु,सम्पादक,पब्लिशर व श्रीमती सुमन लता प्रिंटर ने दैनिक भारत देश हमारा जेएसडी पब्लिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मोर्चा प्रिंटर्स, एससीओ 3-4, चौंक दुखनिवारण साहिब ,सरहिंद रोड पटियाला के कीपर जगजीत सिंह दर्दी से छपवा कर कार्यालय दैनिक भारत देश हमारा, 15-ए,माल रोड, करनाल से प्रकाशित किया( सम्पादक - कृष्ण कुमार सन्धु )
PRGI (RNI) Regd. No.HARHIN/2017/74227

### दिल्ली में क्लासरुम निर्माण घोटाले को लेकर

... सरकार के तात्कालीन मंत्रियों के खिलाफ भी आरोप हैं। इन पर दिल्ली के अलग-अलग स्कूलों में अतिरिक्त क्लासरूम बनाने के दौरान घोटाले और गड़बड़ी करने का आरोप है।

### पुलिया तोड़ नीचे गिरी कार में लगी आग, ...

सभी स्विफ्ट कार से दिल्ली जा रहे थे। पुलिस के मुताबिक हादसे में मोमिना (24), उनके पति जुबैर (30), दो साल के बेटे जैनुल, मोमिना के भाई तनवीज (26) और उनकी पत्नी निदा (23) की मौत हो गई। मोमिना की बहन गुलनाज गंभीर रूप से घायल है। गुलनाज को अस्पताल में भर्ती कराया है। बताया जा रहा है कि परिवार बदायूं से शादी समारोह से लौट रहा था। तनवीज के बहनोई ने बताया कि बदायूं के सहसवान तहसील के चंद्रपुरा गांव में तनविज का पैतृक घर है। 16 जून को तनविज के चाचा अलीम का निकाह था। इसमें शामिल होने पूरा परिवार 15 जून को दिल्ली से बदायूं आया था। बुधवार सुबह साढ़े तीन बजे परिवार स्विफ्ट कार से दिल्ली रवाना हुआ था। कार जुबैर की थी, जिसे तनवीर चला रहा था। जुबैर कार के अगली सीट पर बैठा था। बाकी सभी महिलाएं कार की पिछली सीटों पर बैठी थीं। एसपी देहात ने बताया कि चांदौक दोराहे के पास कार चालक को झपकी आ गई, जिससे कार बेकाबू हो गई और पुलिया तोड़ते हुए सड़क किनारे करीब 5 फीट नीचे गिर गई। गिरते ही कार में भीषण आग लग गई, जिसमें सभी की मौत हो गई। हादसे में सिर्फ एक महिला बची है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने कार में लगी आग बुझाई। इसके बाद पुलिस ने क्रेन बुलवाकर कार को बाहर निकलवाया। इंस्पेक्टर जहांगीराबाद ने बताया गाड़ी पलटते ही आसपास के लोग दौड़कर पहुंचे। एक महिला पीछे की सीट पर बैठी थी। उसे शीशा तोड़कर बाहर निकाला, लेकिन जब तक दूसरों को निकालते, तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया था। लपटें इतनी तेज थीं कि कोई भी पास जाने की हिम्मत नहीं कर सका। महिला की आंखों के सामने ही उसके परिवार के लोग जिंदा जल गए। वह चीखती रही। जुबैर के रिश्तेदार ने बताया कि तनवीज और जुबैर दिल्ली में पेंटिंग का काम करते थे। तनवीज तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। उसकी शादी डेढ़ साल पहले ही हुई थी। अब तक उसकी कोई संतान नहीं थी। वहीं जुबैर और मोमिना के दो बच्चे थे। हादसे में बेटे जैनुल की मौत हो गई। अब परिवार में चार साल की बेटी बची है।

### हरियाणा की फैक्ट्री से पकड़े गए 16 बांग्लादेशी, आधार...

कि हरियाणा के नूंह, गुरुग्राम सहित कुछ जिलों में बांग्लादेशियों के अलावा, रोहिंग्या मुस्लमान भी रह रहे हैं। यह कार्रवाई मंगलवार को की गई। पकड़े गए लोगों को पुलिस इसराना थाने लेकर गई और उनसे पूछताछ की गई। जानकारी के अनुसार, टीम के साथ गुप्तचर विभाग पानीपत और स्थानीय पुलिस भी मौजूद थी। फैक्ट्री की रिहायशी कॉलोनी से पकड़े गए लोगों में 9 पुरुष, 4 महिलाएं और 3 बच्चे शामिल हैं।

### देश में कोरोना के 6483 सक्रिय केस, ...

गुजरात में 1105 और पश्चिम बंगाल में 747 सक्रिय केस हैं।वहीं उत्तर प्रदेश सरकार ने कोविड-19 के बढ़ते मामलों को देखकर सावधानी बरतने का निर्देश जारी किया है। प्रमुख स्वास्थ्य अधिकारियों ने सभी अस्पतालों को जरूरी दवाएं, पीपीई किट, जांच सुविधाएं, आइसोलेशन बेड, ऑक्सीजन सिलेंडर, आईसीयू और वेंटिलेटर जैसी सुविधाओं को तैयार रखने को कहा है।वहीं नगालैंड में कोरोना का पहला केस सामने आया। दीमापुर में केस दर्ज हुआ है। स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि मरीज में हल्के लक्षण हैं और वह फिलहाल घर में आइसोलेशन में है। डॉक्टर उसकी कड़ी निगरानी कर रहे हैं। इसके अलावा कर्नाटक गुलबर्गा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज ने में 25 बेड का कोविड वार्ड बनाया गया है। इनमें से पांच-पांच बेड आईसीयू( वेंटिलेटर समेत), हाई डिपेंडेंसी यूनिट और पांच प्रेग्नेंट महिलाओं के लिए हैं। बाकी 10 नॉर्मल बेड हैं।

### अब 15 दिन में वोटर आईडी कार्ड देगा चुनाव

... बेहतर सेवा संचार सुनिश्चित होगा। इस पहल का समर्थन करने के लिए, ECI ने अपने ECINet प्लेटफ़ॉर्म पर एक समर्पित IT मॉड्यूल लॉन्च किया है। यह प्लेटफ़ॉर्म मौजूदा EPIC जारी करने की प्रक्रिया को प्रतिस्थापित और सुव्यवस्थित करेगा, जिसमें निर्बाध और कुशल कार्ड वितरण के लिए DoP के एप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफ़ेस (API) को शामिल किया जाएगा।

### तानाशाही खामेनेई का अंत नजदीक-इजराइल, वहीं ...

अंजाम बेहद गंभीर होगा, जिसकी भरपाई अमेरिका कभी नहीं कर पाएगा।

ट्रंप की धमकियों पर खामेनेई का करारा जवाब-पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान से 'बिना शर्त आत्मसमर्पण' की मांग की थी और दावा किया था कि अमेरिका को पता है खामेनेई कहां छिपे हैं, लेकिन अभी उन्हें मारने का इरादा नहीं है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए खामेनेई ने कहा, जो लोग ईरान के इतिहास से वाकिफ हैं, वो धमकियों की भाषा नहीं बोलते।

**ईरानी जनता को सराहा, ट्रंप की शर्तों के आगे नहीं झुकेंगे**

खामेनेई ने ईजराइली हमलों के बावजूद ईरानी जनता के संयम और साहस की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह देश की असली ताकत है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ईरान किसी जबरदस्ती थोपे गए युद्ध के आगे झुकेगा नहीं और न ही किसी दबाव में शांति समझौता स्वीकार करेगा।

**इजराइल को भी चेतावनी-रेड लाइन पार करने की सजा मिलेगी**

इजराइली ड्रोन द्वारा ईरानी हवाई क्षेत्र में घुसपैठ पर खामेनेई ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, यह ईरान की रेड लाइन है, और जो इसे पार करेगा, उसे माफ नहीं किया जाएगा। इजराइल को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। खामेनेई ने नागरिकों से अपील की कि वे इस संकट की घड़ी में एकजुट रहें। उन्होंने कहा कि शहीदों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा और ईरान की सैन्य शक्ति देश को आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनाए रखेगी।

अमेरिका कर रहा है सैन्य विकल्पों पर विचार-इस बीच अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, राष्ट्रपति ट्रंप और उनके सलाहकार ईरानी परमाणु ठिकानों पर संभावित सैन्य हमले को लेकर इजराइल के साथ मिलकर रणनीति बना रहे हैं। हालांकि, अभी कोई आधिकारिक फैसला नहीं लिया गया है। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के प्रतिनिधि अली बहरैनी ने अमेरिका को चेतावनी दी है कि अगर उसने सीधे सैन्य कार्रवाई की, तो ईरान भी पूरी ताकत से जवाब देगा। उन्होंने अमेरिका को पहले से ही इजराइल के हमलों का साझेदार बताया है।

# परिवार पहचान पत्र की गड़बड़ी से गरीबों का राशन कार्ड काटा गया

**9 जुलाई को उपायुक्त कार्यालय पर होगा विशाल प्रदर्शन**

बरवाला, 18 जून (प्रवीन कुमार): परिवार पहचान पत्र में की जा रही गड़बड़ियों के कारण कई गरीब परिवारों के राशन कार्ड बिना किसी गलती के काट दिए गए हैं। पहचान पत्र में किसी अन्य व्यक्ति की गाड़ी का विवरण जोड़ दिया गया, जिससे पात्र लाभार्थियों को राशन से वंचित कर दिया गया। इससे नाराज़ मजदूर वर्ग अब सरकार और प्रशासन के विरुद्ध आंदोलन की तैयारी कर चुका है। आगामी 9 जुलाई को पंचकूला उपायुक्त कार्यालय के बाहर एक विशाल प्रदर्शन किया जाएगा। कर्मचारी संघ (सीटू) के जिला सचिव लच्छी राम शर्मा ने जानकारी दी कि दिनांक 18 जून को प्रभावित लोग पंचकूला की अतिरिक्त उपायुक्त से मिलने पहुँचे, परंतु वह कार्यालय में उपस्थित नहीं थीं। इस अवसर पर जिन लोगों ने शिकायत दर्ज करवाई उनमें शामिल रहे।



**इन लोगों ने सौंपी डी.सी को शिकायत :** 1. किशोरी लाल (गांव गझान), 2. सतपाल (गांव खरोग), 3. रामेश्वर व मुनेश (गांव बतौड़), 4. मंजीत (गांव समलेहड़ी), 5. गुरनाम (गांव प्लसरा), 6. विक्रम (गांव खेतपुराली) इन सभी ने अपनी शिकायतें लिखित रूप में डी.सी कार्यालय के निजी सहायक को सौंप दीं।

**जनता हो रही परेशान :** लच्छी राम शर्मा ने बताया कि हम कई बार सरकार और प्रशासन को लिखित रूप में अवगत करवा चुके हैं कि परिवार पहचान पत्र की गलतियों के कारण आम जनता परेशान है, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि सरकार ने चुनावों के समय हर किसी का राशन कार्ड तो बना दिया, परंतु अब बिना जांच के फर्जी आधारों पर राशन कार्ड रद्द किए जा रहे हैं।

**मजदूरी करके तीन बेटियों का पालन-पोषण करता हूं :** खरोग गांव के सतपाल ने बताया कि वह मज़दूरी करके तीन बेटियों का पालन-पोषण करता है। जब वह राशन लेने गया तो डिपो संचालक ने बताया कि उसका राशन कार्ड बंद कर दिया गया है। आधार केंद्र (सी.एस.सी. केंद्र) से जानकारी मिली कि उसकी पारिवारिक पहचान में एक गाड़ी एच.आर. 03 एम 5026 दर्ज है, जो कि सेक्टर 14, पंचकूला पते पर पंजीकृत है। सतपाल का इस वाहन से कोई संबंध नहीं है।

**वाहन दिखाकर रद्द किया राशन कार्ड :** गांव गझान के किशोरी लाल ने बताया कि वह दिहाड़ी मज़दूर है, लेकिन उसकी पत्नी हरदेवी के नाम पर फर्जी वाहन दिखाकर राशन कार्ड रद्द कर दिया गया। लच्छी राम शर्मा ने बताया कि वे अब तक पांच बार अतिरिक्त उपायुक्त को ज्ञापन सौंप चुके हैं, लेकिन केवल आश्वासन ही मिलते हैं। जब श्रम विभाग (ए.एल.सी. कार्यालय) में जानकारी लेते हैं तो उत्तर मिलता है कि कोई अनुरोध लंबित नहीं है। उन्होंने कहा कि गरीबों को केवल कार्यालयों के चक्कर कटवाए जा रहे हैं। समाधान शिविर महज़ औपचारिकता बनकर रह गए हैं, समस्याओं का कोई स्थायी समाधान नहीं हो रहा। उन्होंने यह भी बताया कि निर्माण मज़दूरों की पारिवारिक पहचान में निर्माण श्रमिक का विवरण नहीं जोड़ा गया है, जिससे वे श्रमिक कल्याण बोर्ड की योजनाओं का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। कई मज़दूरों ने आठ महीने पूर्व आवेदन किया था, परंतु अब तक स्वीकृति नहीं मिली। लच्छी राम शर्मा ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने जल्द ही इन गलतियों को ठीक नहीं किया, तो 9 जुलाई को पात्र लाभार्थी पंचकूला उपायुक्त कार्यालय के सामने ज़बरदस्त विरोध प्रदर्शन करेंगे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानकपुर में मास जून 2025 को एंटी मलेरिया मास के रूप में मनाया जा रहा

**पिंजौर, 18 जून ( अजीत सिंह/अख्तर फ़ारूक़ी ) :** मास जून 2025



को एंटी मलेरिया मास के रूप में मनाते हुए 18 जून को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानकपुर में सोर्स रिडक्शन एक्टिविटी कराई गई । निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं मलेरिया हरियाणा पंचकूला व सिविल सर्जन पंचकूला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रधान डॉ मनीष गर्ग क आदेश अनुसार नानकपुर के एरिया मे सोर्स रिडक्शन का कार्य करवाया गया । मास जून 2025 से 8 वालंटियर ब्रीडर चेकर भर्ती किए गए हैं । यह वालंटियर ब्रीडर चेक कर लगातार बनाए गए अग्रिम प्रोग्राम के अनुसार मार्च जून 2025 को मलेरिया मास मनाते हुए लोगों के घरों में जाकर कूलर, टंकी ,होदी, टायर, टूटे-फूटे डिब्बे, छत पर रखी पानी की टंकी चेक करने के साथ लोगों को इन बीमारियों की जानकारी व बचाव के बारे में बता रहे हैं । लोगों को मलेरिया डेंगू के पंपलेट भी बांटे जा रहे हैं तथा ग्रुप मीटिंग भी की जा रही है । यदि लोगों के घरों में मच्छर का लारवा मिलता है तो उनको नोटिस भी दिए जा रहे हैं । सोर्स रिडक्शन एक्टिविटी का एरिया वाइज अग्रिम प्रोग्राम बनाकर पहले ही सिविल सर्जन कार्यालय पंचकूला में भेज दिया जाता है । 18 जून को सीएससी नानकपुर के प्रधान डॉ मनीष गर्ग के दिशा निर्देशों से सुशील कुमार हेल्थ इंस्पेक्टर की देखरेख में गांव मोहल्ले वाली चरनियां जोलवल टांडा जोलवल में सोर्स रिडक्शन एक्टिविटी करवाई गई।

## निपुण हरियाणा मिशन के तहत पांच दिवसीय एफ.एल.एन. प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

**रायपुररानी, 18 जून ( देवेन्द्र सिंह ) :** राजकीय कन्या उच्च विद्यालय रायपुररानी में निपुण हरियाणा मिशन के तहत खंड स्तरीय पांच दिवसीय फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमरेसी प्रशिक्षण शिविर का भव्य आयोजन



किया गया। शिविर का संचालन खंड शिक्षा अधिकारी रमेश बत्रा और विद्यालय की मुख्याध्यापिका सुदेश रानी के कुशल नेतृत्व में किया गया। प्रशिक्षण शिविर में खंड रायपुररानी के 79 प्राथमिक शिक्षकों ने भाग लिया, जिन्हें दो बैचों में विभाजित कर नवीनतम शिक्षण विधियों का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर खंड एवं जिला स्तर के शिक्षा अधिकारियों और विषय विशेषज्ञों ने शिक्षकों को व्यावहारिक गतिविधियों और वैदिक तकनीकों के माध्यम से बच्चों के शिक्षण स्तर को बेहतर बनाने के लिए मार्गदर्शन दिया। जानकारी देते हुए खंड शिक्षा अधिकारी रमेश बत्रा ने कहा कि निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत यह प्रशिक्षण शिविर शिक्षकों के लिए अत्यंत लाभकारी रहा। इसका उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि शिक्षकों को व्यवहारिक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों की नींव को मजबूत करने में सक्षम बनाना है। हमें विश्वास है कि प्रशिक्षित शिक्षक अब अपने विद्यालयों में इन तकनीकों को लागू कर बच्चों के अधिगम स्तर में महत्वपूर्ण सुधार लाएंगे। कार्यक्रम समापन के दौरान सभी शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। इस मौके पर एबीआरसी देवेंद्र गुप्ता, अशोक कुमार, बीआरपी शोभना, गुरुसेवक, छवि, कृष्णा, सीमा, अनुपमा चौधरी और हरप्रीत ने प्रशिक्षकों में अहम भूमिका निभाई।

### कुरुक्षेत्र में चलेंगी इलेक्ट्रिक बस, महाभारत की थीम पर ...

है। इसके लिए यहां पर धार्मिक और पर्यटन के नजरिये से हमें पर्यटकों के लिए आधुनिक व्यवस्थाएं करनी होगीं। बैठक के दौरान बोर्ड के पदाधिकारियों और अधिकारियों के समक्ष कुरुक्षेत्र के विकास के पहलुओं को लेकर चर्चा हुई, जिसमें सफाई व्यवस्था, सरोवर के रख रखाव, नवीनीकरण और ट्रांसपोर्टेशन की व्यवस्था करने के साथ साथ मेला एरिया में विकास को लेकर चर्चा हुई है। बैठक में अलग अलग स्थानों पर चल रहे विकास कार्यो की समीक्षा की गई, साथ ही प्रोजेक्ट्स में तेजी लाने के निर्देश भी दिए गए।

**महाभारत की थीम आएगी नजर** - बैठक में धर्मनगरी कुरुक्षेत्र के समग्र विकास को लेकर कई पहलुओं पर चर्चा हुई है। खास तौर पर मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र में चौक और प्रवेश द्वार को चिन्हित करने के निर्देश भी दिए है। इन्हें महाभारत की थीम का रुप दिया जाएगा। ज्योतिसर की तरफ से आने वाले रास्ते पर लगे सुदर्शन चक्र को भी दोबारा बनाया जाएगा। जिसमें लाइटिंग करने के साथ साथ भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा भी स्थापित होगी। साथ ही बैठक में ब्रहमसरोवर के प्रवेश द्वार के नाम भी तय करने बारे चर्चा हुई। ज्योतिसर तीर्थ परिसर के आस—पास ग्रीनरी की व्यवस्था करने के भी संबंधित विभाग को निर्देश दिए गए है। इसके अलावा पूरे शहर के पेंटिंग और रेलवे ब्रिज के नजदीक भी श्लोक इत्यादि लिखने बारे भी बैठक में चर्चा हुई है।

**इलेक्ट्रिक बसें चलेंगी, पास भी बनेंगे** - कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड की बैठक में निर्णय हुआ है कि कुरुक्षेत्र में इलेक्ट्रिक बस चलाई जाएंगी। इन बसों को 48 कोस के अंतर्गत आने वाले तीर्थों के साथ कनेक्ट किया जाएगा। बसों के अंदर रुट मैप भी लगाया जाएगा, साथ ही डेलीवेज पास की व्यवस्था भी रहेगी। बैठक में मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए गए है कि डेलीवेज पास ना सिर्फ बस में चलेंगे साथ ही कुरुक्षेत्र में बने अलग अलग स्थलों पर भी एंट्री पास के रुप में भी काम आ सकेंगे। इसके साथ ही बैठक में 48 कोस के बारे में बताया गया कि बोर्ड के अधिकारियों की कमेटी द्वारा 48 कोस कुरुक्षेत्र भूमि में पहले चिन्हित 164 तीर्थ स्थलों के अतिरिक्त अब 18 नए तीर्थो के सर्वेक्षण का कार्य पूरा कर लिया है। इन स्थलों पर होने वाले निर्माण के डिजाइन इत्यादि को लेकर एक पीपीटी भी दिखाई गई, जिसमें विस्तार से बताया गया कि इनका डिजाइन एक तरह का होगा, साथ ही इस्तेमाल होने वाले रंग, प्रवेश द्वार, पार्क, हॉल इत्यादि भी एक प्रकार के ही बनेंगे।

**4 इंफॉर्मेशन सेंटर बनाने के निर्देश** - धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में आने वाले तीर्थ यात्रियों अथवा पर्यटकों को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो, इसके लिए बकायदा 4 इंफॉर्मेशन सेंटर के कार्य को 15 अक्टूबर तक पूरा करने के निर्देश दिए गए है। यह सेंटर पिपली के बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन तथा ज्योतिसर में रेलवे स्टेशन और केडीबी पर बनेंगे। इन सेंटर्स के जरिए कोई भी व्यक्ति कुरुक्षेत्र के बारे में कुछ भी जान सकेंगे। बकायदा इनके पास कुरुक्षेत्र की जानकारी मुहैया करवाने वाले पोस्टर एवं बुकलैट भी उपलब्ध रहेगी। जिनमें होटल, टूरिस्ट पैलेस, मुख्य जानकारी सहित कई पहलुओं का समावेश होगा।

**इतिहास से करवाया जाएगा रूबरू** - बैठक के दौरान कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष एवं हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि यहां स्थापित होने वाली प्रतिमा तथा ऐतिहासिक स्थलों के पास बोर्ड भी लगाना सुनिश्चित किया जाएं। इन बोर्ड पर उस एरिया के इतिहास का उल्लेख हो। जैसे अगर वहां बाण गंगा की प्रतिमा है तो बताया जाए कि इसके पीछे का इतिहास क्या है। साथ ही ऐसे ही भीष्म कुंड तथा अन्य जगहों को चिन्हित कर उनके सौंदर्यीकरण के साथ साथ इस प्रकार के पहलुओं को अंकित किया जाएं।बैठक के दौरान गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद ने कहा कि धर्मनगरी कुरुक्षेत्र को भव्य रूप देने के लिए हम सब मिलकर प्रयास कर रहे है। उन्होंने इंदौर का उदाहरण देते हुए कहा कि यहां की सफाई व्यवस्था को लेकर भी वैसे प्रयास किये जाने चाहिए, ताकि स्वच्छता की रैकिंग में इसका भी स्थान आएं। साथ ही उन्होंने कहा कि गीता महोत्सव को लेकर ग्लोबल पार्टनर के रूप में जापान को साथ जोड़ा जा सकता है। उन्होंने सुझाव दिया कि ग्लोबल गीता सब्मिट का भी प्रदेश में आयोजन होना चाहिए, जिसमें विश्वभर से स्कॉलर आएं। बैठक में कुरुक्षेत्र से सांसद श्री नवीन जिंदल वीडिया कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। इस दौरान विधायक श्री अशोक अरोड़ा, मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी, गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ सुमिता मिश्रा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री अरूण गुप्ता, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ साकेत कुमार, कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के सदस्य सचिव श्री विकास गुप्ता, मुख्यमंत्री के ओएसडी श्री भारत भूषण भारती, कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के सीईओ श्री पंकज सेतिया, श्री उपेंद्र सिंघल, डॉ ऋषिपाल मथाना, श्री मदन मोहन छाबड़ा भी मौजूद थे।

# युवा शक्ति के बगैर न देश चल सकता, न ये प्रदेश चल सकता है और न ही समाज आगे बढ़ सकता : सुदीप सुरजेवाला

**युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष व समस्त कार्यकारिणी ने अपनी जीत पर किसान भवन पहुंचकर किया सुरजेवाला का आभार व्यक्त**



कैथल, 18 जून (प्रवेश बहादुर): हरियाणा युवा कांग्रेस संगठन चुनाव में कैथल से युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष कविश मिड्ढा, जिला युवा महासचिव सरदार हरकीरत सिंह, कैथल युवा हल्काध्यक्ष अरुण राणा, कलायत युवा हल्काध्यक्ष प्रवीण कसान, पुंडरी युवा हल्काध्यक्ष जगमाल बरसाना और गुहला युवा हल्काध्यक्ष नपिंद्र पुनिया सहित चारों विधानसभा के ब्लॉक अध्यक्ष के सभी नवनिर्वाचित उम्मीदवारों ने आज किसान भवन पहुंचकर सुदीप सुरजेवाला से मुलाकात की और अपनी इस ऐतिहासिक जीत पर कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला, कैथल विधायक आदित्य सुरजेवाला व सुदीप सुरजेवाला का धन्यवाद व्यक्त किया। कांग्रेस नेता सुदीप सुरजेवाला ने किसान भवन पर पहुंचे जिला युवा कांग्रेस की कार्यकारिणी का स्वागत किया और उनकी इस ऐतिहासिक जीत पर उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की। किसान भवन पर कार्यकर्ताओं ने खुशी के इस अवसर पर लड्डू बांटकर व एक दूसरे का मुंह मीठा करवाकर इस खुशी को जाहिर किया। किसान भवन पर आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए सुदीप सुरजेवाला ने कहा कि हरियाणा युवा कांग्रेस संगठन चुनाव में जीतकर आए हरियाणा सहित कैथल के सभी साथियों को बहुत बहुत बधाई। सुदीप सुरजेवाला ने कहा कि युवा शक्ति ही राष्ट्र का निर्माण कर सकती है, प्रदेश का निर्माण कर सकती है।क्योंकि युवा शक्ति के बगैर ना ये देश चल सकता है, न ये प्रदेश चल सकता है और न ही समाज आगे बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि आज भाजपा सरकार के 11 साल के शासन में हरियाणा की जनता त्राहिमाम त्राहिमाम कर रही है। हरियाणा में अपार बेरोजगारी के कारण युवा रोजगार की तलाश में अपनी पुश्तैनी जमीन बेचकर विदेशों में पलायन कर रहे हैं। किसान, मजदूर व गरीब अपने आपको ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। हरियाणा का ऐसा कोई वर्ग नहीं बचा जो भाजपा सरकार के इस तानाशाही कुशासन से प्रताड़ित न हो। अब समय आ चुका है कि भाजपा के इस कुशासन की तानाशाही नीतियों को हर घर तक पहुंचाने की जरूरत आ चुकी है। अब इस निकम्मी व नाकारा सरकार को देश व प्रदेश का युवा सत्ता से बेदखल करके ही दम लेगा। हरियाणा प्रदेश में संगठन के सवाल पर सुदीप सुरजेवाला ने जवाब देते हुए कहा कि 11 साल से हरियाणा में कांग्रेस का संगठन न होना ही कांग्रेस का सत्ता में न होना है। अगर समय रहते हरियाणा कांग्रेस का संगठन बन जाता तो आज हरियाणा में पूर्ण बहुमत से कांग्रेस पार्टी सत्ता में होती। लेकिन देर आए दुरुस्त आए , आने वाले 15-20 दिनों में हरियाणा कांग्रेस का संगठन तैयार हो जाएगा और भाजपा सरकार को सत्ता से बाहर करने का काम करेगा। गौरतलब है कि हरियाणा युवा कांग्रेस के चुनाव की मेंबरशिप ऑनलाइन 10 जनवरी से 20 मार्च तक चली। उम्मीदवारों के नॉमिनेशन 20 दिसंबर से 5 जनवरी तक चले। इस चुनाव का परिणाम 16 जून को आया। जिलाध्यक्ष के पद पर रणदीप सिंह सुरजेवाला व आदित्य सुरजेवाला की तरफ से चुनाव में उतरे कविश मिड्ढा ने 2612 वोट और प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार करण सिंह ने 89 और अमन गुर्जर को सिर्फ 16 वोट प्राप्त हुए। कैथल युवा कांग्रेस के विजयी उम्मीदवार में जिलाध्यक्ष पद पर कविश मिड्ढा, जिला महासचिव पद पर सरदार हरकीरत सिंह हाबड़ी, कैथल हल्काध्यक्ष पद पर अरुण राणा, कलायत हल्काध्यक्ष पद पर प्रवीण कसान, गुहला हल्काध्यक्ष पद पर नपिंद्र पुनिया, पुंडरी हल्काध्यक्ष पद पर जगमाल बरसाना चुनाव जीतकर आए। इसके साथ ही कैथल, कलायत, पुंडरी और गुहला विधानसभा में भी ब्लॉक अध्यक्षों ने भी जीत दर्ज की। जिसमें कैथल विधानसभा के चारों ब्लॉक में क्योड़क ब्लॉक से अध्यक्ष पद पर विक्रम रुहल गुहणा, अर्बन 1 ब्लॉक से अध्यक्ष पद पर अमरजीत ओढ़, अर्बन 2 ब्लॉक से अध्यक्ष पद पर चिराग मित्तल और मुंदडी ब्लॉक अध्यक्ष पद पर रजनीश मेहला ने जीत दर्ज की। गुहला विधानसभा में भागल ब्लॉक से अध्यक्ष पद पर राजिंद्र मलिक, टटियाना ब्लॉक से अध्यक्ष पद पर हरजिंद्र हरनौली, भूना ब्लॉक से अध्यक्ष पद पर रविन्द्र राणा कसोर और सीवन ब्लॉक से अध्यक्ष पद पर गुरप्रीत गुर्जर डोहर ने जीत दर्ज की। कलायत विधानसभा में मटोर ब्लॉक से अध्यक्ष पद पर साहिल मौण और खरक पांडवा ब्लॉक से अध्यक्ष पद पर राजेश कैंदल सिसला ने जीत दर्ज की। पुंडरी विधानसभा में फतेहपुर ब्लॉक से अध्यक्ष पद पर कुशनपाल गुर्जर बरोट ने जीत दर्ज की।

# पार्टी की रीढ़ की हड्डी होते है युवा : बख्शीश सिंह विर्क

**असंध, 18 जून ( दलसिह मान ) :** युवा ही पार्टी की रीढ़ की हड्डी होते है। युवा कार्यकर्ता जितना मजबूत होगा,उतनी ही पार्टी मजबूत होगी। युवा वर्ग कांग्रेस पार्टी मे ही अपना भविष्य सुरक्षित समझ रहा है, अब




युवा वर्ग राहुल गांधी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने को तैयार है। उपरोक्त विचार पूर्व विधायक बख्शीश सिंह विर्क ने हरियाणा युवा कांग्रेस के चुनाव में ब्लॉक अध्यक्ष असंध बने जतिन बिंदल को मिठाई खिलाकर बधाई देते हुए कहे। नगर की नई अनाज मंडी में युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष जतिन बिंदल का पूर्व विधायक बख्शीश सिंह विर्क ने फुल मालाए पहनाकर स्वागत किया ।पूर्व विधायक ने ब्लॉक समिति उपचुनाव में नवनिर्वाचित ब्लॉक समिति सदस्य प्रतिनिधि आजाद सिंह बैनीवाल फफड़ाना को भी मिठाई खिलाकर बधाई दी । युवा अध्यक्ष जतिन बिंदल ने कहा कि पार्टी संगठन को मजबूत बनाने के लिए जो जिम्मेदारी लगाएगी उसे पूरा करने का काम करेगें और अधिक से युवाओं को पार्टी के साथ जोडेगें । उन्होंने कहा कि पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का काम करेगें। इस अवसर पर एमी ढिल्लो दनौली,राज झब्बर , जसबीर कालोका ,गौरा रत्तक, पूर्व पार्षद जगदीश गर्ग,राजीव? वैध , संजय दूहन , आजाद सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# रायपुररानी में बिना पुलिस वेरिफिकेशन के प्रवासियों का राज, ग्राम पंचायत और पुलिस बनी सोती हुई नानी

## मकान मालिकों की लालचभरी लापरवाही से दहशत में हैं स्थानीय लोग, प्रशासन बना तमाशबीन






**रायपुररानी,18 जून ( देवेन्द्र सिंह ):** रायपुररानी क्षेत्र में इन दिनों बिना पुलिस वेरिफिकेशन के प्रवासी खुलेआम रह रहे हैं और प्रशासन का काम सिर्फ मौन रहना बन गया है। ऐसा लगता है कि यहां की ग्राम पंचायत और पुलिस शायद आंखों में धूल डालकर नींद के मेडल हासिल कर रही हैं। बता दें कि स्थानीय मकान मालिकों की नजरें किराए की दौड़ में इतनी तेज हो गई हैं कि वे कानून को साइडलाइन करके सिर्फ रुपया-पैसा ही देख रहे हैं। कोई पूछने वाला नहीं कि जो मकान में रह रहा है, वह किसका है, कहां से आया है, और उसके कागजात ठीक हैं या नहीं। आखिर ये पड़ोसी कौन हैं? इस सवाल का जवाब सुनने की ज़हमत कौन करेगा? मकान मालिकों की इतनी महानता देखकर लगता है कि आने वाले खतरे शायद नवाब बनकर आएंगे। हालांकि, पुलिस प्रशासन भी अब क़ानूनी कारवाई करने की बजाय चुप्पी साधे हुए है। शिकायतें तो आती हैं, लेकिन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ ठंडी हवा निकलती है। उनकी वेरिफिकेशन प्रक्रिया स्लो-मोशन फिल्म जैसी होती है, जिसमें क्राइम के दृश्य तो आते हैं, लेकिन पुलिस किसी टाइम आउट में फंसी रहती है। स्थानीय ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके बच्चे और महिलाएं असुरक्षित हैं, और उन्हें पता ही नहीं कि उनके पड़ोस में कौन है। वे डरते हैं कि किसी भी वक्त कुछ अप्रिय घटना घट सकती है। इससे भी ज्यादा गंभीर बात यह है कि प्रशासन इस मुद्दे पर ध्यान नहीं दे रहा है। उन्हें यह चिंता है कि पुलिस प्रशासन और पंचायत इस समस्या से आंखें मूंदे हुए हैं, जैसे वे किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रहे हों। समस्या को लेकर सवाल यह उठता है कि क्या प्रशासन को किसी बड़ी त्रासदी का इंतजार करना पड़ेगा, ताकि वे जागें या फिर खामोशी में ही अपना कार्यकाल पूरा कर लेंगे? खैर, मकान मालिकों और प्रशासन को यही सलाह दी जा सकती है कि वे अपनी नींद और लालच में इतने खोए रहें कि रायपुररानी में खतरा खुशनुमा मेहमान बनकर हमेशा के लिए बस जाए।

**पुलिस को नहीं है किराएदारों की सूचना :** यह बिल्कुल सच है कि अब हमें अपने आसपास रहने वाले लोगों के बारे में कोई जानकारी नहीं होती। पहले जब कोई नया किरायेदार आता था, तो मकान मालिक उसकी पुलिस वेरिफिकेशन करवाते थे, लेकिन अब यह प्रक्रिया लगभग समाप्त हो गई है। हमें हर वक्त आशंका बनी रहती है कि कहीं कोई अप्रिय घटना न घट जाए। पुलिस प्रशासन को इस पर तुरंत सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। - **बब्लू कोचर, रायपुररानी**

**वेरिफिकेशन प्रक्रिया को शीघ्र प्रभाव से लागू करें :** समाजसेवी राज अग्रवाल ने कहा कि मुझे लगता है कि अब ओर इंतजार करना खतरनाक हो सकता है। प्रशासन की यह प्राथमिक जिम्मेदारी है कि वह वेरिफिकेशन प्रक्रिया को शीघ्र प्रभाव से लागू करे। हम युवा इस विषय पर चुप नहीं रह सकते, क्योंकि बात अब केवल वर्तमान की नहीं, हमारे भविष्य की भी है।

**प्रशासन इस पर मौन क्यों :** जिला परिषद सदस्य माला सिंह नागरा ने कहा कि यह विषय बेहद गंभीर है क्योंकि अब हमारे बच्चों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ चुकी है। हैरानी की बात है कि प्रशासन इस पर मौन क्यों है। क्या किसी बड़ी घटना का इंतजार किया जा रहा है? अब प्रशासन और पुलिस को इस मामले में तुरंत सजग होकर ठोस कार्रवाई करनी चाहिए।

**लालच में कानून और जिम्मेदारी दोनों को ताक पर रख रहे मकान मालिक :** श्री दुर्गा सेवा एवं निर्माण समिति रायपुर रानी के प्रधान अनिल राय का कहना है कि कुछ मकान मालिक केवल किराए की लालच में कानून और जिम्मेदारी दोनों को ताक पर रख रहे हैं। यह न सिर्फ गैर-जिम्मेदाराना है, बल्कि खतरनाक भी। अगर किसी दिन कोई अप्रिय घटना होती है, तो सबसे पहले जवाबदेही इन्हीं लोगों की होगी। प्रशासन को इस पर तुरंत कठोर रुख अपनाना चाहिए।

# गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक मोरनी में नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के अंतर्गत जागरुकता कार्यक्रम व रैली का आयोजन

**मोरनी, 18 जून ( अरुण वर्मा ) :** गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक मोरनी द्वारा नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के अंतर्गत एक व्याख्यान व जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं और स्थानीय




समुदाय को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना तथा उन्हें नशा मुक्त जीवनशैली अपनाने हेतु प्रेरित करना रहा। इस अवसर पर मुख्य वक्ता दीपिका ने विद्यार्थियों एवं स्टाफ को संबोधित करते हुए कहा, नशा मुक्त भारत केवल एक अभियान नहीं, बल्कि समाज और आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य की नींव है। उन्होंने कहा कि नशा न केवल एक व्यक्ति को, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे स्वयं को नशे से दूर रखें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। व्याख्यान के उपरांत संस्थान परिसर से लेकर मोरनी मुख्य सड़क पर किलाधाट तक एक जागरूकता रैली निकाली गई। इस रैली में छात्रों व स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया और नारे व पोस्टरों के माध्यम से लोगों को नशे के विरुद्ध जागरूक किया। रैली के माध्यम से स्थानीय निवासियों को भी इस अभियान से जोड़ने का प्रयास किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य दलजीत सिंह, बिजेंद्र सिंह, गौरव चलाना, मनोज कुमार, दीपिका, जतिन, डॉ. योगेश कुमार सहित अन्य स्टाफ सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। संस्थान ने संकल्प लिया कि वह भविष्य में भी इस प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को जागरूक करता रहेगा और नशा मुक्त समाज के निर्माण में अपनी भूमिका निभाता रहेगा।

# मच्छर जनित रोगों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग का विशेष अभियान



**मोरनी, 18 जून ( अरुण वर्मा ) :** एन्टी मलेरिया माह के अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोरनी के प्रभारी डॉ. सागर जोशी के निर्देशानुसार उप-स्वास्थ्य केंद्र मांधना की टीम ने गांव चौधरी बास, पण्डितों का बास और गबला बास में मच्छर जनित रोगों की रोकथाम को लेकर विशेष अभियान चलाया। अभियान के तहत सोर्स रिडक्शन एक्टिविटी के अंतर्गत कुल 180 घरों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान टीम ने ग्रामीणों को मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया और जापानी इंसेफलाइटिस जैसी घातक बीमारियों से बचाव के उपायों की विस्तार से जानकारी दी। लोगों को बताया गया कि एडिज, एनोफिलीस और क्यूलेक्स मच्छरों के जीवन चक्र को समझना जरूरी है ताकि घरों के आस-पास पानी जमा न होने दिया जाए और मच्छरों को पनपने से रोका जा सके। टीम ने घर-घर जाकर पंपलेट वितरित किए और जिन घरों में लार्वा (लाएको) पाया गया, वहां के कंटेनरों को खाली करवाया गया। ग्रामीणों से स्वच्छता बनाए रखने और नियमित रूप से पानी की निकासी सुनिश्चित करने की अपील की गई। इस जन-जागरूकता अभियान में हेल्थ इंस्पेक्टर स्वरूप सिंह, वेद प्रकाश, उप स्वास्थ्य केंद्र मांधना से अभिमन्यु, डीबीसी नितिश शर्मा और हरनाम सिंह सक्रिय रूप से शामिल रहे। स्वास्थ्य विभाग की यह पहल मच्छर जनित रोगों की रोकथाम की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# टीबी मरीजों के लिए डॉ. मोहित का समर्पित प्रयास, 45 मरीजों को श्री धन्वंतरि आयुर्वेदिक कॉलेज ने लिया गोद

***श्री धन्वंतरि आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज कर रहा मरीजों की मदद, समाज में जा रहा साकारात्मक संदेश***




**रायपुररानी, 18 जून ( देवेन्द्र सिंह ) :** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत रायपुर रानी उपमंडल के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरवाला में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में टीबी ग्रसित 45 मरीजों को चंडीगढ़ स्थित श्री धन्वंतरि आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल ने छह माह के लिए गोद लिया। इस दौरान सभी मरीजों को पोषण आहार किट भी वितरित की गई, जो हर माह नियमित रूप से दी जाएगी। कार्यक्रम की सफल अगुवाई सीएचसी रायपुर रानी के प्रवर चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव गोयल के निर्देशानुसार हुई। वहीं, इस पहल की सफलता में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरवाला के प्रभारी एवं एमओटीसी डॉ. मोहित की भूमिका विशेष रूप से सराहनीय रही। डॉ. मोहित ने कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था को कुशलतापूर्वक संचालित किया और टीबी मरीजों के प्रति गहरी संवेदनशीलता तथा समर्पण का परिचय दिया। उन्होंने बताया कि श्री धन्वंतरि आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज द्वारा उठाया गया यह कदम न केवल मरीजों की मदद कर रहा है, बल्कि समाज में एक सकारात्मक संदेश भी प्रसारित कर रहा है। डॉ. मोहित ने सभी सक्षम लोगों और संस्थाओं से अपील की कि वे भी निक्षय मित्र बनकर टीबी मरीजों का सहयोग करें और देश को टीबी मुक्त बनाने में योगदान दें। इस मौके पर डॉ. हर्ष, डॉ. आकाश, टीबी सुपरवाइज़र शमीम, जिला कार्यक्रम प्रबंधक वीरेंद्र शर्मा, गुरमीत और ममतेश सहित अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# रायपुर रानी, बटवाल और खटौली में स्वास्थ्य विभाग का मलेरिया विरोधी अभियान तेज, सोर्स रिडक्शन और जागरुकता पर जोर

**रायपुर रानी, 18 जून ( देवेन्द्र सिंह ) :** रायपुर रानी, खटौली और बटवाल क्षेत्र में मलेरिया जैसी घातक बीमारी से बचाव के लिए स्वास्थ्य



विभाग ने सक्रिय अभियान चलाया। इस अवसर प्रवर चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव गोयल के नेतृत्व में सोर्स रिडक्शन गतिविधियों के माध्यम से संभावित मच्छर प्रजनन स्थलों की पहचान कर उन्हें नष्ट किया गया। अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कबाड़ियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे अपने कबाड़ को अच्छी तरह ढककर रखें और परिसर में सफाई बनाए रखें। इसके अतिरिक्त राजकीय महाविद्यालय रायपुर रानी, बीडीपीओ कार्यालय और पुलिस स्टेशन में भी निरीक्षण कर मच्छरजनित परिस्थितियों की जांच की गई। जहाँ भी मच्छर लार्वा पाए गए, वहाँ नोटिस जारी कर सुधार के आदेश दिए गए। जबकि ग्रामीणों को मलेरिया से बचाव के प्रति जागरूक करने के लिए छह ग्रुप मीटिंग्स आयोजित की गईं। जानकारी देते हुए चिकित्सा अधिकारी डॉ. गौरव प्रजापति ने लोगों को अपने घरों में नियमित रूप से सफाई रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कूलर, फ्रिज की ट्रे, पानी की टंकियाँ, कंटेनर और होदियाँ हर सप्ताह साफ करें और सुखाएं। उन्हें केवल शाम के समय पानी भरें ताकि मच्छर उसमें अंडे न दे सकें। डॉ. प्रजापति ने लोगों से अपील की कि वे पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें, मच्छरदानी का प्रयोग करें और अपने घर व आसपास पानी जमा न होने दें। यदि कहीं पानी जमा हो तो उसमें मिट्टी का तेल या काला तेल डालें या उसे मिट्टी से भर दें। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति बुखार को कभी भी हल्के में न लें। अगर तेज बुखार, पसीना आना या शरीर में दर्द जैसे लक्षण दिखें तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर जांच कराएं। इस अभियान में स्वास्थ्य निरीक्षक सुरेंद्र कुमार, प्रेम चंद, नसीब सिंह, विनोद कुमार समेत सभी डीबीसी कर्मी सक्रिय रूप से शामिल रहे।

# 15 वर्षीय नाबालिग लड़की की गुमशुदगी पर पुलिस सक्रिय

**रायपुररानी, 18 जून ( देवेन्द्र सिंह ):** रायपुररानी थाना क्षेत्र के गांव बागवाली से 15 वर्षीय नाबालिग लड़की के लापता होने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, लापता लड़की के पिता ने पुलिस को बताया कि वह सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता हैं और उनके पास चार बच्चे हैं। शिकायतकर्ता के अनुसार, उनकी 15 वर्षीय बेटी शहजादपुर के सरकारी स्कूल में 11वीं कक्षा की छात्रा है। 17 जून को, जब लड़की के माता-पिता अपने-अपने काम पर गए थे, तो घर पर उनके चारों बच्चे अकेले थे। शाम को जब लड़की की मां घर लौटी, तो उन्होंने अपनी 15 वर्षीय बेटी को घर पर नहीं पाया। इसके बाद, परिजनों ने पड़ोसियों से पूछताछ की और अपनी छोटी बेटी से बात की, जिसने बताया कि उसकी बड़ी बहन सुबह करीब 9 बजे के आसपास घर से निकली थी। लापता लड़की का कोई सुराग न मिलने पर उसके परिजनों ने तलाशी शुरू की और फिर बाद में मौली पुलिस चौकी में रिपोर्ट दर्ज करवाई। वहीं, पुलिस शिकायत के आधार पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर नाबालिग लड़की की तलाश में जुट गई है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित 3 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का समापन



**पंचकूला,18 जून ( सतीश मंगला ):** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के उपलक्ष्य में आज प्रात: 6 बजे से 7:30 बजे तक परेड ग्राउंड, सैक्टर-5, पंचकूला में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी, डा0 दिलीप कुमार मिश्रा ने बताया कि तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर शिविर में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2025 की तैयारियों को लेकर जिला स्तर पर मंत्रीगण, सांसद, विधायक, प्रशासनिक अधिकारी, अन्य सभी विभागों के अधिकारी/कर्मचारी, स्कूली छात्रों एवं इच्छुक जनसाधारण को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण शिविर के तृतीय दिन, परेड ग्राउंड, सैक्टर-5, पंचकूला में जिला स्तर पर जिला प्रशासन के अधिकारियों/कर्मचारियों ,खेल विभाग के कोच व खेल विभाग के बच्चों, आयुष विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को योग प्रोटोकॉल का अभ्यास आयुष योग विशेषज्ञा व पतंजली योग शिक्षकों द्वारा करवाया गया जिसमें जिलावासियों ने उत्साह के साथ प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया। उन्होने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर का आंरभ प्रार्थना मंत्र के उच्चारण से किया गया। तदोपरांत योग क्रियाओं जैसे ताडासन, वृक्षासन, पादहस्त, अर्धचकासन, वज्रासन, उत्तानमण्डुक, उष्ट्रासन, वक्रासन, मक्रासन, शलभासन, सेतुबंध, उत्तानपादासन, पवनमुक्त, अर्धहलासन, अनुलोम विलोम, कपालभाती, भ्रामरी का अभ्यास करवाते हुए यौगिक क्रियाओं द्वारा होने वाले लाभों की भी जानकारी दी गई।

# सम्पादकीय

## राजस्थान के राजघराने को लेकर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

सुप्रीम कोर्ट ने दिया कुमारी की याचिका पर टिप्पणी करते हुए कहा ऐसे तो सारा जयपुर आपका हो जाएगा। जयपुर राजघराने ने राजस्थान हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। जयपुर राजघराने ने याचिका दाखिल कर जयपुर के टाउन हॉल को अपनी संपत्ति बाताकर मुकदमा दर्ज किया है। जिसकी सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। जयपुर राजघराने के वंशज के रूप में टाउन हॉल पर राजपरिवार ने दावा किया है। राजस्थान हाईकोर्ट के उनके खिलाफ फैसला सुनाया था। जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट में इस फैसले को चुनौती दी गई है। सुप्रीम कोर्ट में पद्मिनी देवी और दिया कुमारी की तरफ से कहा गया,राज्य सरकार टाउन हॉल की जगह म्यूजियम बनना चाहती है। यह सरकारी नहीं राजपरिवार की संपत्ति है। इस निर्माण को नहीं रोका गया तो सरकार का अधिकार हो जाएगा। याचिकाकर्ता के वकील हरीश सालवे ने दलील दी। यह मामला कानूनी पेचीदगियों से भरा है। इसमें तीन महत्वपूर्ण मुद्दे संविधान के अनुच्छेद 362 और 363 में पूर्व शासकों और रजवाड़ों के विशेषाधिकार से जुड़े हैं। इन राजे - रजवाडों का अपना इतिहास हैं। यह एक संधि है, जिसमें केंद्र सरकार पक्षकार नहीं है। जयपुर और बीकानेर शासकों के बीच जयपुर राजपरिवार की संधि हुई थी। हरीश सालवे के इस तर्क पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा, आप आपस में ऐसा अनुबंध करते हैं। बिना भारत सरकार को पक्षकार बनाए, आप कैसे इस तरह से चुनौती दे सकते हैं। इस तरह से तो पूरा जयपुर आपके पक्षकार का हो जाएगा। हर राजा रजवाड़ा सभी सरकारी संपत्तियों पर अपना दावा पेश करेगा। पुरानी रियासतों के वंशज कहेंगे, सारी संपत्तियां उनकी हैं। कोर्ट ने कहा आप कहते हैं, भारत सरकार इस कॉन्ट्रैक्ट में पक्षकार नहीं था। इसलिए अनुच्छेद 363 लागू नहीं होगा।

आखिर टाउनहॉल का क्या विवाद है। साल 1949 में महाराजा सवाई मानसिंह द्वितीय और भारत सरकार के बीच एक समझौता रियासत के विलय को लेकर हुआ। इसके तहत टाउन हॉल सहित कुछ संपत्तियां सरकारी उपयोग के लिए दी गई थी। उसके बाद 2022 में गहलोत सरकार आई। राजस्थान सरकार ने टाउन हॉल को म्यूजियम बनाने का फैसला किया। इसको लेकर शाही परिवार नाराज हो गया, राजपरिवार ने आपत्ति जताई। 2014 से 2022 तक कई नोटिस और शिकायतों के बावजूद कोई समाधान नहीं निकला। राजस्थान हाईकोर्ट ने राज परिवार के खिलाफ फैसला सुना दिया। जिसको लेकर जयपुर राजघराना सुप्रीम कोर्ट पहुंचा है। जिसमें दो जजों की बेंच ने यह टिप्पणी की, अभी सुनवाई चल रही है। देखना होगा सुप्रीम कोर्ट इस मामले में क्या फैसला करता है। जब भारत स्वतंत्र हुआ था, जो राजा रजवाड़े भारत में शामिल हुए थे। एक समझौते के तहत उनकी निजी संपत्तियों को उन्हें अधिकार में दिया गया था। बाकी रियासत का हिस्सा संघ में विलय हो गया था। राजा रजवाड़ों को प्रिवीयर्स के रूप में एक निश्चित राशि देने का समझौता विलय पक्ष में हुआ था। राजा रिजवाड़ों को कुछ विशेष अधिकार दिए गए थे। उस समय की विलय संधि में राजाओं की निजी संपत्ति, जिसमे राज परिवार का महल, जो जमीन उनके नाम पर थी। गहने, रत्न, आभूषण वगैरा उनको अधिकार में दे दिए गए थे। समझौते के तहत बाकी सारी रियासत और उसकी संपत्तियां संघ में विलय हो गई थी। 1971 में 26 वें संविधान संशोधन के द्वारा सभी राजे- रजवाड़ों को मिले विशेष अधिकार समाप्त कर दिए गए थे। प्रिवीपर्स बंद कर दिया गया था। जिसके कारण उस समय राजे -रजवाड़ों कांग्रेस से विद्रोह कर जनसंघ में चले गए थे। कांग्रेस पार्टी में विद्रोह हो गया था। 1990 के बाद राम मंदिर विवाद को लेकर जिस तरह से पुराने इतिहास के आधार पर मुकदमे बाजी शुरू हुई। पिछले एक दशक में राजे - रजवाड़ों के वंशजो ने मुकदमेबाजी कर सरकारी संपत्ति को हथियाना शुरू कर दिया है। दिया कुमारी राजस्थान सरकार की उप मुख्यमंत्री हैं जयपुर राजघराने की वंशज होने के कारण वह भी टाउन हॉल और अन्य संपत्तियों पर कब्जा करना चाहती हैं। कुछ इसी तरह के विवाद अन्य रियासतों के वंशजों ने भी कोर्ट में दायर किए हैं। इस मामले में केंद्र सरकार को पार्टी नहीं बनाकर याचिका कर्ता ने केंद्र एवं राज्य सरकार और संविधान को धोखा देने की कोशिश की है। सुप्रीम कोर्ट ने यह बात पकड़ ली। सुप्रीम कोर्ट की जो टिप्पणी आई है। उससे आभास होता है, जयपुर राजघराने द्वारा राजस्थान की सत्ता में उप - मुख्यमंत्री के पद पर होते हुए जिस तरह से धोखाधड़ी करने का प्रयास किया है। सुप्रीम कोर्ट को सुनवाई के दौरान विशेष सतर्कता वरतने की जरूरत है। राजस्थान सरकार में मंत्री रहते हुए दिया कुमारी को इस तरह के मुकदमे में पार्टी नहीं बनना चाहिए था। पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह से हजारों वर्ष पुराने इतिहास, विवाद और परंपरा के आधार पर न्यायालयों में मुकदमे दाखिल किए जा रहे हैं। राम मंदिर विवाद का फैसला सुप्रीम कोर्ट ने आस्था के आधार पर कर दिया। उसके बाद से इस तरह के मुकदमों की बाढ़ आ गई है। नैतिकता का लोप हो चुका है। सरकार में बैठे लोग संविधान नियम और कानून को नजर अंदाज करते हुए मनमाने तरीके से कानून और नियमों को इंटरपिटेशन करते हैं। पहले राजाओं की प्रजा गुलाम हुआ करती थी। स्वतंत्रता प्राप्त हुई, जनता मालिक बन गई। स्वातंत्रता के बाद नागरिक बन कर राजे - राजवाड़े के वंशज सत्ता पर आकर बैठ गए। पहले भी मलाई खा रहे थे, अभी भी मलाई खा रहे हैं। पहले भी उनके हाथ में सत्ता की कमान थी। आज भी उनके हाथ में सत्ता की कमान है। राजे - रजवाड़े सरकारी संपत्ति को फिर से धोखाधड़ी करके कब्जाना चाहते हैं।

# इजराइल-ईरान युद्ध की विभीषिका कहीं दुनिया को न ले डूबे

**- ललित गर्ग**




इजरायल ने ईरान के 'परमाणु कार्यक्रम ठिकानों' पर अचानक हमला करके न सिर्फ दुनिया को चौंका दिया है बल्कि पश्चिमी एशिया के पूरे क्षेत्र को अनिश्चितता, भय, अशांति एवं संकट के भंवर में डाल दिया है। ईरान जवाबी कार्रवाई करते हुए इजरायल को करारा जवाब दे रहा है। जहां इस्राइल इन हमलों को अपने अस्तित्व को बचाने की कार्रवाई बता रहा है, वहीं ईरान जवाबी कार्रवाई कर शीघ्र बदला लेने की बात कर रहा है। लेकिन इन दो राष्ट्रों के संघर्ष एवं युद्ध में समूची दुनिया पीस रही है। एक और युद्ध से दुनिया में विकास का रथ थमेगा, महंगाई बढ़ेगी, तेल के दाम आसमान छूने लगेंगे, व्यापक जनहानि होगी। युद्ध कभी भी किसी के हित में नहीं होता, आखिर समझौते के लिये टेबल पर बैठना ही होता है, तो पहले ही टेबल पर क्यों न बैठा जाये? विनाश एवं सर्वनाथ करने के बाद युद्ध विराम करना कैसे बुद्धिमत्ता है? इजरायल ने ईरान के खिलाफ अपनी कार्रवाई को ऑपरेशन राइजिंग लायन नाम दिया है, जो बताता है कि यह अपने आप में महज एक कार्रवाई नहीं बल्कि नया सिलसिला हो सकता है। हमलों का व्यापक एवं विनाशकारी रूप भी इसकी गंभीरता को स्पष्ट कर देता है। कम से कम छह राउंड में किए गए हवाई हमलों के तहत ईरान के परमाणु कार्यक्रम ठिकानों को निशाना बनाया गया। यही नहीं, ईरान के सबसे बड़े सैन्य अधिकारी इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स के चीफ हुसैन सलामी के भी मारे जाने की खबर है। ईरान ने तो जवाबी कार्रवाई का इरादा जता ही दिया है, खुद इजरायल सरकार ने भी अपने नागरिकों से अगले कुछ दिन घरों के अंदर रहने और खाने-पीने का सामान इकट्ठा कर लेने को कहा है। इजरायली कार्रवाई के वैश्विक दुष्प्रभावों का संकेत इसी एक तथ्य से मिल जाता है कि पहले हमले के कुछ घंटों के अंदर अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें 13 प्रतिशत बढ़ गईं। दुनिया के शैयर बाजार धराशायी हो गये हैं। इसमें दो राय नहीं कि इजरायल लंबे समय से कहता रहा है कि ईरान को परमाणु हथियार विकसित करने से हर हाल में रोका जाए और जरूरी हो तो उसके लिए बल प्रयोग से भी हिचका न जाए। उसका कहना है कि ईरान इस स्थिति में आ गया था कि कुछ दिनों के अंदर 15 परमाणु बम बना सकता था। एक भयानक संशय का वातावरण बना हुआ है। पहले रूस-यूक्रेन, इजरायल-हमाम, कुछ समय भारत-पाक और अब इजरायल-ईरान के बीच युद्ध की स्थितियां बनना विश्व युद्ध की संकटपूर्ण स्थितियों को बल दे रही है। संशय से भरा हुआ आदमी प्रेम एवं मानवीयता से खाली होता है। पारस्परिक स्नेह, सद्भाव, सौहार्द और विश्वास के अभाव में उसका संदेहशील मन सदैव युद्ध, हिंसा, सुरक्षा के साधन जुटाने में संलग्न रहता है। उसका मन कभी निर्भय नहीं होता, वृत्तियां शान्त नहीं होतीं, संग्रह उसके सुख, संतोष और शांति को सुरसा बन लील जाता है।

जिसने परमाणु-शस्त्रों के निर्माण और फैलाव से विश्व को तनाव और संत्रास का वातावरण दिया, अनिश्चय और असमंजस की विकट स्थिति दी, उसने विश्व शांति के धरातल छिन लिया है। इन विनाशकारी स्थितियों में मानवीय सहृदयता, सहिष्णुता और सह-अस्तित्व की भावना को कैसे अक्षुण्ण रखा जा सकता है? अभय का वातावरण, शुभ की कामना और मंगल का फैलाव कर तीसरी दुनिया को विकास के समुचित अवसर और साधन देने की संभावनाएं कैसे बलशाली बन सकती है? मनुष्य के भयभीत मन को युद्ध की विभीषिका से मुक्ति देना वर्तमान की बड़ी जरूरत है। क्योंकि वर्तमान युद्ध की जटिल से जटिलतर होती परिस्थितियों को देखें तो यह पश्चिम एशिया से लेकर दक्षिण एशिया और समग्र वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए बहुत खतरनाक समय है। यदि अन्य देश भी इस संघर्ष में खेमेबाजी का शिकार होकर जुड़ते गए तो यह खतरा कई गुना बढ़ जाएगा। अच्छी बात यही है कि अभी तक तो ऐसा कुछ नहीं हुआ है। भारत के लिए बेहतर यही होगा कि शांति एवं कूटनीतिक विकल्पों की वकालत करता रहे, लेकिन उसे खुद भी किसी भी प्रकार की स्थितियों के लिए तैयार रहना होगा।

दुनिया में पहले से ही काफी उथल पुथल मची हुई है। अरब देश संघर्ष लंबा खिंचने पर क्या रूख अख्तियार करते हैं। मुस्लिम देशों की जनता में यह सोच पहले से है कि यहूदी सरकार मुस्लिमों पर अत्याचार कर रही है। ऐसे में उनके लिए भी अपनी जनता की भावनाओं को नियंत्रित करना आसान नहीं होगा। वहीं इजरायल के सामने भी एक बड़ी चुनौती है कि अगर उसने संघर्ष शुरू किया है तो वह ईरान के खतरे को हमेशा के लिए खत्म करे। ऐसे में इजरायल का सैन्य अभियान लंबा चल सकता है। वह लक्ष्य हासिल होने तक युद्ध को जारी रख सकता है। इसके लिए ईरान की सत्ता में बदलाव या राजनीतिक नेतृत्व को खत्म करना होगा। यहां अमेरिका का समर्थन अहम होगा। बेहतर होगा दुनिया को भारी नुकसान से बचाने के लिये पूतिन एवं ट्रंप युद्ध की आग बुझाने की कोशिश करें। उनका आपस का दोस्ताना संवाद फिलहाल दुनिया के लिये अकेली उम्मीद की किरण है, हालांकि यूरोपीय संघ को और विशेषत: चीन कुछ हद तक यह अच्छा नहीं लगेगा। लेकिन युद्ध के अंधेरों एवं शांति के उजालों के लिये यही एक रास्ता है। ईरान पर इजरायल के हमले ने पहले से युद्धरत एवं अस्थिर दुनिया को अधिक वैश्विक संघर्ष की ओर ढकेल दिया है। ईरान भी अपनी पूरी क्षमता के साथ इजरायल पर मिसाइलों से हमला कर रहा है। उधर, इजरायल इस बात पर अड़ा है कि जब तक वह ईरान की परमाणु बम बनाने की क्षमता और मिसाइलों के जखीरे को खत्म नहीं कर देता है तब तक हमले जारी रहेंगे। अगर यह संघर्ष लंबा खिंचता है तो सिर्फ दो देशों तक सीमित नहीं रहेगा। आगे चलकर इसमें अमेरिका, चीन और रूस जैसी बड़ी शक्तियां शामिल हो सकती हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध से दुनिया पहले ही दो खेमों में बंटी दिख रही है। ईरान ऐसी जगह पर हैं, जहां से वह बहुत सीमित संसाधनों के साथ समुद्र से होने वाले वैश्विक व्यापार को बाधित कर सकता है। इससे ग्लोबल सप्लाई चेन चरमरा सकती है, विश्व व्यापार ठप्प हो सकता है और विश्व में तेल आपूर्ति का संकट पैदा हो सकता है। इजरायल ईरान को अपने अस्तित्व के लिए खतरा मानता है। खासकर उसे लगता है कि अगर ईरान ने परमाणु बम बना लिया तो उसके लिए बहुत बड़ा खतरा पैदा हो जाएगा। यह खतरा इजरायल के साथ अन्य देशों के लिये भी होगा। इसलिए इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू कह रहे हैं कि हम ईरान को परमाणु बम नहीं बनाने देंगे। जो आपरेशन शुरु किया है, उसे लक्ष्य हासिल होने तक जारी रखेंगे। ईरान का परमाणु शक्ति बनना एक बड़ा खतरा है, इस बड़े खतरे को समाप्त करना ही ऑपरेशन राइजिंग लायन का लक्ष्य है। इसी समय अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का आना भी इजरायल के बेहतर मौका लेकर आया और यहां अमेरिका का समर्थन अहम हो गया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया हैंडल के जरिये कहा है कि ईरान ने परमाणु कार्यक्रम पर समझौते के लिये अंतर्राष्ट्रीय प्रस्ताव को बार-बार खारिज किया है।

# शासकीय प्रताड़ना से पीड़ित अनेकों ग्रामीण, भोली भाली जनता

**किशन सनमुखदास भावनानी**



वैश्विक स्तरपर आज दुनियाँ का हरदेश भ्रष्टाचार सत्ता का दुरुपयोग,कर्तव्यों की अवहेलना, भेदभाव से नागरिकों का उत्पीड़न हो रहा है। हालांकि उपरोक्त सभी उलेखित कर्मचारी अधिकारियों को सजा देने के लिए हर देश में कानून नियम विनियमन व्यवस्थाएं बनीं हुई हैं,परंतु हर प्रदेश की प्रक्रिया अलग-अलग हो सकती है,जबकि उद्देश्य एक ही है कि उन पदों पर बैठे हुए व्यक्तियों की यह दबंगई बंद होना चाहिए, व आम नागरिकों के हित व सेवा में उनके द्वारा अपनी सेवाओं को समर्पित रखना चाहिए, जिसके लिए आम जनता के पास सबसे बड़ा हथियार उनकी शिकायत करना है, ताकि शासन के अति उच्च पदों पर बैठे जनता के प्रति जवाबदेह उनपर कार्रवाई कर सके, परंतु अनेकों विभागों में शिकायतों के निर्धारित प्रारूप बनाया गया है, जो पीड़ितों के लिए परेशानी का सबक बन गए है, जिसके लिए वे शिकायतें नहीं कर पाते और शिकायत करने में उनका संबंधित कर्मचारी सहयोग करते हैं।इस विषय परआज हम चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि, भारत के भ्रष्टाचार रोधी निकाय लोकपाल ने हाल में कहा कि निर्धारित प्रारूप के बिना भ्रष्टाचार की शिकायतों पर विचार नहीं किया जाएगा। उन्होंने 5 जून 2025 के परिपत्र में कहा कि लोकपाल के पास अपने आदेशों की समीक्षा करने का अधिकार नहीं है। तथा विभागों में मुझे स्वयं भी फॉर्मेट में शिकायत की बात कही गई थी,चूँकि शासकीय प्रताड़ना से पीड़ित शिक्षित ग्रामीण भोली भाली जनता की शिकायतें बिना निर्धारित प्रारूप के खारिज हो जाती है, अधिकारी कर्मचारी उनका सहयोग नहीं करते, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत के हर शासकीय कार्यालयों में रिश्वतखोरी भ्रष्टाचार ,सत्ता का दुरुपयोग, कर्तव्यों की अवहेलना भेदभाव उत्पीड़न की शिकायतों को बिना निर्धारित प्रारूप में याने सादे कागजों पर भी करना जरूरी हो यदि हम भ्रष्टाचार व कर्तव्यों की अवहेलना इत्यादि बुराइयों से तंग है तो आइए उनकी शिकायतों की प्रक्रिया को बहुत गहराई से समझें। साथियों बात अगर हम भ्रष्टाचार को समझने की करें तो, भ्रष्टाचार एक ऐसा अपराध है, जो हमारे देश को सामाजिक और आर्थिक रुप से बहुत नुकसान पहुँचाता है। कुछ लोग अपनी नाम व ताकत का गलत इस्तेमाल करके ऐसे अपराधों को बढ़ावा देते है, जिसके कारण देश के गरीब लोगों के साथ बहुत ही अन्याय होता है। आज यह समस्या इतनी बढ़ गई है कि शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रशासन, और न्याय व्यवस्था जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं से जुड़े लोग भी भ्रष्ट हो गए है। जब तक हम इस समस्या को समझ नहीं पाएंगे, तब तक हम इसके खिलाफ लड़ाई नहीं लड़ सकते। इसलिए आज के लेख द्वारा हम इस विषय से जुडी पूरी जानकारी समझने की कोशिश करेंगे जैसे कि भारत में भ्रष्टाचार के खिलाफ कानून और भ्रष्टाचार की शिकायत दर्ज करने के कानूनी विकल्प क्या है? भ्रष्टाचार के अपराध में मिलने वाली सजा व कानूनी प्रावधान?हर दिन हमें ऐसी खबरें देखने और सुनने को मिलती हैं जहां किसी सरकारी कर्मचारी ने रिश्वत ली, किसी ठेकेदार ने विकास परियोजनाओं में धोखाधड़ी की, या किसी उच्च अधिकारी ने अपनी शक्ति का गलत इस्तेमाल बहुत ही दबंगई के साथ किया।

साथियों बात अगर हम भ्रष्टाचार के खिलाफ कानूनी प्रावधानों व अधिकारों को समझने की करें तो,भ्रष्टाचार के खिलाफ शिकायत दर्ज करने के लिए कई कानूनी अधिकार और प्रावधान मौजूद हैं,आइये इन्हें आसान भाषा में जानते है- (1) सूचना का अधिकार (आरटीआई) इसके अनुसार कोई भी व्यक्ति सरकारी विभागों से जानकारी मांगसकता है, और यदि उस जानकारी में भ्रष्टाचार के कोई भी सबूत मिलते हैं, तो ऐसे अपराधों को सभी के सामने लाया जा सकता है। हम आरटीआई आवेदन ऑनलाइन या ऑफलाइन जमा कर सकते हैं।आरटीआई दर्ज कराते समय बिल्कुल साफ व स्पष्ट तरीके से यह बताना होता है कि हम किस जानकारी के लिए सूचना का अधिकार का इस्तेमाल कर रहे हैं। (2)भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम,1988 भारतीय कानून का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका उद्देश्य भ्रष्टाचार को रोकना और सरकारी कर्मचारियों द्वारा किए गए भ्रष्टाचार पर कड़ी कार्रवाई करना है। यह कानून कर्रप्शन के मामलों में दोषी अधिकारियों को दंडित करने के लिए बनाया गया है। इस अधिनियम के तहत सरकारी कर्मचारियों द्वारा रिश्वत लेने, घूस देने, या किसी अन्य प्रकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई की जाती है। (3) लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम 2013 के तहत भारत में भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए संस्थाएँ बनाई गई हैं। लोकपाल- केंद्र सरकार के अधिकारियों, मंत्रियों और कर्मचारियों द्वारा किए गए भ्रष्टाचार की जांच करता है। लोकायुक्त- यह राज्य स्तर पर भ्रष्टाचार के मामलों की जांच करता है और राज्य सरकार के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करता है। (4) व्हिसल ब्लोअर प्रोटेक्शन एक्ट 2014 का उद्देश्य उन व्यक्तियों की रक्षा करना है, जो सरकारी अधिकारियों या संस्थाओं द्वारा किए गए भ्रष्टाचार की जानकारी को देते है। ऐसे लोगों को आम भाषा में मुखबिर (यानि खबर देने वाला) कहा जाता है। इस कानून के द्वारा ऐसे मामलों की शिकायत करने वाले लोगों की सुरक्षा की जाती है, ताकि वे बिना किसी डर के शिकायत कर सकें। साथियों बात अगर हम भ्रष्टाचार मामलों में शिकायत दर्ज करवाने की सरल प्रक्रिया को समझने की करें तो,अगर आपने किसी सरकारी अधिकारी को रिश्वत लेते हुए या गलत काम करते हुए देखा है, तो हम उस व्यक्ति के खिलाफ शिकायत दर्ज कर सकते हैं

# जैनरिक दवा मेडिकल माफिया की गिद्ध दृष्टि की गिरफ्त में

**- विनोद कुमार सिंह**

माननीय सर्वोच्च न्यायलय ने एक मई 2025 को मौखिक रूप से टिप्पणी की है कि यदि डॉक्टरों को केवल जेनेरिक दवाएं ही लिखने के लिए विधिक रूप से बाध्य किया जाए,तो फार्मा कंपनियों द्वारा महंगी ब्रांडेड दवाओं के प्रचार हेतु डॉक्टरों को दी जाने वाली कथित घूस की समस्या काफी हद तक समाप्त हो सकती है प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना जन औषधि केन्द्र के माध्यम से आम जनता को दस्ती व अच्छी दवा उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है,लैकिन यथार्थ की घरातल पर इस योजना का नजारा कुछ और ही है।आपको बता दे कि भारत में जेनेरिक दवा बेचने के 9500 से भी अधिक जन औषधि केन्द्र हैं।इन अधिकत्तर केन्द्रों में नागरिकों को जेनेरिक दवा नहीं मिल रही है।अगर कहीं जेनेरिक दवा उपलब्ध है भी तो डॉक्टरों तथा निजी दवा कंपनियों का गठजोड़ उन जेनेरिक दवा का प्रयोग के रास्ते में बड़ा बाधक बन रहा है। 60 श्रेणी की 60,000 किस्म की दवाइयां उन औषधि केन्द्रों के लिए बनाई जाती है,फिर भी ब्रांडेड औषधि के मुकाबले जेनेरिक औषधियों का उत्पादन हिस्सा मात्र डेढ़ प्रतिशत ही है। जो इस बात का पुष्टि करता है कि आज भी ब्रांडेड फार्मा कंपनियों का ही बाजार में बोलबाला है।सर्व विदित रहें फार्मा कम्पनी दवा के नाम पेटेंट करा कर ऊँची कीमत पर बेचती हैं,जबकि जेनेरिक दवा 40 से 90 प्रतिशत तक कम मूल्य पर उपलब्ध हैं।उदाहरण के तौर पर क्रॉसिन व डोलो का शुद्ध साल्ट पेरासिटामोल है किन्तु पेटेंट नाम होने से साल्ट कई गुणा ऊंची कीमत पर बिकता है।स्वास्थ्य मंत्रालय ने चिकित्सकों को जेनेरिक औषधियां मरीज के पर्चे पर लिखने की सलाह दी तो इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आई एम ए)ने आसमान सिर पर उठा लिया।पूरे देश में जेनेरिक औषधियों के विरुद्ध एक अभियान चलाया गया।मरीजों और उनके रिस्तेदारों को यह बताया गया कि जेनेरिक दवायें बकवास हैं,30 प्रतिशत भी असरदार नहीं।खासकर कैंसर व हार्ट रोग की जेनेरिक दवाइयां तो बिल्कुल बेअसर है।भारत सरकार की जेनेरिक दवा योजना को डॉक्टरों व दवा कंपनियों के साथ गठजोड़ कर रखा है।इसी कारण तमाम डाक्टरों ने मिलकर भारत सरकार में स्वास्थ्य मंत्रालय की सलाह को रद्दी की टोकरी में डाल दिया है।आश्चर्य है कि सरकारी अस्पताल के डॉक्टर्स भी पर्ची पर ब्रांडेड दवाइयों के नाम लिखते हैं जबकि उन्हे स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जेनेरिकऔषधि को प्रिस्क्राइब करने के आदेश हैं।कई नीजी अस्पताल मे सरकारी डॉक्टर अपना प्राइवेट प्रैक्टिस करते हैं,जिन्होंने अपने निजी क्लीनिक पर स्वयं मेडिकल स्टोर खोल रखा है या खुलवा रखा है,वहां जेनेरिक औषधि नहीं,केवल ब्रांडेड दवायें ही मिलती है। अधिकांश जन औषधि केन्द्रों पर दवाओं की उपलब्धता नहीं होती।80 प्रतिशत ऐसा ही होता है।जिला अस्पताल के सामने एक मेडिकल स्टोर पर भी जन औषधि केन्द्र का बोर्ड लटका है।वहां भी जेनेरिक दवाइयां कम ही उपलब्ध हैं।देश के किसी भी कोने में जाएं जेनेरिक दवा की योजनान को धंधेबाज पूरी तरह से हजम कर चुके हैं।नीजी अस्पतालों,क्लिनिकों तथा नर्सिंग होम का और भी बुरा हाल है।कुछ डॉक्टर्स ऐसे भी हैं जिनकी लिखी दवा उनके ही मेडिकल शॉप में मिलेगी या फिर किसी खास दवाई दुकान में।अगर कोई मरीज जेनेरिक दवा खरीद कर पैसा बचाना भी चाहे तो वो ऐसा नहीं कर सकता।कई मेडिकल स्टोर में इन दवाइयों पर छूट दी जाती है लेकिन यहां पर कुछ डॉक्टर के प्रिस्क्राइब दवा नहीं मिलने में परेशानी होती है।इस संदर्भ मे *माननीय सर्वोच्च न्यायलय ने एक मई 2025 को मौखिक रूप से टिप्पणी की है कि यदि डॉक्टरों को केवल जेनेरिक दवाएं ही लिखने के लिए विधिक रूप से बाध्य किया जाए,तो फार्मा कंपनियों द्वारा महंगी ब्रांडेड दवाओं के प्रचार हेतु डॉक्टरों को दी जाने वाली कथित घूस की समस्या काफी हद तक समाप्त हो सकती है * *




न्यायमूर्ति विक्रम नाथ,न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की खंडपीठ इस विषय पर दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी,जिसमें यह आरोप लगाया गया है कि दवा कंपनियां व्यवसाय बढ़ाने और महंगी व अनावश्यक दवाओं को लिखवाने के लिए डॉक्टरों को घूस देती हैं।*

सुप्रीम कोर्ट ने दवा कंपनियों से जुडी याचिका की सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की है।इस याचिका में दवा कंपनियों पर मनमानी का आरोप लगाया गया था।सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति संदीप मेहता ने कहा कि राजस्थान में अब एक कार्यपालक आदेश है कि प्रत्येक डॉक्टर को केवल जेनेरिक दवाएं ही लिखनी चाहिए।

# सेक्टरों की अलग-अलग होगी पहचान,हर सेक्टर में योग प्रशिक्षक होगा नियुक्त : नेहा सिंह

# एक लाख लोगों को बांटी जाएगी योगा दिवस की टी-शर्ट, औषधीय पौधा और रिफ्रेशमेंट

**कुरुक्षेत्र, 18 जून ( सुदेश कुमार )** : उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 के राज्य स्तरीय कार्यक्रम के लिए निर्धारित सभी सेक्टरों की पहचान तय की जाए। साथ ही सभी सेक्टरों में योग प्रशिक्षक नियुक्त हो, जो सेक्टर के लोगों को प्रोटोकॉल योग को संपन्न करवाए। उन्होंने कहा कि एक लाख लोगों की सीटिंग के लिए 100 सेक्टर बनाए गए हैं। प्रत्येक सेक्टर में 1000 लोगों के बैठने की व्यवस्था तय की गई है। कामों को व्यवस्थित ढंग से पूर्ण करवाने के लिए अधिकारियों की ड्यूटियां लगाई गई है। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा आयोजन में भाग लेने वाले 1 लाख प्रतिभागियों के बैठने के लिए बनाए गए 100 सेक्टर बनाए गए हैं। सेक्टर वाइज योग प्रशिक्षक नियुक्त किए जाए, खराब मौसम के कारण



एलईडी बंद होने की स्थिति में सभी प्रतिभागी प्रोटोकॉल के अनुसार योग प्रोटोकॉल पूर्ण कर सके। उन्होंने कहा कि सभी सेक्टरों को उचित प्रकार से चिंहित होने चाहिए और प्रतिभागियों को उनके बैठने के लिए निर्धारित किए गए सेक्टरों की सूचना समय से पहले उन तक पहुंच जानी सुनिश्चित की जाए। ब्रह्मसरोवर के चारों तरफ सेक्टर अनुसार सूचना प्रदर्शित की जानी चाहिए, ताकि किसी भी प्रतिभागी को अपनी जगह ढूंढने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम में आने वाले 25 हजार प्रतिभागियों को मैट भी वितरित किये गए हैं। जिन्हें पहले आओ पहले पाओ की नीति से वितरित किया जाएगा। पहले 10 हजार लोगों को योगा मैट दिया जाना था, लेकिन मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 10 हजार से बढ़ाकर 25 हजार लोगों को मैट दिए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि एक लाख लोगों को योगा दिवस की टी-शर्ट, औषधीय पौधा और रिफ्रेशमेंट वितरित की जाएगी।

**ब्रह्मसरोवर घाट के चारों तरफ तैनात किये जाएं पुलिस कर्मी**

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि कार्यक्रम में कोई अव्यवस्था न हो तथा कोई प्रतिभागी ब्रह्मसरोवर के पानी के नजदीक न जाए इसके लिए ब्रह्मसरोवर में पर्याप्त नाव व पुलिस के कर्मचारियों की डयूटी लगाई जाए। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र के गांवों और अन्य जिलों से बसों में आने वाले प्रतिभागी के वाहनों की पार्किंग की उचित व्यवस्था हो। बसों के लिए थीम पार्क, नई अनाज मंडी में पार्किंग स्थल बनाए गए है। उन्होंने कहा कि बसों का ठहराव ऐसे स्थान पर हो, जहां से प्रतिभागी को कम से कम पैदल चलना पड़े। थीम पार्क, अनाज मंडी के साथ-साथ कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र तथा गीता स्कूल कुरुक्षेत्र में बसों की पार्किंग व्यवस्था करने के वैकल्पिक स्थान भी चिन्हित किए जाएं। उपायुक्त ने आयोजन के दिन भीड नियंत्रण, प्रवेश एवं निकासी व्यवस्था, आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली की तैयारी सुनिश्चित करने के लिए पुलिस विभाग को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए।

**स्वास्थ्य विभाग हर कोने पर लगाए हेल्थ डेस्क**

उपायुक्त नेहा सिंह ने सीएमओ को निर्देश दिए कि आयोजन स्थल पर पर्याप्त संख्या में एंबुलेंस और हेल्थ डेस्क की व्यवस्था सुनिश्चित करें, ताकि किसी भी प्रतिभागी को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकता होने पर तुरंत सहायता उपलब्ध करवाई जा सके। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि आयुष, खेल विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जिला परिषद, महिला एवं बाल विकास विभाग, खेल विभाग, आयुष विभाग, आईटीबीपी, एनसीसी, एनएसएस, होम गार्ड जवान अपनी तय संख्या के अनुसार योग साधकों को कार्यक्रम में लेकर पहुंचे।

**योगा डे के लिए तीन तरह से करवा सकते हैं पंजीकरण**

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि 21 जून को योग दिवस के लिए ऑनलाइन पंजीकरण करवाया जा रहा है। कोई भी व्यक्ति तीन तरह से पंजीकरण करवा सकता है। इनमें मोबाइल नंबर 9501131800 पर मिसकॉल करें, डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट इंटरनेशनल योग डे डॉट एचआरवाई डॉट इन पोर्टल पर जानकारी दर्ज करके और विभाग द्वारा तैयार किए गए बार कोड को स्कैन करके पंजीकरण करवा सकते हैं। रविवार तक 9 लाख 90 हजार ने ऑनलाइन पंजीकरण करवाया है।

## शादी का झांसा देकर फैजान ने नाबालिग को भगाया, पुलिस ने शुरू की जांच

**रायपुररानी, 18 जून ( देवेन्द्र सिंह ):** रायपुररानी थाना क्षेत्र में एक युवक द्वारा नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित पिता ने पुलिस को शिकायत दी कि उनकी 15 वर्षीय बेटी को फैजान पुत्र सफीक निवासी रामपुर मनिहार ने शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। घटना 6 मई की रात करीब 1 बजे की है, जब फैजान ने पीड़ित की बेटी को भगाकर ले जाने में सफलता प्राप्त की। शिकायतकर्ता के अनुसार, फैजान पहले उसी फैक्ट्री में काम करता था, जिसमें उनका परिवार भी निवास करता था। पीड़ित पिता ने यह भी बताया कि उनकी बेटी पहले भी फैजान के साथ भाग गई थी, लेकिन करीब 25 दिनों बाद वह वापस लौट आई थी। इस कारण उन्होंने पहले पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं कराई थी। अब, लड़की को गायब हुए एक महीने से अधिक समय हो चुका है और इस दौरान उन्होंने अपनी बेटी की खोजबीन की, लेकिन किसी भी तरह का सुराग नहीं मिला। अब, पिता ने पुलिस से अपील की है कि उनकी बेटी की तलाश की जाए और आरोपी फैजान के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। एफआईआर के अनुसार, पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्जकर नाबालिग लड़की की तलाशी शुरू कर दी है।

## बिजली विभाग गांधी चौक कालका में लगाया गया खुला दरबार

**कालका, 18 जून ( अख्तर फ़ारूक़ी/अजीत सिंह ) :** कालका विद्युत उपमंडल द्वारा बिजली विभाग गाँधी चौक कालका में एक जनजागरण शिविर (खुला दरबार) का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य





आमजन को हरियाणा सरकार और केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न उपभोक्ता हितैषी बिजली योजनाओं की जानकारी देना था। इस अवसर पर संबंधित अधिकारियों द्वारा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, सरचार्ज माफी योजना, एवं कृषि पंपों के विस्तार हेतु स्वैच्छिक प्राधिकरण योजना (वीडीएस) की विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों ने नागरिकों को बताया कि इन योजनाओं के माध्यम से उपभोक्ताओं को न केवल आर्थिक लाभ मिलेगा, बल्कि उन्हें निर्बाध और बेहतर गुणवत्ता की बिजली सेवा भी सुनिश्चित की जाएगी। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत घरेलू सोलर पैनलों की स्थापना कर उपभोक्ता अपनी बिजली आवश्यकताओं की पूर्ति स्वयं कर सकते हैं और शेष बिजली को ग्रिड में बेचकर अतिरिक्त आय अर्जित कर सकते हैं।सरचार्ज माफी योजना ऐसे उपभोक्ताओं के लिए है जिन पर पुराने बकाया हैं — वे निर्धारित शर्तों के तहत सरचार्ज में छूट प्राप्त कर सकते हैं। स्वैच्छिक प्राधिकरण योजना (वीडीएस) विशेष रूप से किसानों के लिए बनाई गई है, जिसके माध्यम से वे अपने कृषि पंपों की वैधता को बढ़ा सकते हैं या अतिरिक्त भार का अधिकृत कनेक्शन ले सकते हैं। शिविर में गाँव के नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और योजनाओं को लेकर काफी उत्साह दिखाया। विशेष रूप से लगभग 30 ग्रामीणों ने अपनी गहरी रुचि प्रकट की और लोगों ने विभाग की इस पहल की सराहना की और अनुरोध किया कि ऐसे शिविर नियमित रूप से आयोजित किए जाएँ।अंत में अधिकारियों ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे विभाग द्वारा चलाई जा रही इन लाभकारी योजनाओं का भरपूर लाभ उठाएं।

## मच्छर जनित बीमारियों को लेकर नागरिक रहें सतर्क-डीसी


पानीपत, 18 जून (हरप्रीत छत्तवाल) डीसी वीरेंद्र कुमार दहिया ने बुधवार को जिला सचिवालय में आयोजित जिला स्तरीय मलेरिया वर्किंग कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि दिन प्रतिदिन मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है, बदलते मौसम में हमें अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। अक्सर इस मौसम में मच्छर जनित डेंगू, चिकनगुनिया और मलेरिया जैसी घातक बीमारियां होती हैं इसलिए कहीं भी अपने आसपास जलभराव ना होने दें क्योंकि विभिन्न जगहों पर जलभराव की वजह से मच्छर पैदा होते हैं। उन्होंने कहा कि मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों के प्रति लोगों का जागरूक होना जरूरी है। डीसी वीरेंद्र कुमार दहिया ने लोगों से अपील की कि मलेरिया, डेंगू व चिकनगुनिया से बचाव के लिए पानी के बर्तन, टंकी, घड़ों आदि को ढक कर रखे और सप्ताह में एक बार फूलदान, फ्रिज की ट्रे, पशु व पक्षियों के बर्तन व ड्रमों को खाली करके सुखाएं और फिर उसमें पानी डाले। शरीर को पूरी तरह से ढकने वाले कपड़े पहने। ठहरे पानी में लारवा नाशक दवा डाले। उन्होंने बताया कि जहां पानी ठहरेगा। वहीं मच्छर पनपेगा और यदि हम पानी ठहरने नहीं देंगे तो मच्छर भी पैदा नहीं होगा। डीसी वीरेंद्र कुमार दहिया ने सभी स्कूलों के प्राचार्यों से अपील की कि आने वाले समय में जब स्कूल खुलेंगे तो बच्चों को पूरी बाजू की शर्ट व पेंट पहनने के लिए प्रेरित करें और अभिभावकों को भी इसके प्रति जागरूक करें। बैठक में एडीसी डॉ पंकज यादव,सीएमओ विजय मलिक, नोडल अधिकारी डॉ संजीव संदुजा, एसडीएम इसराना नवनीत सिंह, जिला परिषद की सीईओ डॉ किरण सिंह, जिला ड्रग कंट्रोलर विजया राजे इत्यादि भी उपस्थित रहे।

## सार्वजनिक स्थानों पर बेसहारा पशु घूमता पाया जाता है, तो उसे नियमानुसार चिन्हित स्थलों या गो-आश्रय स्थलों पर पहुँचाना सुनिश्चित करें - डीसी




पानीपत, 18 जून (हरप्रीत छत्तवाल) उपायुक्त डाक्टर वीरेदंर दहिया की अध्यक्षता में आज जिला स्तरीय समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें बेसहारा पशुओं की देखभाल एवं उनके रख-रखाव को लेकर गहन चर्चा की गई। बैठक में डीसी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले में यदि कोई भी बेसहारा पशु सडक़ों, मुख्य मार्गों या सार्वजनिक स्थानों पर घूमता पाया जाता है, तो उसे नियमानुसार चिन्हित स्थलों या गो-आश्रय स्थलों पर पहुँचाया जाए। उन्होंने कहा कि बेसहारा पशुओं की खुले में आवाजाही से सडक़ दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है, जिससे पशुओं के साथ-साथ आम नागरिकों की सुरक्षा को भी खतरा उत्पन्न होता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे जिले की सभी ग्राम पंचायतों में ऐसे स्थलों की पहचान करें जहाँ स्थायी गौशालाओं का निर्माण किया जा सके। इस प्रक्रिया में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पंचायती राज संस्थाओं एवं पशुपालन विभाग का सहयोग सुनिश्चित किया जाए। उपायुक्त ने यह भी कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता पशु कल्याण के साथ-साथ जन सुरक्षा सुनिश्चित करना है। उन्होंने संबंधित विभागों को सख्ती से दिशा-निर्देशों का पालन करने और निर्धारित समय-सीमा में आवश्यक कार्यवाही पूरी करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त डाक्टर पंकज यादव ने बताया कि शहरी क्षेत्र में आवारा पशुओ को पकडने का अभियान चलाया जा रहा है, शहरी क्षेत्र में अब तक करीब 1300 आवारा पशु पकडे गए है, उन्होंने बताया कि पशुओ के रखने के लिए गौशालाओं को बनाने की प्रक्रिया भी चल रही है। इस बैठक में सीईओ जिला परिषद डाक्टर किरण सिंह, एसडीएम पानीपत मनदीप सिंह, इसराना एसडीएम नवनीत सिंह, पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डाक्टर संजय आंतिल तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## हरियाणा में 31 जुलाई तक चलेगा स्टॉप डायरिया अभियान





पानीपत, 18 जून (हरप्रीत छत्तवाल) स्वास्थ्य विभाग की ओर से 16 जून से जिलेभर में स्टॉप डायरिया अभियान की शुरुआत की गई है। यह अभियान आगामी 31 जुलाई तक चलेगा। उपायुक्त डाक्टर वीरेदंर कुमार दहिया की अध्यक्षता में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.विजय पाल मलिक इस अभियान का नेतृत्व कर रहे हैं। डॉ. मलिक ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत आशा वर्कर घर-घर जाकर प्रत्येक बच्चे को 2 ओआरएस के पैकेट और 14 जिंक की गोलियाँ वितरित करेंगी। साथ ही स्कूलों में स्कूल हेल्थ टीम द्वारा बच्चों को हैंड वॉशिंग की विधि और उसके लाभों के बारे में जानकारी दी जाएगी, ताकि बच्चे स्वच्छता के प्रति जागरूक हों और डायरिया से बच सकें।पानीपत जिला में 0 से 5 वर्ष तक की आयु के 1 लाख 44 हजार 726 बच्चों को ओआरएस व जिंक प्रदान किया जाएगा। स्कूलों के 1 जुलाई से खुलने की संभावना है, ऐसे में स्वास्थ्य विभाग का प्रयास रहेगा कि उसी दिन से बच्चों को साफ-सफाई और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी जा सके।डॉ.विजयपाल मलिक ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें अपने आसपास गंदा पानी जमा न होने दें, बच्चों को गर्मी से बचाएं और बीमारी की स्थिति में निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर अवश्य जाएं। यह अभियान न केवल बच्चों को डायरिया से बचाने का एक सशक्त प्रयास है, बल्कि पूरे समुदाय को स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक करने की सकारात्मक पहल भी है। डीसी ने निर्देश कि आगनवाडी कार्यकर्त्ता, आशा कार्यकर्त्ता, एएन एम, इस अभियान में सहयोग करे तथा जिला शिक्षा अधिकारी को कहाकि वह स्कूली बच्चों से जागरूकता रैली निकाले, इस मौके पर एडीसी डा. पंकज यादव, नोडल अधिकारी डॉ नवनीत भी उपस्थित रहे।

## अग्निपथ योजना तथा रेगुलर एंट्री के पदों हेतु कॉमन एंट्रेंस टेस्ट 30 जून से

पानीपत, 18 जून (हरप्रीत छत्तवाल) डीसी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि अग्निपथ योजना तथा रेगुलर एंट्री के तहत अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर क्लर्क व स्टोर कीपर तकनीकी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर ट्रेडसमैन दसवी पास व अग्निवीर ट्रेड्समैन आठवीं पास, युवतियां अग्निवीर (महिला सेना पुलिस) और रेगुलर एंट्री के तहत उम्मीदवार सैनिक नर्सिंग सहायक, सिपाही फार्मा, आरटी जेसीओ, हविलदार (एस ऐ सी), जेसीओ कैटरिंग और हवलदार (एजुकेशन) के पद पर कॉमन इंट्रेंस परीक्षा का आयोजन विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर 30 जून से 10 जुलाई तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी उम्मीदवारों के सीईसी (कॉमन एंट्रेंस एग्जाम) एडमिटकार्ड डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूडॉटज्वाईन इंडियनआर्मीडॉटएन आईसीडॉटइन वेबसाइट से डाउनलोड करें। उन्होंने बताया कि एडमिट कार्ड परीक्षा आयोजित होने से 14 दिन पहले अपलोड किये जाएगे। उन्होंने बताया कि डाउनलोड करे और एडमिट कार्ड पर दिए गए निर्देशों को ध्यान से पढ़े और उसका पालन करे। एडमिट कार्ड को डाउनलोड करने में किसी भी प्रकार कि समस्या आने पर सेना भर्ती कार्यालय, रोहतक में प्रस्तुत होकर समस्या का निवारण करवा सकते है।

## विजिलेंस एंड मॉनिटरिंग कमेटी की त्रैमासिक बैठक की तिथियां घोषित

**हांसी,18 जून ( मनमोहन शर्मा ):** एसडीएम राजेश खोथ ने बताया कि विजिलेंस एंड मॉनिटरिंग कमेटी की आगामी त्रैमासिक बैठकों की तिथियां



निर्धारित कर दी गई हैं । उन्होंने बताया कि इस समिति की पहली बैठक 4 सितम्बर 2025 तथा दूसरी बैठक चार दिसंबर 2025 को निश्चित की गई है। इन बैठकों का आयोजन संयुक्त कार्यालय परिसर में किया जाएगा। बैठक में पूर्व की भांति विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा की जाएगी तथा जरूरतमंदों तक योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सुझाव व निगरानी पर चर्चा की जाएगी। संबंधित विभागों के अधिकारियों, समिति के सदस्यों तथा अन्य आमंत्रितों को निर्धारित तिथियों को समय पर उपस्थित होने हेतु सूचित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बैठकें पारदर्शिता, जवाबदेही और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

# नशा मुक्त भारत पखवाड़ा दौरान युवाओं को नशे से दूर करने के लिए समाज को जागरूक करना जरूरी: अमित यशवर्धन

**हांसी पुलिस की मुहिम लाई रंग, 120 गांवों का सर्वेक्षण, 756 नशा पीड़ितों की पहचान, 566 का उपचार शुरू**

**हांसी,18 जून ( मनमोहन शर्मा ):** पुलिस जिला हांसी में नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के अंतर्गत चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत हांसी पुलिस ने एक बड़ी सामाजिक पहल करते हुए गांव-गांव जाकर ड्रग्स के प्रभाव से जूझ रहे युवाओं की पहचान कर, उन्हें नशा मुक्त जीवन की ओर प्रेरित किया है। पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन, भा.पु.से. ने बताया कि अब तक 120 गांवों का गहन सर्वेक्षण किया गया है, जिसमें 756 नशा पीड़ितों की पहचान की गई। इनमें से 566 व्यक्तियों का इलाज शुरू करवा दिया गया है। इस अभियान की विशेष उपलब्धि यह रही कि 146 युवक अब पूरी तरह नशामुक्त जीवन जी रहे हैं। 103 गांव और 21 वार्ड घोषित हुए ड्रग मुक्त पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अब तक 103 गांव और 21 शहरी वार्डों को ड्रग मुक्त घोषित किया गया है। इन क्षेत्रों में 80 से 85 प्रतिशत तक सकारात्मक सुधार देखा गया है। नशे से प्रभावित क्षेत्रों में जागरूकता फैलाने के लिए स्थानीय पंचायतों के सहयोग से नशा मुक्ति समितियों का गठन भी किया जा रहा है।




**अपना नहीं तो परिवार का ख्याल करो, नशा छोड़कर सबका कल्याण करो** - पुलिस टीम द्वारा गांव-गांव जनजागरण अभियान हांसी पुलिस की विशेष नशा मुक्ति टीम गांवों में जाकर युवाओं को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दे रही है। जहां भी नशे की लत से ग्रस्त व्यक्ति पाए जाते हैं, वहां काउंसलिंग, चिकित्सकीय उपचार और सामाजिक सहयोग के माध्यम से उन्हें सही दिशा देने का प्रयास किया जा रहा है। नशा एक बीमारी है, इलाज संभव हैपुलिस अधीक्षक यशवर्धन ने कहा कि -नशा सिर्फ एक आदत नहीं, बल्कि एक मानसिक और सामाजिक बीमारी है। इसका इलाज दवा से भी होता है, लेकिन सबसे ज़रूरी है व्यक्ति की इच्छा-शक्ति और समाज का सहयोग। उन्होंने कहा कि अक्सर नशे की गिरफ्त में आए लोग खुद से बाहर नहीं निकल पाते क्योंकि उनका आत्मबल नष्ट हो चुका होता है। ऐसे में गांव वालों, परिवार और समाज की जिम्मेदारी है कि वे ऐसे व्यक्तियों को समझाएं, साथ दें, और सही दिशा दिखाएं। जनता से अपील , पुलिस अधीक्षक ने जनता से अपील की है कि यदि किसी को भी नशा तस्करी या नशे के अवैध कारोबार की कोई सूचना प्राप्त हो, तो पुलिस कंट्रोल रूम हांसी (मोबाइल नंबर- 88130-89302) पर तुरंत सूचना दें।

## महिलाओं की सुरक्षा को लेकर जिला पुलिस पूरी तरह से मुस्तैदध पुलिस अधीक्षक

**यमुनानगर,18 जून ( दिनेश कुमार ):** सेफ सिटी कैम्पेन के तहत राइट डायरेक्शन ओवरसीज एजुकेशन कंसल्टेंट यमुनानगर में अवेयरनेस प्रोग्राम किया गया। जिसमें 112,दुर्गा शक्ति एप, ट्रिप मॉनिटरिंग सेवा ,नशे से होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया और बच्चों को गेम भी करवाए गए व ट्रैफिक के नियमों तथा साइबर अपराध के बारे में किया जागरूक। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिया के निर्देशानुसार बुधवार को जिला पुलिस की सेफ सिटी टीम ने तहत राइट डायरेक्शन ओवरसीज एजुकेशन कंसल्टेंट यमुनानगर में अवेयरनेस प्रोग्राम किया गया। जिसमें 112,दुर्गा शक्ति एप, ट्रिप मॉनिटरिंग सेवा ,नशे से होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया और बच्चों को गेम भी करवाए गए व ट्रैफिक के नियमों तथा साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया गया। महिला थाना की एएसआई नीलम ने छात्राओं को उनकी सुरक्षा संबंधित बहुत अच्छी जानकारी प्रदान की। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जिला पुलिस की सेफ सिटी कैम्पेन के तहत महिला थाना की एएसआई नीलम द्वारा महिलाओं को अपराधों तथा अपराधिक प्रवृत्ति के असामाजिक तत्वों के प्रति सजग जागरूक करने के लिए चलाया गया विशेष जागरूकता अभियान लगातार जारी है। इसी अभियान के तहत टीम ने बुधवार को तहत राइट डायरेक्शन ओवरसीज एजुकेशन कंसल्टेंट यमुनानगर में छात्राओं को महिला विरुद्ध अपराध के प्रति सजग रहने तथा असामाजिक तत्वों द्वारा की गई किसी भी प्रकार की अभद्र हरकत का डटकर मुकाबला करने के संबंध में जागरूक किया। इसके लिए उन्होने 112 एप्प व दुर्गा शक्ति एप्प के महत्व बारे जानकारी दी। उन्होंने सभी से अपील की कि यह दोनों एप्प हर महिला के पास होनी चाहिए। इनकी सहायता से वें किसी भी समय विकट परिस्थिति में पुलिस की मदद ले सकती हैं। अगर महिला रात के समय कहीं से आ रही हो या जा रही हो वह अकेली होने पर भी किसी भी परिस्थिति में खुद को असुरक्षित महसूस न करें। आपकी एक कॉल पर महिला पुलिस आपकी सहायता के लिए पहुंच जाएगी व ट्रिप मॉनिटरिंग के तहत महिला को उसके गंतव्य स्थान पर सकुशल पहुंचा देगी। महिला थाना की एएसआई नीलम ने महिला सुरक्षा जागरूकता अभियान के दौरान कहा कि जिला पुलिस महिलाओं की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह से तत्पर है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत जगह-जगह जिला पुलिस द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं को उनके अधिकारों, महिला सुरक्षा तथा आत्मरक्षा के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी जा रही है, तथा जिला के सभी स्कूलों तथा कॉलेजों के आसपास सुरक्षा के भी व्यापक प्रबंध किए गए हैं व पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार स्कूल और कॉलेज के सुबह खुलने तथा छुट्टी होने के समय सुरक्षा की दृष्टि से पूरी सावधानी बरती जा रही है तथा वहां पर घूम रहे आवारा किस्म के लोगों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा। जिला पुलिस महिला सुरक्षा के लिए हमेशा तत्पर है। आमजन में विश्वास बढाना व अपराधियों पर कार्यवाही करना ही जिला पुलिस का मुख्य उद्देश्य है।

# स्वच्छता अभियान में सभी की सहभागिता जरूरी : रेनू बाला गुप्ता

करनाल, 18 जून ( रविन्द्र मलिक ) : स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत नगर निगम करनाल द्वारा मंगलवार को स्वच्छता प्रतियोगिता गतिविधि आयोजित की गई। इसके तहत नगर निगम क्षेत्र के 23 बड़े बाजारों में स्वच्छता प्रतियोगिता करवाई गई थी। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सराफा बाजार, द्वितीय सेक्टर-7 मार्किट तथा तृतीय स्थान पर मॉडल टाऊन की सब्जी मार्किट रही। नगर निगम की महापौर रेनू बाला गुप्ता तथा नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने तीनो मार्किट के प्रधान एवं प्रतिनिधियों को मोमेंटो व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। शेष 20 मार्किट प्रतिनिधियों को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। निगमायुक्त ने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान सभी बाजारों का दौरा करने के लिए अलग-अलग टीमें गठित की गई थी। यह टीमें पिछले 2 दिनों से इन बाजारों का निरीक्षण कर निर्धारित मापदंडो के अनुसार चेंकिंग कर बाजारों के अंक दर्ज कर रही थी। इन्हीं अंकों के आधार पर बाजारों को प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार दिया गया है।



**स्वच्छता प्रतियोगिता के लिए यह थे मापदंड :** उन्होंने बताया कि मार्किट में स्वच्छता प्रतियोगिता को लेकर विभिन्न मापदंड निर्धारित किए गए थे। इनमें मार्किट की ओवर ऑल साफ-सफाई यानि मार्किट में कहीं कचरे का ढेर न होना, मार्किट में स्थित दुकानों के अन्दर व बाहर साफ-सफाई व स्वच्छता के प्रति जागरूक हैं या नहीं, दुकानदारों के पास कचरे के लिए 2 डस्टबिन हैं या नहीं, मार्किट में अतिक्रमण की क्या स्थिति है तथा दुकानदारों द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग किया जा रहा है या नहीं इत्यादि शामिल हैं। इस अवसर पर महापौर रेनू बाला गुप्ता ने विजेता मार्किट एसोसिएशन एवं प्रतिभागी मार्किट प्रतिनिधियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि जब प्रशासन के साथ समाज के जागरूक लोग जुड़कर अभियान में साथ चलते हैं, तो बदलाव अवश्य आता है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान में भी सभी की सहभागिता जरूरी होती है, तभी हम अपने शहर को स्वच्छ व सुंदर बना सकेंगे। उन्होंने दुकानदारों से बाजारों में साफ-सफाई रखने व अतिक्रमण न करने की अपील की। बाजारों में अतिक्रमण नहीं होगा, तो ओर बेहतर साफ-सफाई देखने को मिलेगी। नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने मार्किट प्रतिनिधियों को बधाई देते कहा कि आप सभी हमारे सहभागी हैं। स्वच्छता कार्यों में हम सभी कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करेंगे, तो सफाई में नए आयामों को छुएंगे। उन्होंने कहा कि हालांकि शहर में साफ-सफाई को लेकर पहले से ही जागरूकता है, लेकिन अभी ओर जागरूकता की जरूरत है। शहर का प्रत्येक नागरिक स्वच्छता के प्रति सचेत रहेगा, तभी शत प्रतिशत सफलता हासिल होगी। उन्होंने कहा कि शहर में भंडारा या शबील इत्यादि धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रमों के दौरान हानिकारक पॉलीथिन व सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल न करें। इस अवसर पर वार्ड8 के पार्षद संकल्प भंडारी, वार्ड 11 के पार्षद संजीव कुमार मेहता, अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार, उप निगम आयुक्त अभय सिंह, सफाई निरीक्षक, सहायक सफाई निरीक्षक, ट्रैगर मास्टर, मोटीवेटर तथा प्रतिभागी विभिन्न मार्किट के प्रधान एवं प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए ट्रायल कल

सोनीपत, 18 जून ( विनोद ) : जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार ने बताया की पंचकूला में राज्य स्तरीय पुरुष तथा महिला बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन 27 जनू से 29 जून तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन 10 वजन श्रेणी में किया जाएगा। महिला/पुरुष वर्ग में प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाले खिलाडियों को क्रमशः पाँच हजार, तीन हजार व दो हजार का नकद ईनाम दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सेदारी के लिए सोनीपत के प्रभु नगर, गली नम्बर एक नजदीक स्टेट बैंक एटीएम के पास स्थित नवयुग बॉक्सिंग कल्ब में 20 जून को दोपहर एक बजे ट्रायल का आयोजन किया जाएगा। जो भी खिलाडी ट्रायल में हिस्सा लेने चाहते है, वो अपने साथ आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र का सबूत व रिहायसी प्रमाण पत्र या स्कूल से प्राप्त बोनाफाइड प्रमाण पत्र साथ लेकर आए।

## कर्ण स्टेडियम में राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए ट्रायल्स 23 जून को

करनाल, 18 जून ( सुनील कुमार ) : उपनिदेशक खेल राकेश पांडे ने बताया कि महानिदेशक खेल विभाग हरियाणा के निर्देशानुसार राज्य स्तरीय बॉक्सिंग (महिला एवं पुरुष) प्रतियोगिता का आयोजन 27 जून से 29 जून 2025 तक जिला पंचकूला में किया जाएगा, प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन ट्रायल्स के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि करनाल जिले के इच्छुक खिलाड़ियों के लिए जिला स्तरीय चयन ट्रायल्स का आयोजन 23 जून को प्रातः 9 बजे स्थानीय कर्ण स्टेडियम में किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए जिला खेल कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

# श्री खाटू श्याम एवं सालासर सेवा समिति कैथल द्वारा वैष्णो देवी के लिए 59वीं नि:शुल्क धार्मिक यात्रा

कैथल, 18 जून ( प्रवेश बहादुर ) : श्री खाटू श्याम एवं सालासर सेवा समिति कैथल द्वारा वैष्णो देवी धाम के लिए 59वीं नि:शुल्क धार्मिक यात्रा के लिए बस रवाना की गई। इस अवसर पर शहर के जाने-माने समाजसेवी श्री अमरजीत छाबड़ा जी पधारे। उनके आगमन पर श्री मनोज सिंगला जी ने उन्हें पटका पहनाकर स्वागत किया तथा संस्था के अन्य सदस्यों चिराग बंसल व सोमनाथ गर्ग आदि ने उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अमरजीत छाबड़ा ने कहा कि संस्था द्वारा जो भी धार्मिक एवं सामाजिक कार्य किए जाते हैं शहरवासी उनसे बहुत ही लाभान्वित हो रहे है तथा उन्होंने कहा कि जो भी श्रद्धालु इस धार्मिक यात्रा में मां वैष्णो देवी के दर्शन करने के लिए जा रहे है उनकी यात्रा मंगलमय हो तथा मां वैष्णो देवी उनकी मनोकामना पूर्ण करें तथा शहर वासियों को सुख शांति एवं सुरक्षा प्रदान करें। इस अवसर पर अश्वनी गर्ग (पोलू) जी भी आए जिन्होंने कहा कि खाटू श्याम एवं सालासर सेवा समिति द्वारा जितने भी सामाजिक व धार्मिक कार्य किए जाते हैं, वे बहुत ही सराहनीय है। इस अवसर पर अमरजीत छाबड़ा जी एवं अश्विनी गर्ग जी ने श्री खाटू श्याम एवं सालासर सेवा समिति का सदैव साथ देने का वायदा किया। इस अवसर पर संस्था के सदस्य सोमनाथ गर्ग ने बताया कि संस्था द्वारा हर महीने श्री खाटू श्याम एवं सालासर के लिए नि:शुल्क बस चलाई जाती है तथा हरिद्वार, मां वैष्णो देवी, दिल्ली अक्षरधाम एवं अन्य धार्मिक स्थलों पर भी नि:शुल्क बस यात्रा कराई जाती है। इसी कड़ी में 11गरीब कन्याओं के विवाह के लिए भी योजना बनाई जा रही है। इसके अतिरिक्त संस्था द्वारा हर महीने नि:शुल्क संकीर्तन किए जाते हैं। चिराग बंसल ने बताया कि संस्था द्वारा समय-समय पर चिकित्सा शिविर भी लगाए जाते हैं। इस अवसर पर पंकज मित्तल, प्रेम मंगला, राजकुमार खोखरी, जगदीश कोहलिया, मुकेश मित्तल, सोनू शर्मा, चिराग बंसल, भीमसेन वधवा, सोमनाथ गर्ग एवं अन्य उपस्थित रहे।



# सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर गोविंद माजरा में आयोजित हुआ नवीन संकल्प शिविर



शाहाबाद मारकंडा, 18 जून ( रूबी ) : सांसद नवीन जिन्दल द्वारा कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के लोगों के लिए नवीन संकल्प शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। आज शाहाबाद हल्के के गांव में पहुंच कर लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया गया। सांसद नवीन जिन्दल के संसदीय कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि आज के नवीन संकल्प शिविर में 29 लोगों को परामर्श और जांच के बाद निःशुल्क दवाइयां दी गई।

रक्त एवं युरिन के टेस्ट के साथ-साथ अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई कराई गई। उन्होंने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा स्वस्थ कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में नवीन संकल्प शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसके तहत लोगों को निःशुल्क दवाइयां, परामर्श और खान-पान से संबंधित स्वास्थ्यवर्धक आदतों को अपनाने के लिए प्रेरित किया जाता है। इसके साथ साथ नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना की जानकारी दी जाती है। नवीन संकल्प शिविर के सफल आयोजन के लिए गांव के सरपंच अभिषेक, नफे सिंह गुर्जर पूर्व सरपंच, नरेश कुमार मंडल अध्यक्ष, इकबाल गुर्जर, धर्मपाल और गांव गोविंद माजरा के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# राजकीय बहुतकनीकी संस्थान सोनीपत में ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून

सोनीपत, 18 जून ( विनोद ) : राजकीय बहुतकनीकी संस्थान सोनीपत के प्रधानाचार्य अनिल सहरावत ने बताया कि राजकीय बहुतकनीकी संस्थान सोनीपत में डिप्लोमा इंजीनियरिंग में आवेदन के लिए अंतिम तिथि 30 जून है। वही इसी तरह लेटरल एंट्री स्कीम के तहत 3 साल के डिप्लोमा इंजीनियरिंग के सीधे दूसरे साल में ऑनलाइन आवेदन करने के लिए अंतिम तिथि 20 जून है। उन्होंने बताया कि संस्थान के 8 कोर्स में 630 सीटों पर दाखिले होंगे।

**किन विषयों में कितनी सीटें :**
आई एण्ड सी इंजी. 60 सीटें
इलैक्ट्रोनिक्स इंजी. 60 सीटें
कैमिकल इंजी. 60 सीटें
कम्प्यूटर इंजी. 90 सीटें
मैकेनिकल इंजी. 120 सीटें
ऑटोमोबाईल इंजी. 120 सीटें
फाइनेंस अकाउंट एंड ओडिटिंग 60 सीटें
इलैक्ट्रीकल इंजी. 60 सीटें

**आवेदन के लिए जरूरी दस्तावेज :** उन्होंने बताया कि आवेदन के लिए आवेदनकर्ता के पास दंसवी कक्षा का प्रमाण पत्र, परिवार पहचान पत्र, लेटरल एंट्री के तहत दाखिले के लिए दंसवी के प्रमाण पत्र के साथ कक्षा 12 में पीसीएम, एनएसक्यूएफ लेवल-4, दो साल का आईटीआई कोर्स जो भी लागू होता है उसके प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र ( स्कूल जहां से दंसवीं कक्षा पास की हैं), आधार कार्ड, जरूरी है। इसके अलावा आय प्रमाण पत्र (वित्त वर्ष 2025 का बना हुआ होना चाहिए), बैंक खाते की कॉपी, पासपोर्ट साइज फोटों, अभ्याथी के माता-पिता का मोबाइल नम्बर होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि सामान्य वर्ग के लिए गैर वापसी योग्य पंजीकरण शुल्क 1000 रूपये रहेगा, अन्य वर्ग व महिलाओं के लिए 700 रूपये रहेंगे।

**95.90 प्रतिशत विद्यार्थियों का सीधा चयन :** अनिल सहरावत ने बताया कि राजकीय बहुतकनीकी संस्थान सोनीपत में डिप्लोमा करने का सबसे बड़ा लाभ यह है कि विद्यार्थी शीघ्र ही नौकरी प्राप्त कर अपना भविष्य उज्जवल बनाता है। बीते वर्षो में 90 से अधिक कंपनियों ने संस्थान को प्लेसमेंट के लिए संपर्क किया, जिसमें संस्थान के 95.90 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थीयों का अच्छे वार्षिक पैकेज पर सीधा कंपनीयों में चयन हुआ। जिसमें मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड, भटिंडा रिफाइनरी, एशियन पेंट्स रोहतक, आदित्या बिरला ग्रुप व अन्य कंपनिया शामिल है।

**अब तक कितने प्राप्त हुए आवेदन :** दाखिला ब्रांच इन्चार्ज राजीव वर्मा ने बताया की डिप्लोमा इंजीनियरिंग के लिए मंगलवार तक 500 आवेदन व लेटरल एंट्री स्कीम में दाखिले के लिए 170 आवेदन प्राप्त हो चुके है। आवेदन के साथ फार्म के सत्यापन का कार्य भी शुरू हो गया है। इनमें से डिप्लोमा इंजीनियरिंग के करीब 200 फार्म को सत्यापित किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि डिप्लोमा इंजीनियरिंग की मेरिट लिस्ट 8 जुलाई को व डिप्लोमा इंजीनियरिंग लेटरल एंट्री की 27 जून को मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी।

# जम्मू-कश्मीर पर्यटन का भव्य प्रचार प्रसार हुआ ग्लोबल जैम अवॉर्ड समारोह में

करनाल, 18 जून ( संदीप रोहिला ) : एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया ने पर्यटन विभाग, जम्मू और कश्मीर सरकार के सहयोग से करनाल के प्रतिष्ठित नूर महल होटल में ग्लोबल जैम अवॉर्ड समारोह एवं जम्मू-कश्मीर पर्यटन प्रचार प्रसार कार्यक्रम का भव्य आयोजन सफलतापूर्वक किया। इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न हिस्सों से आए सभी आयु वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के माध्यम से जम्मू-कश्मीर के पर्यटन स्थलों की सुंदरता, शांति एवं सांस्कृतिक महत्व को विशेष रूप से प्रस्तुत किया गया। पर्यटन विभाग के प्रयासों को दर्शकों ने खूब सराहा और सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। जम्मू-कश्मीर पर्यटन विभाग द्वारा सजाए गए आकर्षक स्टॉल, सुंदर होर्डिंग्स और प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों की झलक दिखाते पोस्टर एवं वीडियो डिस्प्ले ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। गुलमर्ग, पहलगाम, सोनमर्ग, वैष्णो देवी, डल झील, मुगल गार्डन, पटनीटॉप आदि स्थलों की झलकियाँ खास आकर्षण का केंद्र रहीं। इस अवसर पर लोकप्रिय बॉलीवुड हस्तियाँ जैसे रज़ा मुराद, सुधेश बेरी, दीप्ति नागपाल और किशोर भानुशाली भी उपस्थित रहीं। इन कलाकारों ने दर्शकों को जम्मू-कश्मीर की यात्रा करने और वहाँ की प्राकृतिक सुंदरता व शांति का आनंद लेने के लिए प्रेरित किया। पर्यटन विभाग, जम्मू-कश्मीर की ओर से सविता चौहान, जम्मू कश्मीर प्रशासनिक सेवा, डिप्टी डायरेक्टर, पब्लिसिटी और मुमताज़ अहमद, टूरिज्म ऑफिसर ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने उपस्थित लोगों से संवाद कर जम्मू-कश्मीर पर्यटन से जुड़ी जानकारी साझा की और प्रदेश में घूमने का निमंत्रण दिया। अपने संबोधन में सविता चौहान ने सभी प्रतिभागियों को जम्मू-कश्मीर आने का निमंत्रण दिया ताकि वे वहाँ की प्राकृतिक सुंदरता, संस्कृति और मेहमाननवाज़ी का अनुभव कर सकें। बॉलीवुड कलाकारों ने भी दर्शकों से अपील की कि वे जम्मू-कश्मीर के अद्भुत पर्यटन स्थलों की सैर अवश्य करें। यह कार्यक्रम पूरी तरह सफल रहा और इसने जम्मू-कश्मीर में पर्यटन की संभावनाओं को देशभर में व्यापक प्रचार-प्रसार प्रदान किया। कार्यक्रम के समापन पर नज़ाकत चौधरी, निदेशक, एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया एवं ब्रांड एंबेसडर, स्वच्छ भारत मिशन, जम्मू एंड कश्मीर ने पर्यटन विभाग, विशेष रूप से कमिश्नर सेक्रेटरी टूरिज्म जम्मू एंड कश्मीर और डायरेक्टर टूरिज्म जम्मू का धन्यवाद व्यक्त किया, जिनके सहयोग से यह आयोजन भव्य और सफल हो सका।



# कैथल जिले में रणदीप सिंह सुरजेवाला का जलवा बरकरार

कैथल, 18 जून ( प्रवेश बहादुर ) : हरियाणा प्रदेश युवा कांग्रेस चुनाव का कल परिणाम घोषित हुआ जिसमें कैथल जिले में रणदीप सिंह सुरजेवाला व आदित्य सुरजेवाला की तरफ से चुनाव में उतारे गए सभी उम्मीदवारो ने जीत दर्ज की। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष, जिला महासचिव, कैथल हल्काध्यक्ष, कलायत हल्काध्यक्ष, पुंडरी हल्काध्यक्ष और गुहला हल्काध्यक्ष के साथ साथ चारों विधानसभा के ब्लॉक अध्यक्ष के सभी कैंडिडेट विजयी हुए। जिलाध्यक्ष के पद पर रणदीप सिंह सुरजेवाला व आदित्य सुरजेवाला की तरफ से चुनाव में उतरे कविश मिड्ढा ने 2612 वोट और विरोधी उम्मीदवार करण सिंह ने 89 और अमन गुर्जर को सिर्फ 16 वोट प्राप्त हुए। विजयी हुए सभी उम्मीदवारो ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव एवं सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला, कैथल विधायक आदित्य सुरजेवाला व सुदीप सुरजेवाला का आभार व्यक्त किया। कैथल युवा कांग्रेस के विजयी उम्मीदवार में जिलाध्यक्ष पद पर कविश मिड्ढा, जिला महासचिव पद पर सरदार हरकीरत सिंह हाबड़ी, कैथल हल्काध्यक्ष पद पर अरुण राणा, कलायत हल्काध्यक्ष पद पर प्रवीण कसान, गुहला हल्काध्यक्ष पद पर नपिंद्र पुनिया, पुंडरी हल्काध्यक्ष पद पर जगमाल बरसाना चुनाव जीतकर आए। इसके साथ ही कैथल, कलायत, पुंडरी और गुहला विधानसभा में भी ब्लॉक अध्यक्षों ने भी जीत दर्ज की। जिसमें कैथल विधानसभा के चारों ब्लॉक में क्योड़क ब्लॉक से अध्यक्ष पद पर विक्रम रुहल गुहणा, अर्बन 1 ब्लॉक से अध्यक्ष पद पर अमरजीत ओढ़, अर्बन 2 ब्लॉक से अध्यक्ष पद पर चिराग मित्तल और मुंडडी ब्लॉक अध्यक्ष पद पर रजनीश मेहला ने जीत दर्ज की। गुहला विधानसभा में भागल ब्लॉक से अध्यक्ष पद पर राजिंद्र मलिक, टटियाना ब्लॉक से अध्यक्ष पद पर हरजिंद्र हरनौली, भूना ब्लॉक से अध्यक्ष पद पर रविन्द्र राणा कसोर और सीवन ब्लॉक से अध्यक्ष पद पर गुरप्रीत गुर्जर डोहर ने जीत दर्ज की। कलायत विधानसभा में मटोर ब्लॉक से अध्यक्ष पद पर साहिल मौण और खरक पांडवा ब्लॉक से अध्यक्ष पद पर राजेश कैंदल सिसला ने जीत दर्ज की। पुंडरी विधानसभा में फतेहपुर ब्लॉक से अध्यक्ष पद पर कुशनपाल गुर्जर बरोट ने जीत दर्ज की। विजयी हुए सभी जिला युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों को रणदीप सिंह सुरजेवाला, आदित्य सुरजेवाला व सुदीप सुरजेवाला ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। गौरतलब है कि हरियाणा युवा कांग्रेस के चुनाव की मेंबरशिप ऑनलाइन 10 जनवरी से 20 मार्च तक चली। उम्मीदवारों के नॉमिनेशन 20 दिसंबर से 5 जनवरी तक चले। इस चुनाव का परिणाम 16 जून को आया।



# आयुष विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर मीटिंग

कुरुक्षेत्र, 18 जून ( सुदेश कुमार ) : 21 जून को ब्रह्मसरोवर तीर्थ पर आयोजित होने वाले 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन को लेकर श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने शिक्षकों, अधिकारियों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में कुलपति ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि योग दिवस कार्यक्रम में शिक्षक,गैर-शिक्षक कर्मचारी और विद्यार्थियों सहित सभी की सहभागिता अनिवार्य होगी। उन्होंने कहा कि आयुष पद्धति का मूल आधार योग और जीवनशैली में सुधार है। ऐसे में विश्वविद्यालय के सभी सदस्य योग को न केवल अपनाएं,बल्कि दूसरों के लिए प्रेरणा स्रोत भी बनें।



कुलपति ने निर्देश दिए कि हर विभाग योग दिवस में भागीदारी को प्राथमिकता दे,प्रतिभागियों की सूची समय रहते उपलब्ध कराएं और किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। कुलपति ने यह भी कहा कि योग के अभ्यास से शारीरिक,मानसिक और भावनात्मक संतुलन प्राप्त होता है और यह दिनचर्या का अनिवार्य अंग बनना चाहिए। बैठक में कुलसचिव प्रो. ब्रिजेंद्र सिंह तोमर, आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के प्राचार्य प्रो.वैद्य देवेंद्र खुराना, अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक प्रो. राजेंद्र सिंह चौधरी, प्रो. जितेश कुमार पंडा, प्रो. सीमा, प्रो. शोभा कौशल, प्रो.आशीष मेहता, योग विभाग की चेयरपर्सन प्रो.शीतल सिंगला, प्रो.राजा सिंगला, प्रो. नीलम, प्रो. रविराज, प्रो. शंभु दयाल शर्मा, प्रो. अमित कटारिया,प्रो.दीप्ति पराशर, प्रो. मनोज तंवर, प्रो. सुनीति तंवर, डॉ. सुरेंद्र सहरावत, डॉ. ममता राणा, डॉ. मोहित, डॉ. नेहा लांबा एवं योगेंद्र कुमार समेत अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

**विश्वविद्यालय में दो दिवसीय योगाभ्यास का आयोजन**

कुलपति प्रो. धीमान ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व 19 और 20 जून को विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में पूर्वाभ्यास सत्र आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इन सत्रों में भी सभी की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी। सुबह 7 से 8 बजे तक शिक्षक एवं विद्यार्थी, 8 से 9 बजे तक अधिकारी एवं कर्मचारी, 9 से 10 बजे तक अन्य कर्मचारी और सुबह 11 से दोपहर 12 बजे तक स्वच्छता सिपाही और माली योगाभ्यास करेंगे।

# अनुभव प्रमाण पत्र प्राप्त कर भविष्य में युवाओ को करियर सम्बन्धी लाभ मिल सकता है : सुरमयी शर्मा

कुरुक्षेत्र, 18 जून ( सुदेश कुमार ) : युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार मेरा युवा भारत कुरुक्षेत्र एवं प्रधानमंत्री जन औषधि परियोजना के संयुक्त प्रयास व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अनुभव से सीखो अभियान के तहत कुरुक्षेत्र जिले में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र में अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।



यह कार्यक्रम 15 दिन तक युवाओं के लिए आयोजित किया गया है, इसमें युवाओं को जन औषधि केंद्र की कार्य प्रणाली, दवाइयों के बारे में जानकारी, स्टॉक मैनेजमेंट आदि विषयों के बारे में जानकारी दिया जाएगा। माय भारत कुरुक्षेत्र की जिला युवा अधिकारी सुरमयी शर्मा ने बताया कि जन औषधि केंद्र के साथ-साथ कुरुक्षेत्र जिले के युवाओं के लिए भारतीय डाक सेवा ने माय भारत पोर्टल पर ऐसे ही अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम के अवसर पोस्ट किए है।

जिले के युवा माय भारत पोर्टल पर पंजीयन कर ऐसे विभिन्न कार्यक्रम का लाभ लेकर अनुभव प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते है। जिसे भविष्य में युवाओ को करियर सम्बन्धी लाभ मिल सकता है। जन औषधि केंद्र कुरुक्षेत्र के मार्केटिंग ऑफिसर विक्रांत प्रभाकर ने बताया कि माय भारत पोर्टल के माध्यम से कुरुक्षेत्र जिले के युवा किरणदीप, पूनम, राहुल, रजनी व रुद्रांश 18 जून से जन औषधि केंद्र कुरुक्षेत्र में प्रशिक्षु के तौर पर कार्य करेंगे। इन्हे यहां 15 दिवसीय व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसमें जन औषधि परियोजना के कार्यप्रणाली एवं अन्य विषयों के बारे में जानकारी दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि प्रशिक्षु द्वारा किए गए कार्य की रिपोर्टिंग माय भारत पोर्टल पर किया जाएगा, इसका रिव्यु जन औषधि केंद्र के उच्च अधिकारी करेंगे।

## दीवारों के भीतर न्याय अभियान के तहत बंदियों को उनके अधिकारों के बारे में किया जागरूक

**कुरुक्षेत्र, 18 जून ( सुदेश कुमार ) :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र की सीजेएम एवं सचिव मिस नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला कारागार में महिला बंदियों के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कैंपेन दीवारों के भीतर न्याय के तहत बंदियों को कानूनी अधिकारों से सशक्त बनाने के अंतर्गत महिला बंदियों को उनके अधिकारों के बारे में बताया गया। महिला बंदियों को डीएलएसए द्वारा दी जाने वाली मुफ्त कानूनी सहायता के बारे में बताया गया। एमडीडी संस्था के सहयोग से महिला बंदियो को सैनिटरी पैड भी वितरित किए गए। शिविर के दौरान अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने के बारे उन्हें जागरूक भी किया गया।



## स्वस्थ जीवन जीने की प्राचीन कला है योग-नियमित दिनचर्या में अपनाएं सभी : डीसी प्रीति

**कैथल, 18 जून ( प्रवेश बहादुर ) :** डीसी प्रीति ने कहा कि योग मन, मस्तिष्क और आत्मा का संतुलन बनाने का माध्यम है। योग को सिर्फ एक दिन के लिए नहीं, बल्कि उसे नियमित अपनी दिनचर्या में लेकर आएं। योग स्वस्थ जीवन जीने की प्राचीन कला है, जो शरीर और मन को आपस में जोड़ती है। प्रदेश को योगयुक्त और नशा मुक्त बनाने के लिए सभी नागरिक अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं। डीसी प्रीति बुधवार को चौधरी छोटू राम स्टेडियम में आयुष, खेल एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय योग मैराथन में प्रतिभागियों को संबोधित कर रही थीं। डीसी ने इस दौरान मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मैराथन में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान पर गौरव, द्वितीय स्थान पर सुनील, तृतीय स्थान पर यशेंद्र रहे। डीसी प्रीति ने कहा कि योग ऋषि मुनियों द्वारा प्रदान की गई एक प्राचीन पद्धति है, जोकि जीवन में काफी प्रभावी है। योग करने से जहां शारीरिक स्फूर्ति प्राप्त होती है, वहीं तनाव को खत्म करता है। इस बार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह के नोडल अधिकारी गिरीश कुमार ने कहा कि योग ने हजारों वर्षों से मानव जाति को शारीरिक, मानसिक व अध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाया है। योग केवल कुछ आसन करना ही नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने का एक तरीका है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में जहां तनाव और चिंता हमारे जीवन का हिस्सा बन गए हैं, वहीं योग हमें शांति और स्थिरता प्रदान करता है। जिला परिषद के सीईओ सुरेश राविश ने कहा कि योग हमारे शरीर को लचीला बनाता है। हमारी मांसपेशियों को मजबूत करता है। योग करने से एकाग्रता बढ़ती है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सभी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें, ताकि घर-घर योग की अलख जगाई जा सके। इस मौके पर आरटीए गिरीश कुमार, जिप सीईओ सुरेश राविश, डीडीपीओ कंवर दमन, डीआईपीआरओ नसीब सिंह सैनी, डीडीए डॉ. बाबू लाल, डीएचओ हीरा लाल, डीएसओ राज रानी, डीआईओ दीपक खुराना, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी शंकुतला दहिया, रैडक्रॉस सचिव रामजी लाल, आईटीआई प्रिंसीपल सतीश मच्छाल, योग विशेषज्ञ डॉ. एचएस हुड्डा, कोच गुरमीत सिंह, चेतन शर्मा, राजेश कुमार, देवेंद्र, प्रशांत, जोगिंद्र, रोहताश, रीटा, ऊषा, रमेश कुमार, राहुल शर्मा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



## बल्ला मंडल में प्रधानमंत्री के 11 साल के कार्यकाल की संकल्प से सिद्धि पर हुई मीटिंग

**मूनक, 18 जून ( जय भगवान ) :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर बल्ला मंडल के गांव मूनक में एक मिटिंग आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला सचिव पंकज कंबोज, मेहर सिंह कलामपुर, राज गोदारा वरिष्ठ भाजपा नेता मौजूद रहे। मेहर सिंह कलामपुर ने सरकार की उपलब्धियों को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में 11 सालों में ऐतिहासिक कार्य हुए है। उन्होंने केंद्र सरकार की अब तक की उपलब्धियों को देश के लिए ऐतिहासिक एवं दिशा निर्धारक बताया और कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे सरकार की जनहितकारी नीतियों को घर-घर तक पहुंचाएं। राज सिंह गोदारा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने बीते 11 वर्षों में अभूतपूर्व तरक्की की है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के सिद्धांत पर चलते हुए गरीबों, किसानों, महिलाओं, युवाओं और समाज के हर वर्ग के लिए योजनाएं चलाईं, जिनका लाभ सीधा अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है। उन्होंने बताया कि विदेश में आज भारतीयों को पूरा मान सम्मान मिलता है आर्थिक स्थिति में चौथे नंबर पर भारत का नाम आता है। देश के आर्थिक विकास के लिए अच्छी सडकों का होना बहुत जरूरी है। सरकार द्वारा छोटी बड़ी सड़क राजमार्गों का निर्माण किया गया है। जिला सचिव पंकज कंबोज ने बताया कि प्रधानमंत्री के 11 वर्ष कार्यकाल में गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत 81 करोड़ लाभार्थियों को मुफत में राशन दिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 करोड़ मकान बनाए गए। हर घर जल योजना के अंतर्गत 15 करोड़ ग्रामीण परिवार को नल से जल मिला। प्रधानमंत्री बीमा योजना के तहत 51 करोड लोगों को सुरक्षा कवरेज में लिया गया। 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को आयुष्मान योजना के तहत पर 5 का इलाज मुफ्त में दिया गया। उन्होंने बताया कि कितनी योजना लाई गई गिनती करूं तो गिनती की नहीं जाती। नौकरियां योग्यता के आधार पर दी गई । इस मीटिंग में एसी मोर्चा के अध्यक्ष ओमप्रकाश,मंडल अध्यक्ष जय भगवान जांगडा,रोहित पांचाल, प्यारेलाल, दलबीर, नवीन कुमार, सुखदेव पांढा, हुकुमचंद दर्जनों मंडल के पदाधिकारी मौजूद है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को मनाने के लिए योग विशेषज्ञों द्वारा दी गई ट्रेनिंग : विनती

**पिहोवा, 18 जून ( विवेक ) :** तहसीलदार विनती ने कहा कि 21 जून को कुरुक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा, जिसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी विशेष तौर पर योग के लिए लोगों को प्रेरित करेंगे। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को मनाने के लिए बुधवार को डीएवी स्कूल पिहोवा में योग विशेषज्ञों द्वारा शहर के लोगों को योग का अभ्यास करवाया गया। तहसीलदार विनती ने कहा कि उपमंडल अधिकारी नागरिक कपिल कुमार के निर्देशानुसार बुधवार को डीएवी स्कूल पिहोवा में शहरवासियों के अतिरिक्त विभिन्न विभागों के अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने योग अभ्यास में हिस्सा लिया। इसके अतिरिक्त विभिन्न स्कूली बच्चों ने भी योग अभ्यास में हिस्सा लिया तथा योग किया। उन्होंने आए हुए सभी विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों और संस्थाओं का अभिवादन किया। उन्होंने कहा कि मानव शरीर में शारीरिक रोगो से लडने् और मानसिक तनाव को दूर करने में योग सकारात्मक भूमिका निभाता है। योग हमारी भारतीय प्राचीन पद्धति है, परंतु अब योग का प्रसार पूरे विश्व में फैल चुका है। इसी तर्ज पर हर वर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है, जिसमें पूरा विश्व एक होकर योग करता है तथा अपनी जीवन शैली को दुरुस्त करता है।

बुधवार को योग अभ्यास में भारतीय योग संस्थान के महेश तलवाड ने मंत्रो उच्चारण के साथ योग शुरू करवाया तथा ग्रीवा चालन, स्कंध संचालन, कटी चालन, घुटना संचालन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्धचक्रासन, त्रिकोणापसन, भद्रासन योग क्रियाओं का सभी लोगों को अभ्यास करवाया। इसके अतिरिक्त भारतीय योग संस्थान के प्रधान टेक चंद व पुनम गर्ग ने सेतुबंधासन, उत्तानपादासन, अर्धहलासन, पवनमुक्तासन का अभ्यास करवाया। भारतीय योग संस्थान के किरण कुमार ने प्राणायाम ध्यान का अभ्यास करवाया गया। अंत महेश तलवाड ने आए हुए सभी लोगों को संकल्प दिलाया कि आज जो भी योग का अभ्यास करवाया उसको अपने जीवन में अपनाकर प्रतिदिन योग करें तथा अपनी जीवन शैली में सुधार करें।

इस अवसर पर डीएवी स्कूल व आयुष विभाग के प्रतिनिधियों ने तहसीलदार विनती को पौधा देकर सम्मानित किया। योग अभ्यास को यादगार बनाने के लिए आयुष विभाग द्वारा पिहोवा में 100 पौधे लगाए जाएंगे।

इस अवसर पर मार्केट कमेटी सचिव चंद्र सिंह, नगर पालिका सचिव मोहनलाल, संदीप कुमार, राजेंद्र कुमार, जगदीश शर्मा, संजीव शर्मा, वरुण अत्री, दिनेश भाटीया, आयुष विभाग से शुभम गर्ग एएमओ, गुरप्रीत सिंह एचएमओ, राजीव गर्ग, सरोज गर्ग व विभिन्न गांवों के सरपंच व पंच, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, रिवेन्यू विभाग व विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों तथा स्कूली बच्चों ने योग अभ्यास में बढ़ चढ़ कर भाग लिया।



## निगम की टीम ने डोर टू डोर दुकानदारों को किया स्वच्छता के प्रति जागरूक

**यमुनानगर, 18 जून ( दिनेश कुमार ) :** स्वच्छता पखवाड़ा के तहत वीरवार को नगर निगम की टीम ने स्नेह सेवा ट्रस्ट संस्था के साथ रेलवे रोड व जगाधरी वर्कशॉप रोड पर दुकानों पर डोर टू डोर जाकर दुकानदारों को सफाई के प्रति जागरूक किया। दुकानदारों को सूखा व गीला कचरा अलग अलग रखने के लिए नीला व हरा डस्टबिन रखने की अपील की गई। जिन दुकानदारों द्वारा अलग अलग डस्टबिन रखे हुए थे, उनकी सराहना भी की गई। मेयर सुमन बहमनी व नगर निगम आयुक्त अखिल पिलानी के निर्देशों पर एक जून से 21 जून तक स्वच्छता पखवाड़ा चलाया जा रहा है। पखवाड़े के तहत बुधवार को नगर निगम की आईईसी एक्सपर्ट पूजा अग्रवाल, स्नेह सेवा ट्रस्ट की राष्ट्रीय अध्यक्ष ममता सेन व निगम के विभिन्न सफाई निरीक्षक रेलवे रोड पर पहुंचे। टीम द्वारा पहले शहीद भगत सिंह चौक से महावीर चौक तक दुकानदारों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इसके बाद महाराणा प्रताप चौक से आईटीआई तक डोर टू डोर दुकानों पर जाकर दुकानदारों को जागरूक किया। दुकानदारों को अपने आसपास सफाई रखने, सूखे व गीले कचरे के लिए अलग अलग डस्टबिन रखने, प्रतिबंधित पॉलिथीन का इस्तेमाल न करने के प्रति जागरूक किया। निगम की टीम व समाजसेवी संस्था के पदाधिकारियों ने आसपास के लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। उन्होंने लोगों को खुले में कचरा न डालने, सूखा व गीला कचरा अलग अलग करके निगम के वाहन को देने व प्रतिबंधित पॉलिथीन का इस्तेमाल न करने के प्रति जागरूक किया गया।




## धान रोपाई की जगह करें किसान बिजाई, जिससे होगी पानी की भारी बचत : विकास पंवार

**चिड़ाव, 18 जून ( प्रवीन कुमार ) :** चिडाव खंड के गांव औंगद व प्यौंत में बुधवार को कृषि एवं कल्याण विभाग की ओर से फसल विविधिकरण कार्यक्रम के तहत धान की सीधी बिजाई का जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें करीब दो दर्जन किसानों ने भाग लिया। कैंप का आयोजन कृषि विभाग के उप कृषि निदेशक डा. वजीर सिंह के आदेशानुसार खंड कृषि अधिकारी डा. कर्मवीर गिरी की अध्यक्षता में कृषि विभाग के सहायक तकनीकी प्रबंधक विकास पंवार व संदीप जांगड़ा ने किसानों को धान की सीधी बिजाई के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में धान की खेती करने के लिए सिंचाई के पानी की ज्यादा आवश्यकता होती है,लेकिन पर्यावरण के लिहाज से धान की सीधी बुआई के कई फायदे है । उन्होंने बताया कि कई बार मानसून की बेरूखी,नहरी पानी की कमी और गिरते भूजल स्तर के कारण सिचाई के पानी की कमी के कारण किसानों के लिए धान की खेती घाटे का कारण बन सकती है। उन्होंने बताया कि धान की रोपाई विधि के बजाय धान की सीधी बिजाई विधि अपनाकर 40 प्रतिशत तक पानी की बचत कर कर सकते हैं। विकास पंवार ने किसानों को बताया कि किसान पानी की बचत में सबसे अधिक योगदान दे सकते हैं। भूमिगत जल का सबसे अधिक दोहन कृषि कार्य में किया जाता है। विकास पंवार ने कहा कि निरंतर नीचे खिसकते जा रहे भूजल स्तर का मुख्य कारण भी धान की फसल है। जिसकी पैदावार के लिए किसानों ने अपने पीने योग्य मीठे जल के भंडार को खत्म करने की ठान ली है। यदि इसी रफ्तार से अमूल्य भूमिगत जल का दोहन होता रहा तो वह दिन दूर नही जब लोग पीने के पानी को भी तरस जाऐगें। सोना उगलने वाली कृषि योग्य भूमि पानी के अभाव में बंजर बन जाऐगी। जिसके परिणाम स्वरूप न तो धरती के गर्भ में पानी रहेगा और न ही ऊपर अनाज उगेगा। जिससे जन जीवन संकट में पड़ जाऐगा। पानी की कीमत से बेखबर अधिकत्तर किसान अभी भी पुराने ढर्रे से खेती करते है। जबकि समय की मांग के अनुसार किसानों को जलसंरक्षण करने में अपना अहम योगदान देते हुए आधुनिक तकनीक से खेती करनी चाहिए। किसानों को कृषि की पुरानी पद्धती का परित्याग करते हुए धान रोपाई की जगह बिजाई, करनी चाहिए। जिससे भारी मात्रा में पानी की बचत के साथ साथ कम खर्च पर फसल की अच्छी पैदावार भी मिल सकेगी। सहायक तकनीकी प्रबंधक संदीप जांगड़ा ने किसानों को विभगा द्वारा चलाई गई स्कीमों के बारे में अवगत करवाया। इस मौके हाकम सिंह, राजकुमार भार्गव, गौतम पांचाल, ईशम सिंह, रोहताश, कुलदीप सिंह, दलविंद्र सिंह सहित अन्य किसान मौजूद रहे।




## आदेश मैडिकल कालेज में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया

*योग को जीवन में अपनाकर हम रह सकते हैं स्वस्थ : डा. गुणतास गिल*




**शाहाबाद मारकंडा, 18 जून ( रूबी ) :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में मोहड़ी स्थित आदेश मेडिकल कालेज व अस्पताल में योग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आदेश अस्पताल के निदेशक डा. गुणतास सिंह गिल एवं प्रिंसीपल डा. एनएस लांबा ने उपस्थिति दी और युवाओं से योग को जीवनशैली में शामिल करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का आयोजन कम्युनिटी मेडिसिन विभाग द्वारा विभागाध्यक्ष डा. विक्रांत प्रभाकर की देखरेख में किया गया। जिसका संचालन डा. विजय विवेक, डा. नेहा गौर और डॉ. प्रांजल धीर ने किया। इसमें डा. सुशील दलाल एवं डा. परमाल सैनी का भी विशेष सहयोग रहा। आयुष विभाग अंबाला एवं हरियाणा योग आयोग के सहयोग से कई प्रतिष्ठित योग विशेषज्ञों और वक्ताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। योगाचार्य पंकज कुमार ने योगासन और प्राणायाम का जीवंत प्रदर्शन किया। योग को लेकर वक्ताओं अंबाला से आयुर्वेदिक मेडिकल ऑफिसर डा. समीधा शर्मा, ब्रह्माकुमारी प्रीति बहन, डा. वृंदा आयुर्वेदिक मेडिकल ऑफिसर एवं डा. निधीश कुमार यादव सहित सभी ने योग के शारीरिक, मानसिक और आत्मिक लाभों पर प्रकाश डाला। छात्रों, फैक्ल्टी और अस्पताल स्टाफ ने बढ़-चढक़र भाग लिया और योग प्रशिक्षकों द्वारा सिखाए गए आसनों को बड़े उत्साह के साथ सीखा।

## ब्रह्मसरोवर पर 19 व 20 को सैर व स्नान करने पर रहेगी रोक : नेहा सिंह

**कुरुक्षेत्र, 18 जून ( सुदेश कुमार ) :** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव 2025 के राज्य स्तरीय कार्यक्रम के मद्देनजर 19 व 20 जून को ब्रह्मसरोवर परिसर पर सैर व स्नान करने पर रोक रहेगी। इस दौरान शहर के नागरिकों व बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को ब्रह्मसरोवर परिसर में सैर करने व स्नान करने की अनुमति नहीं मिलेगी, क्योंकि ब्रह्मसरोवर पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियां बिना किसी रुकावट के पूरी की जाएं। ये कार्यक्रम कुरुक्षेत्र के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ने का काम करेगा। इस योग महाकुंभ में एक लाख प्रतिभागी एकसाथ योग, प्राणायाम व ध्यान की क्रियाओं को करते हुए विश्व स्तर पर रिकॉर्ड कायम करेंगे। उन्होंने कहा कि एक लाख लोगों के बैठने के लिए ब्रह्मसरोवर को 64 सेक्टरों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक सेक्टर में एक हजार नागरिक बैठेंगे। इन सेक्टरों के लिए चयनित क्षेत्र की अलग से पहचान के लिए बेरीकेटिंग की जा रही है। उपायुक्त ने नागरिकों से अपील की है कि वो 19 व 20 जून को ब्रह्मसरोवर परिसर पर सैर व स्नान करने के लिए ना जाएं।

## जिला स्तरीय समन्वयक एवं समीक्षा समिति की बैठक आयोजित

**हिसार, 18 जून ( मनमोहन शर्मा ) :** लघु सचिवालय परिसर स्थित जिला सभागार में अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वयक एवं समीक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई और संबंधित बैंकों और विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। एलडीएम ने विनोद कुमार ने विभिन्न योजनाओं की स्थिति पर विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। एलडीएम ने बताया कि विभिन्न बैंक शाखाओं में मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के 114 ऋण आवेदन वितरण के लिए लंबित हैं। इस पर अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा ने बैंक ऑफ बड़ौदा, केनरा बैंक, इंडसइंड बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और आईसीआईसीआई बैंक के डीसीओ को लंबित आवेदनों के लिए 10 दिनों के भीतर लिखित कारण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। पशुपालन मामलों में सब्सिडी न मिलने की शिकायत पर अतिरिक्त उपायुक्त ने संबंधित विभागाध्यक्ष को लंबित सब्सिडी दावों का विवरण शीघ्र प्रस्तुत करने और मुख्यालय से पत्राचार करने के भी निर्देश दिए। पीएम स्वनिधि योजना की प्रगति की समीक्षा में पाया गया कि 913 आवेदन स्वीकृति के लिए तथा 280 आवेदन वितरण के लिए लंबित हैं। इस पर अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा ने सभी बैंकों को पोर्टल के संचालित होने पर लंबित मामलों का त्वरित निपटारा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। पीएम विश्वकर्मा योजना की समीक्षा के दौरान पाया गया कि 174 आवेदन स्वीकृति और 173 आवेदन वितरण के लिए लंबित हैं। उन्होंने संबंधित बैंकों के डीसीओ को त्वरित कार्रवाई के लिए निर्देश दिए। विशेष रूप से एसबीआई, यूबीआई और एचडीएफसी बैंक को लंबित मामलों के लिए 10 दिनों के भीतर लिखित कारण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। पीएमएफएमई योजना की प्रगति की समीक्षा के दौरान एलडीएम ने सभी बैंकों के डीसीओ को लंबित आवेदनों का तत्काल निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने 6 महीने से अधिक समय से लंबित मामलों के लिए बैंकों को त्वरित कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। मुद्रा योजना के तहत 31 मार्च तक की कुल बकाया ऋण और एनपीए की समीक्षा के दौरान बैंकों को कम आय वाले व्यवसाय मालिकों को सहायता सुनिश्चित करने के लिए वितरण में तेजी लाने की सलाह दी गई। अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा ने सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत कवरेज बढ़ाने के लिए अतिरिक्त प्रयास पर बल दिया गया। सभी बैंकों को शिविर आयोजित करने और जागरूकता बढ़ाने के लिए निर्देश दिए गए। जिले में संचालित एफएलसी और सीएफएल की प्रगति की समीक्षा की गई। उन्होंने बैंकों को रिक्त एफएलसी पदों को प्राथमिकता के आधार पर भरने का निर्देश दिया। अतिरिक्त उपायुक्त ने डीसीओ को वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए संभावित लिंक्ड प्लान (पीएलपी) की तैयारी के लिए डेटा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। बैंकों को टियर-6 केंद्रों में अनबैंकड ग्रामीण केंद्रों (यूआरसी) में नई शाखाएं खोलने को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। डीसीओ को ग्रामीण शाखाओं द्वारा प्रत्येक माह कम से कम एक वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित करने और भविष्य की बैठक में विवरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। सभी संबंधित बैंकों और विभागों से अपेक्षित कार्रवाई समयबद्ध तरीके से करने का आह्वान किया गया ताकि योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंच सके। बैठक में एक्सिस बैंक, कैपिटल एसएफ बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया और इंडसइंड बैंक के डीसीओ गैरहाजिर रहे। अतिरिक्त उपायुक्त ने एलडीएम को इन बैंकों को नोटिस जारी करने और कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर आरबीआई के एलडीओ आलोक रंजन, नाबार्ड से डीडीएम स्वरदीप सिंह, प्रदीप कुमार व संबंधित बैंकों के डीसीओ उपस्थित रहे।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम को लेकर जिला पुलिस पूरी तरह से अलर्ट व सतर्क : नीतीश अग्रवाल

**कुरुक्षेत्र, 18 जून ( सुदेश कुमार ) :** पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम को लेकर जिला पुलिस पूरी तरह से अलर्ट व सतर्क है। जिला में कानून व्यवस्था, यातायात व्यवस्था और पार्किंग की उचित व्यवस्था की योजना तैयार की गई। किसी भी प्रकार की आपात स्थिति से निपटने की योजना भी पुलिस ने बना ली है। जिला पुलिस अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम को लेकर पूरी तरह से तैयार है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल बुधवार को लघु सचिवालय स्थित कार्यालय में राज्य स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने अपनी टीम के साथ ब्रह्मसरोवर, मेला क्षेत्र, अनाज मंडी, थीम पार्क और इन स्थानों को जोडने् वाले मार्गों का निरीक्षण भी किया। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने कहा कि कार्यक्रम में कोई अव्यवस्था न हो और कोई प्रतिभागी ब्रह्मसरोवर के पानी के नजदीक न जाए। इसके लिए ब्रह्मसरोवर में घाटों की तरफ पुलिस के कर्मचारियों की डयूटी लगाई जाएगी। साथ ही घाट में नाव व अन्य बचाव दलों को तैनात किया जाएगा, जो कार्यक्रम के दौरान हर गतिविधि पर नजर रखेंगे। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 1 लाख योग साधकों के एकसाथ योग, व्यायाम, प्राणायाम करने के लिए पहुंचना है।

इन लोगों के आते व वापस जाते समय यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखी जाएगी। करीब 37 हजार स्कूली विद्यार्थी जिलेभर से कार्यक्रम में पहुंच रहे हैं। शहर के बाहर से आने वाले प्रतिभागियों को कार्यक्रम स्थल के नजदीक उतारकर वाहनों को पार्किंग में भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि पुलिस का प्रयास रहेगा कि प्रतिभागी कम से कम दूरी को पैदल चलकर कवर करे। कुरुक्षेत्र के गांवों और अन्य जिलों से बसों में आने वाले प्रतिभागी के वाहनों की पार्किंग की उचित व्यवस्था की गई है। बसों के लिए थीम पार्क, नई अनाज मंडी में पार्किंग स्थल बनाए गए है। इसके अलावा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र तथा गीता स्कूल कुरुक्षेत्र में बसों की पार्किंग व्यवस्था करने के वैकल्पिक स्थान भी चिन्हित की गई है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान भीड़ नियंत्रण, प्रवेश एवं निकासी व्यवस्था, आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली की तैयारी सुनिश्चित करने के लिए पुलिस विभाग को विशेष सतर्कता बरती जाएगी। इस मौके पर हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डा. जयदीप आर्य, एडीसी सोनू भट्ट, एएसपी प्रतीक गहलोत सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अंतर्गत आयोजित योग मैराथन में दौड़े हजारों युवा

**सोनीपत, 18 जून ( विनोद ) :** जिला को योग युक्त, नशा मुक्त बनाने के संकल्प के साथ 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को आयोजित योग मैराथन में जिला के हजारों युवा दौड़े, जिसमें स्कूली बच्चे, खिलाड़ी, आमजन तथा आयुष व खेल विभाग के कर्मचारी शामिल रहे। इस दौरान मुख्यातिथि के तौर पर पहुंची नगराधीश डॉ. अनमोल ने लघु सचिवालय से योग मैराथन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान नगराधीश ने उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि योग का अर्थ है जोड़ना। योग स्वस्थ जीवन जीने का विज्ञान है, इसलिए इसे दैनिक जीवन में शामिल किया जाना चाहिए। 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम 21 जून (शनिवार) को सुबह 6.00 बजे जटवाड़ा स्थित खिज्र मकबरा में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को योग अवश्य करना चाहिए। आज योग का महत्व पूरी दुनिया जानने लगी है और यह हमें हमारी संस्कृति व संस्कारों से जोडऩे का काम भी करता है। उन्होंने जिला वासियों से आह्वान किया कि वे 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे और कार्यक्रम की शोभा बढाएं। उन्होंने बताया कि जिला स्तर के अलावा यह कार्यक्रम सभी ब्लॉक स्तर




ऐतिहासिक स्थलों पर भी आयोजित होंगे। इस मौके पर जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ0 राम अवतार सिंह, जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार, आयुष विभाग से वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ0 संजय शर्मा सहित आयुष व खेल विभाग के कर्मचारी व गणमान्य व्यक्ति व युवा मौजूद रहे।

**नगराधीश डॉ. अनमोल ने योग मैराथन के विजेताओं को किया सम्मानित :** बुधवार को आयोजित योग मैराथन में तीन वर्ग बनाए गए थे, जिसमें पहला वर्ग 15 वर्ष तक के बच्चों का था, दूसरा वर्ग 15 से 30 साल तक के युवाओं तथा तीसरा वर्ग 30 साल से अधिक उम्र के व्यक्यिों के लिए था। इस दौरान नगराधीश डॉ0 अनमोल ने तीनों वर्ग में विजेता लडक़ों व लड़कियों को सम्मानित किया। इस दौरान पहले वर्ग के लडक़ों में पहला स्थान नैतिक, दूसरा स्थान मनीन्द्र तथा तीसरा स्थान अंशुल तथा लड़कियों में पहला स्थान भारती, दूसरा स्थान अंशिका तथा तीसरा स्थान काजल ने प्राप्त किया। इसी प्रकार 15 से 30 वर्ष के आयु वर्ग के लडक़ों में प्रथम स्थान पर आयुष, द्वितीय स्थान बंसत तथा तृतीय स्थान रोहित तथा लड़कियों में प्रथम स्थान मुस्कान, द्वितीय स्थान आस्था तथा तृतीय स्थान नेहा ने प्राप्त किया। इसके अलावा 30 साल से अधिक आयु वर्ग की लड़कियों में पहला स्थान नीलम, दूसरा स्थान पूजा तथा तीसरा स्थान सरिता तथा लडक़ों में रिंकु प्रथम स्थान पर रहे।

# पेयजल के अवैध कनेक्शनों पर कार्रवाई की तैयारी में विभाग, जल्द चलेगा अभियान : हरविंद्र शर्मा

**चिड़ाव, 18 जून ( प्रवीन कुमार ) :** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग अब अवैध पेयजल कनेक्शन पर कार्रवाई की तैयारी में है। शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में विशेष अभियान चलाकर शत प्रतिशत अवैध कनेक्शन को काटने के साथ साथ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मंगलवार को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के उपमंडल अधिकारी हरविंद्र शर्मा ने बताया कि पेयजल वितरण लाइन पर किए गए अवैध पेयजल कनेक्शन को हटाने के लिए विभाग की ओर से विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि अवैध पेयजल कनेक्शन को 15 दिनों तक नियमित नहीं करवाया गया, तो विभाग की



ओर से संख्त कार्रवाई की जाएंगी। उपमंडल अधकारी हरविंद्र शर्मा ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अपने अवैध पेयजल कनेक्शन को निर्धारित प्रक्रिया अपनाकर नियमित करवा ले।

उन्होंने बताया कि शहर के 13 वार्डों में करीब 4900 मकान हैं,जिसमें से करीब 894 लोगों ने ही पेयजल के कनेक्शन ले रखे हैं। उन्होंने बताया कि अवैध पेयजल कनेक्शन व पानी की चोरी करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। अवैध पेयजल कनेक्शन से नियमित जल उपभोक्ताओं को उचित मात्रा व सही दबाव पर पेयजल की आपूर्ति नहीं हो पाती है। अनिधिकृत व्यक्तियों की ओर से किए गए अवैध जल कनेक्शन की वजह से लीकेज आदि की समस्या होती है। इससे दूषित पानी आने की शिकायतें भी आती है और पानी की गुणवत्ता भी प्रभावित होती है। इस प्रकार जल जनित रोग होने से उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता है।

# एक देश-एक चुनाव से लोकतंत्र को मिलेगा नया आयाम : सुमन बहमनी

**यमुनानगर, 18 जून ( दिनेश कुमार ) :** नगर निगम की महापौर सुमन बहमनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रस्तुत एक देश एक चुनाव की परिकल्पना एक भारत, श्रेष्ठ भारत की दिशा में एक ठोस और दूरदर्शी कदम है। इससे देश में लोकतांत्रिक प्रक्रिया और अधिक मजबूत होगी और संसाधनों की भी बचत होगी। महापौर सुमन बहमनी ने कहा कि बार-बार होने वाले चुनावों से राज्य में विकास कार्यों की गति प्रभावित होती है। हरियाणा में बीते एक वर्ष में लगातार तीन बड़े चुनाव हुए, जिनमें लोकसभा, विधानसभा और नगर निकाय चुनाव शामिल रहे। बार-बार आचार संहिता लागू होने से विकास कार्य ठप्प पड़ जाते हैं और प्रशासनिक मशीनरी भी चुनावी कार्यों में व्यस्त हो जाती है, जिसका सीधा असर आमजन पर पड़ता है।



**संसाधनों की बचत, लोकतंत्र में बढ़ेगी भागीदारी:**-महापौर ने बताया कि एक देश एक चुनाव लागू होने से संसाधनों की बचत होगी और जनता की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी और अधिक बढ़ेगी। अलग-अलग समय पर चुनाव कराए जाने से खर्च में बढ़ोतरी होती है और मतदाताओं का उत्साह भी कम होता है। यदि चुनाव एक साथ कराए जाएं तो लोकतंत्र को नया आयाम मिलेगा और जनभागीदारी भी अधिक सशक्त होगी। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सामाजिक-सांस्कृतिक कारकों का ध्यान जरूरी है।

**सशक्त लोकतंत्र की ओर एक महत्वपूर्ण कदम:**महापौर सुमन बहमनी ने कहा कि वन नेशन, वन इलेक्शन न सिर्फ आर्थिक दृष्टि से लाभकारी है, बल्कि इससे लोकतंत्र की मजबूती और आमजन की सहभागिता को भी बल मिलेगा। हरियाणा सरकार द्वारा इस प्रस्ताव को समर्थन देने से यह साबित होता है कि राज्य सरकार लोकतंत्र को मजबूत करने के हर प्रयास में अग्रणी भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि यमुनानगर नगर निगम भी इस सोच का समर्थन करता है और हम सब मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के सपने को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# नागरिक अस्पताल में टीबी मुक्त भारत अभियान को लेकर समीक्षा बैठक सम्पन्न

**हिसार, 18 जून ( मनमोहन शर्मा ) :** टीबी मुक्त भारत अभियान को और अधिक सशक्त और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से बुधवार को महाराजा अग्रसेन नागरिक अस्पताल हिसार में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

इस बैठक की अध्यक्षता सिविल सर्जन डॉ. सपना गहलावत ने की। सिविल सर्जन डॉ सपना गहलावत ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि टीबी उन्मूलन केवल चिकित्सा व्यवस्था की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह एक सामाजिक जिम्मेदारी भी है।

उन्होंने कहा कि जब तक समाज के हर वर्ग, विशेषकर निजी क्षेत्र की सक्रिय भागीदारी नहीं होगी, तब तक इस बीमारी को जड़ से समाप्त करना कठिन होगा। सिविल सर्जन ने निजी संस्थानों से आह्वान किया कि वे अपनी संस्थाओं में कर्मचारियों की टीबी जांच नियमित रूप से करवाएं और कार्यस्थलों पर जागरूकता शिविरों का आयोजन सुनिश्चित करें।

सिविल सर्जन डॉ सपना गहलावत ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों, निर्माण स्थलों और अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष टीबी जांच शिविर लगाए जा रहे हैं, जिससे अधिक से अधिक संदिग्ध मामलों की समय रहते पहचान हो सके। उन्होंने निजी संस्थाओं से आग्रह किया कि वे टीबी मरीजों को निक्षय मित्र बनकर गोद लें और उनके पोषण, उपचार व देखभाल में स्वास्थ्य विभाग का सहयोग करें। इस अवसर पर जिला टीबी अधिकारी ने जिले में चल रहे टीबी उन्मूलन कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी और बताया कि जिला स्तर पर टीबी रोगियों की संख्या में कमी लाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि टीबी एक पूर्णत: उपचार योग्य रोग है, और समय पर इलाज से मरीज सामान्य जीवन जी सकते हैं। बैठक में शामिल सभी ने टीबी मुक्त भारत अभियान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और सहयोग देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि वे अपने संस्थानों में न केवल स्क्रीनिंग कैंप लगाएंगे, बल्कि टीबी मरीजों के लिए अतिरिक्त सहायता योजनाएं भी प्रारंभ करेंगे।

# कांगथली में पनीर बनाने वाली फैक्ट्री में छापेमारी

*टीम द्वारा 21 क्विंटल 25 किलो पनीर जब्त, मौके पर करवाया नष्ट, चार सैंपल लेकर जाँच के लिए भेजे*

*खाने के सामान की गुणवत्ता से नहीं होगा समझौता : एसडीएम*

**कैथल/गुहला-चीका, 18 जून ( प्रवेश बहादुर ) :** एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह की अगुवाई में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने कांगथली में सिंगला ट्रेडर्स नाम की पनीर बनाने वाली फैक्ट्री पर छापेमारी की गई। निरीक्षण के दौरान टीम द्वारा मौके पर मिले पनीर की जांच की गई तथा सैंपल लिया गया। पनीर खाने में सही नहीं मिलने पर टीम ने कार्रवाई करते हुए 21 क्विंटल 25 किलो पनीर जब्त करके



उसे मौके पर ही नष्ट करवाया गया। एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने कहा कि नकली पनीर खाना सेहत के लिए बहुत ही नुकसानदायक है, इससे हमारे शरीर पर बुरा असर पड़ता है। हमें सभी को हमेशा सावधानी बरतनी होगी, यदि हम कहीं से पनीर व दूध आदि ले रहे हैं तो उसके मिलावट की पहचान कर लें। यदि सही नहीं है तो इसकी सूचना तुरंत प्रशासन के संज्ञान में लेकर आएं।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ पवन चहल ने कहा कि कांगथली में सिंगला ट्रेडर्स नाम की फैक्ट्री में दूध, घी, पनीर आदि खाद्य सामान का निरीक्षण किया गया। टीम द्वारा जब पनीर को खाकर देखा तो वह खाने में सही नहीं पाया गया। उन्होंने मौके पर 21 क्विंटल 25 किलो पनीर को जब्त किया गया तथा मौके पर ही उसे नष्ट किया गया। टीम द्वारा फैक्ट्री से चार सैंपल लिए गए, जिसमें एक सैंपल पनीर का, एक घी का तथा दो सैंपल दूध के लिए गए, जिनको लेबोरेटरी में जांच के लिए भेजा गया। सैंपल खाद्य सुरक्षा मानक पर सही नही पाए जाएंगे तो संबंधित फैक्ट्री के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा समय-समय पर छापेमारी की जाती है। यदि कोई व्यक्ति खाद्य सामान में मिलावट करता पाया जाता है या फिर सैंपल भेजने पर खाद्य सुरक्षा मानको पर सही नहीं उतरते तो उनके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाती है।

# जिला कारागार करनाल में 850 कैदियों को योगाभ्यास करवाया : नवीन सन्दूजा

**करनाल, 18 जून ( रविन्द्र मलिक ) :** आयुष विभाग करनाल के योग विशेषज्ञ डॉ अमित पुंज ने बताया कि आयुष विभाग करनाल तथा हमारा मिशन स्वस्थ भारत के संयुक्त तत्वाधान में करनाल के मुख्य योग शिक्षक नवीन सन्दूजा एवं उनकी टीम ने जिला कारागार करनाल में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण का अभ्यास करवाया। जिला कारागार करनाल में जेल अधीक्षक जिला कारागार करनाल लखबीर सिंह बराड़ एच.पी.एस. की अध्यक्षता में तथा डीएसपी श्री चरण सिंह, डीएसपी शैलाक्षी भारद्वाज व डीएसपी विवेक सांगवान की देखरख में जिला कारागार में 31 मई से 21 जून तक



आयुष विभाग करनाल द्वारा विशेष योग शिविर लगाया जा रहा है। जिसमे आज 850 कैदियों ने भाग लिया, जिसमें हमारा मिशन स्वस्थ भारत के संस्थापक नवीन संदूजा, जेपी पसरिचा, कमल चोपड़ा, मीनाक्षी मित्तल, कविता चौहान, कविता चौबे एवं आयुष विभाग से आयुष योग सहायक सोनू गीता एवं कुसुम रानी ने पुरुष व महिला कैदियों को योगाभ्यास करवाया। हमारा मिशन स्वस्थ भारत संयोजक नवीन संदूजा ने बताया कि 11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया। तब से, दुनिया भर में लाखों लोग योग के अभ्यास से एकजुट होकर हर साल इस दिन को मनाते हैं। हम सबको भी मिलकर प्रतिदिन नियमित रूप से योगाभ्यास का प्रण लेना चाहिए क्योंकि योग से ही संपूर्ण स्वास्थ्य प्राप्ति संभव हो सकती है।

# दीनबंधु छोटूराम थर्मल पावर प्लांट में करवाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस प्रोटोकॉल का अभ्यास

**यमुनानगर, 18 जून ( दिनेश कुमार ) :** महानिदेशक आयुष विभाग हरियाणा के निर्देशानुसार एवं उपायुक्त पार्थ गुप्ता के मार्गदर्शन में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. प्रतिभा भाटिया के नेतृत्व में बुधवार को डीसीआरटीपीपी यमुनानगर में अधिकारियों व कर्मचारियों को 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया गया। जिसमें थर्मल प्लांट के मुख्य अभियंता रमन सोबती मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. प्रतिभा भाटिया ने जानकारी देते हुए कहा कि दीनबंधु छोटू राम थर्मल पावर प्लांट में आयुष विभाग से जिला योग समन्वयक डॉ. सुनील कुमार, योग विशेषज्ञ डॉक्टर शिव सैनी, आयुष योग सहायक दीपक बडोला व सोनिया आर्य के द्वारा 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया गया तथा हार्टफु लनेस संस्था के कोच सुधीर चड्ढा के द्वारा ध्यान से संबंधित अभ्यास भी करवाया गया तथा जिले की सभी व्यायामशालाओं एवं औषद्यालयों में भी आयुष योग सहायकों के द्वारा योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया गया है जिसमें जिले के लगभग 1000 से अधिक योग साधकों, अधिकारियों एवं



कर्मचारियों ने भाग लिया गया व कल 19 जून 2025 को जिले के सभी ब्लॉक व गांव में योग जागरण यात्रा भव्य रूप से निकाली जायेगी। मुख्यातिथि मुख्य अभियंता रमन सोबती ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि सभी अधिकारियों/कर्मचारियों ने इस ट्रेनिंग सेशन का भरपूर लाभ उठाया। कार्यकारी अभियंता और कार्यक्रम के को-ऑर्डिनेटर हरिंद्र मोहन ने आए हुए प्रशिक्षक टीम के सभी बंधुओं का धन्यवाद किया एवं उनकी ट्रेनिंग कुशलता की प्रशंसा करते हुए कहा कि सरकार द्वारा योग के प्रति किए जा रहे प्रयासों से लोग अपनी अपनी दिनचर्या में योग को शामिल कर रहे हैं और अनेक बीमारियों से बच रहे हैं एवं युवा वर्ग को नशे जैसी बुरी लत से भी बचाया जा रहा है।

इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता रामकुमार, नरेश काम्बोज महेश कुमार कार्यकारी अभियंता और कार्यक्रम के को-ऑर्डिनेटर हरिंद्र मोहन, चरनप्रीत सोढ़ी दविंदर पांचाल, राजीव बुद्धिराजा, संजीव जैन, महिपाल, शमशेर, सुनील, प्रतिभा, श्रद्धा, मीनू आदि उपस्थित रहे।

# डीएलएसए ने नशे के खिलाफ चलाया जागरूकता अभियान

**कुरुक्षेत्र, 18 जून ( सुदेश कुमार ) :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र की सीजेएम एवं सचिव नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र ने जिला ड्रग कंट्रोल अथोरिटी के साथ मिलकर नशे के खिलाफ जागरुकता कैंप लगाए जा रहे हैं। इसके तहत गांधी नगर में यह कैंपेन चलाया गया और और लोगों को नशा ना करने के लिए जागरूक किया गया। उन्हें नशीली दवाइयों के दुरुपयोग के बारे में जागरूक किया गया। उन्हें नालसा ( डीएडब्लयुएन- ड्रग अवेयरनेस एंड वैलनैस नैविगेशन- फॉर ए ड्रग फ्री इंडिया) योजना 2025 के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।



# कुर्की की कार्रवाई के बाद 2 बकायादारों ने 7 लाख 66 हजार रुपये सम्पत्ति कर का किया भुगतान

**करनाल, 18 जून ( परमजीत कौर ) :** नगर निगम की सम्पत्ति कर डिफाल्टरों के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई के बाद अब बकायादारा अपना सम्पत्ति कर भरने में रूचि दिखा रहे हैं। इसके तहत मंगलवार को अटैचमेंट की गई 2 प्रॉपर्टी मालिकों ने 7 लाख 66 हजार रुपये बकाया सम्पत्ति कर नगर निगम में जमा करवा दिया है, जबकि एक अन्य बकायादारा द्वारा भी कार्रवाई से पहले सम्पत्ति कर जमा करवाया गया है। यह जानकारी नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि सम्पत्तियों की कुर्की करने की कार्रवाई नगर निगम द्वारा बकाया राशि वसूल करने के लिए की जाती है। अगर सम्पत्ति धारक प्रत्येक वित्त वर्ष में समय से अपना सम्पत्ति कर जमा करवाते रहें, तो इस तरह की कार्रवाई की जरूरत नहीं पड़ती। उन्होंने स्पष्ट किया कि अगर सम्पत्ति मालिक प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाने में रूचि नहीं लेंगे, तो उन पर कार्रवाई निश्चित रूप से की जाएगी। इन बकायादारों ने भरा सम्पत्ति कर- उन्होंने बताया कि



अस्पताल चौक स्थित बीकानेर भोजनालय द्वारा 3 लाख 88 हजार रुपये तथा सेक्टर-7 स्थित एस.सी.ओ. मालिक द्वारा 3 लाख 78 हजार रुपये बकाया कर का भुगतान कर दिया गया है। इन दोनों की सील खोल दी गई है। अब इन सम्पत्तियों पर नीलामी की कार्रवाई नहीं की जाएगी। इसके अतिरिक्त नेशनल हाईवे-44 स्थित म्यूर ढाबा के पास इंडियन ऑयल पेट्रोल पम्प मालिक द्वारा भी कुर्की की कार्रवाई से बचने के लिए 1 लाख 54 हजार रुपये सम्पत्ति कर का भुगतान किया गया है।

तीनो बकायादारों द्वारा कुल 9 लाख 20 हजार रुपये सम्पत्ति कर का भुगतान किया गया है। निगमायुक्त ने बताया कि डिफाल्टर सम्पत्ति धारकों को नगर निगम की ओर से नोटिस जारी किए जा चुके हैं। अब कार्रवाई की बारी है। उन्होंने बताया कि कुर्की की अगली कार्रवाई में निजी स्कूल, कोचिंग सेंटर व अस्पताल इत्यादि वाणिज्यिक संस्थानों को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि अभी डिफाल्टर संस्थानों के पास कुछ समय है। यह जल्द ही सम्पत्ति कर का भुगतान कर कुर्की की कार्रवाई से बच सकते हैं।

# पार्टी की रीढ़ की हड्डी होते हैं युवा : बख्शीश सिंह विर्क




**असंध, 18 जून ( दलसिह मान ) :** युवा ही पार्टी की रीढ़ की हड्डी होते है। युवा कार्यकर्ता जितना मजबूत होगा,उतनी ही पार्टी मजबूत होगी। युवा वर्ग कांग्रेस पार्टी मे ही अपना भविष्य सुरक्षित समझ रहा है, अब युवा वर्ग राहुल गांधी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने को तैयार है। उपरोक्त विचार पूर्व विधायक बख्शीश सिंह विर्क ने हरियाणा युवा कांग्रेस के चुनाव में ब्लॉक अध्यक्ष असंध बने जतिन बिंदल को मिठाई खिलाकर बधाई देते हुए कहे। नगर की नई अनाज मंडी में युवा अध्यक्ष जतिन बिंदल का पूर्व विधायक बख्शीश सिंह विर्क ने फूल मालाए पहनाकर स्वागत किया। युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष जतिन बिंदल ने कहा कि पार्टी संगठन को मजबूत बनाने के लिए जो जिम्मेदारी लगाएगी उसे पूरा करने का काम करेगें और अधिक से युवाओं को पार्टी के साथ जोडेगें। उन्होंने कहा कि पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेगें। इस अवसर पर एमी ढिल्लो दनौली, राज झब्बर, जसबीर कालोका, गौरा रत्तक, राजीव वैध, संजय दूहन व आजाद सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# भाजपा सरकार प्रदेश की जनता को लूट रही है दोनों हाथों से : शिव बजाज



**करनाल, 18 जून ( संदीप रोहिला ) :** इनेलो नेता शिव बजाज ने हरियाणा सरकार द्वारा बिजली के दामों में बढ़ोतरी किए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भाजपा सरकार प्रदेश की जनता को दोनों हाथों से लूटने का काम कर रही है। आम लोगों पर एक बार फिर महंगाई का चाबुक चलाया गया है। बिजली जनता को दिए जाने वाली बेसिक सुविधा है। बिजली के दामों पर नियंत्रण करने की बजाए उन्हें बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार कुछ पूंजीपतियों के हाथों में खेल रही है। बड़े घरानों को लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। शिव बजाज ने कहा कि प्रदेश सरकार बिजली निगम का निजीकरण करने का प्रयास कर रही है। यह जनता को लूटने का हथकंडा है।

प्रदेश के कर्मचारी लगातार सरकार के इस फैसले का विरोध करते आ रहे हैं। अगर निजीकरण हुआ तो बिजली आम आदमी की पहुंच से दूर हो जाएगी। शिव बजाज ने कहा कि इनेलो मांग करती है कि बिजली की बढ़ी हुई दरों को वापस लिया जाए। बिजली बिलों में जो छिपे हुए चार्ज लिए जा रहे हैं उन पर रोक लगाई जाए। इस अवसर पर रिंकू चौधरी, राजन कालड़ा, विवेक शर्मा, संदीप सिंगला, राकेश अरोड़ा व नीरज चौधरी मौजूद रहे।

# प्रिंस घिसरपड़ी बने युवा कांग्रेस के लाडवा हल्का प्रधान

**बाबैन, 18 जून ( राजेश कुमार ) :** कांग्रेस पार्टी के द्वारा प्रदेश में युवा कांग्रेस का संगठन का गठन कर दिया गया है। युवा नेता प्रिंस घिसरपड़ी को युवा कांग्रेस का हल्का लाडवा प्रधान नियुक्त किया। युवा नेता प्रिंस घिसरपड़ी ने इस नियुक्ति के लिए राहुल गांधी, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा, कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष उदयभान, सांसद दीपेंद्र हुड्डा, पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा, पूर्व विधायक मेवा सिंह का आभार व्यक्त किया। नवनियुक्त युवा कांग्रेस के लाडवा हल्का प्रधान प्रिंस घिससपड़ी ने कहा कि युवा कांग्रेस के द्वारा जो जिम्मेवारी मुझे सौंपी गई है उसे पूरी ईमानदारी व निष्ठा से निभाने का काम करूगा। उन्होंने कहा कि संगठन के साथ मिलकर कांग्रेस पाटी को मजबूत करने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि जल्द ही लाडवा हल्के में युवा कांग्रेस का संगठन बनाया जाएगा जो गांव गांव जाकर कांग्रेस पार्टी के संगठन को मजबूत करने का काम करेगा।



## डाक विभाग में फर्जी दस्तावेजों से नौकरी हासिल करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**हांसी, 18 जून ( मनमोहन शर्मा ) :** एस.पी अमित यशवर्धन भा.पु.से. के दिशा निर्देशानुसार जिला भर में अपराधों पर लगाम लगाते हुए थाना नारनौंद पुलिस ने दसवीं कक्षा की फर्जी मार्क सीट देकर डाक विभाग में नौकरी हासिल करने वाले मामले में आरोपी विकास पुत्र सोहनलाल निवासी कागसर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार आरोपी ने वर्ष 2021 में ऑनलाइन डाक विभाग में ग्रामीण डाक सेवक के पद पर आवेदन किया था। जिसका चयन डाक विभाग में ग्रामीण डाक सेवक के रुप में हो गया था। आरोपी ने अपने दसवी कक्षा के फ्रजी दस्तावेज पोस्ट ऑफिस जम्मू डिविजन जम्मू डाक विभाग में जमा करवाए थे। डाक विभाग द्वारा दस्तावेज की वेरीफिकेशन करवाई गई तो दस्तावेज फर्जी मिले। आरोपी ने बोर्ड ऑफ हाई स्कूल इलाहाबाद उत्तर प्रदेश से दसवीं कक्षा की मार्क सिट बनवाई थी। आरोपी के खिलाफ थाना नारनौंद में में अभियोग अंकित हुआ था। थाना नारनौंद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करके न्यायालय के आदेशानुसार जेल भेज दिया।

## 12 बोतल अवैध शराब के साथ एक काबू

**हांसी, 18 जून ( मनमोहन शर्मा ) :** जिला भर अपराधो पर लगाम लगाते हुए थाना शहर पुलिस ने 12 बोतल अवैध देशी शराब सहित अमित पुत्र रामप्रसाद निवासी ढ़ाणी पाल को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार थाना शहर हांसी पुलिस ने गश्त पड़ताल दौरान एक व्यक्ति को दयाल सिंह कॉलोनी हांसी से 12 बोतल अवैध देशी शराब सहित गिरफ्तार कर व्यक्ति के खिलाफ थाना शहर में शराब अधिनियम के तहत अभियोग अंकित कर अवैध शराब को कब्जा पुलिस में लिया गया।

## पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन 31 जुलाई तक

**हिसार, 18 जून ( मनमोहन शर्मा ) :** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक आवेदन किए जा सकते हैं। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार-2025 के तहत बहादुरी, खेलकूद, सोशल साइंस, विज्ञान एवं तकनीक पर्यावरण सहित आर्ट एवं कल्चर के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चे जिनकी आयु 18 वर्ष तक की हो, को ही प्रदान किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026 के जनवरी माह में आयोजित होने वाले समारोह में राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि अवार्ड की घोषणा 26 दिसंबर 2025 को राष्ट्रीय वीर बाल दिवस के अवसर पर की जाएगी। बाल पुरस्कार में विभिन्न श्रेणियों के तहत कुल 25 बच्चों का चयन किया जाएगा। पुरस्कारों में एक मैडल सहित प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने चयन प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि सर्वप्रथम स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा प्राप्त आवेदनों की छंटनी की जाएगी, उसके उपरांत फाइनल नामों का सिलेक्शन नेशनल कमेटी द्वारा किया जाएगा। पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार-2025 के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर आवेदन किया जा सकते हैं। पुरस्कार से जुड़ी अन्य जानकारी https://awards.gov.in/ पर देखी जा सकती है।

### भारत सोनी का कांग्रेस पार्टी का युवा शहरी प्रधान बनने से पार्टी पहले से ज्यादा मजबूत होगी : बजरंग गर्ग



**हिसार, 18 जून ( मनमोहन शर्मा ) :** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के शहरी युवा प्रधान बनने पर भारत सोनी ने कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सीनियर प्रवक्ता व जिला कन्वीनर बजरंग गर्ग से उनके निवास स्थान पर आशीर्वाद लिया। प्रदेश सीनियर प्रवक्ता बजरंग गर्ग ने कहा कि युवा पीढ़ी देश व प्रदेश का भविष्य है। भारत सोनी का कांग्रेस पार्टी का युवा शहरी प्रधान बनने से पार्टी पहले से ज्यादा मजबूत होगी। हरियाणा में युवा व महिला के पदाधिकारी कांग्रेस हाईकमान ने बनाएं है और कांग्रेस पार्टी के जिला, शहरी प्रधान व पदाधिकारियों की घोषणा पार्टी हाईकमान द्वारा जल्द की जाएगी। बजरंग गर्ग ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की देश के विकास व तरक्की में अहम भूमिका है। कांग्रेस पार्टी के अनेकों नेताओं ने देश की अजादी में जेलों में गए और अपनी जान की कुर्बानी दी और आगे भी देश व प्रदेश की एकता के लिए कांग्रेस पार्टी का हर कार्यकर्ता काम कर रहा है और आगे भी करता रहेगा। इस अवसर पर रोहित दलाल, आशीष मलिक, राहुल गर्ग, दीप गोदारा, संदीप जानी, रोहन अरोड़ा आदि कांग्रेस पदाधिकारी मौजूद थे।

## भाजपा सरकार द्वारा चलाए जा रहे 11 साल बेमिसाल कार्यक्रम का आयोजन



**कैथल, 18 जून ( प्रवेश बहादुर ) :** मंडल स्तर कार्यक्रम के संयोजक भाजपा किसान मोर्चा कैथल के जिला अध्यक्ष संजय रवि भूषण गर्ग व महिला के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य वक्ता रवि भूषण गर्ग व महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष अनीता चौधरी ने शिरकत की। सहसंयोजक के रूप में शैली मुंजाल व सहसंयोजक और मंच संचालन बलविंदर जांगड़ा ने किया। रवि भूषण गर्ग ने कहा कि भाजपा सरकार ने पिछले 11 सालों में देश में बहुत अच्छा बदलाव किया है। आज पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की तीसरी आर्थिक ताकत बन गया है। कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा कैथल जिला महामंत्री अशोक सेरहदा, ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री शमशेर सैनी, महिला मोर्चा जिला महामंत्री ओम प्रभा शर्मा, सतीश मुंजाल, खानपुर के सरपंच सोनू सैनी, कष्ट निवारण समिति के सदस्य कुशल पाल राणा, महिला मंडल अध्यक्ष कृष्णा कश्यप, सुरेश कश्यप, पवन सैन डोहर, पार्षद विक्की ग्रोवर, राम दास, पूर्व सरपंच गुरदेव कंबोज, पूर्व पंचायत मैंबर बलजीत सैनी, संदीप आर्य व अनेक भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

## गुरुद्वारे में बनाए 12 कमरे, एक हॉल, एक लाइब्रेरी व नया कार्यालय

**तरावड़ी, 18 जून ( छाया शर्मा ) :** तरावड़ी शहर के ऐतिहासिक नौंवी पातशाही शीशगंज गुरुद्वारे में कार सेवा गुरुद्वारा बंगला साहिब दिल्ली वाले मुख्य बाबा बचन सिंह, बाबा जोगा सिंह कार सेवा तरावड़ी के नेतृत्व में 12 कमरों का निर्माण, एक हॉल एक लाइब्रेरी के अलावा नए कार्यालय का निर्माण करवाया गया।



ई लाइब्रेरी में बच्चों को शिक्षित करने पर जोर दिया जाएगा। अन्य आयोजनों के लिए हाल सुविधाजनक होगा। 12 कमरों का निर्माण, एक हॉल एक लाइब्रेरी के अलावा नए कार्यालय के निर्माण होने के बाद हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य प्रतिनिधि भुपेन्द्र सिंह लाडी ने मौके का दौरा कर जायजा लिया। उन्होंने आगामी समय मे होने वाले साधु संतों द्वारा उद्घाटन कार्यक्रम की तैयारियों के बारे में भी चर्चा की। उन्होने बताया कि तरावड़ी के ऐतिहासिक गुरुद्वारे में नए जोड़े घर को बनाने के बाद अब 12 कमरों का निर्माण, एक हॉल, एक लाइब्रेरी के अलावा नए कार्यालय का निर्माण करवाया गया है। आगामी 30 जून को आयोजित होने वाले पंचमी पर्व के दिन हजारों संगतों के बीच सन्त महापुरुष उद्घाटन कर संगत को समर्पित करेंगे। जिसमे हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान जगदीश झींडा विशेष तौर पर शिरकत करेंगे। हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य प्रतिनिधि भूपेंद्र सिंह लाडी ने कहा कि गुरुद्वारा परिसर में संगत को किसी भी प्रकार की परेशानी नही आने दी जाएगी। इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि लखविंद्र सिंह ढिल्लो, हरमीत बजाज शंटी, मनजीत सिंह, रवि सौंकड़ा, गुरप्रताप विर्क, अमृत खारा समेत कई लोग मौजूद रहे।

# भारत विकास परिषद, कर्ण शाखा द्वारा सेवा भारती को प्रदान की गई बीआइपीएपी मशीनें



**करनाल, 18 जून ( संदीप रोहिला ) :** भारत विकास परिषद, कर्ण शाखा द्वारा एक विशेष सेवा प्रकल्प के अंतर्गत आपातकालीन स्थिति में रोगियों के लिए अत्यंत उपयोगी 7 बीआइपीएपी मशीनें, सेवा भारती, अर्जुन गेट को भेंट की गई। इन मशीनों को शाखा के वरिष्ठ सदस्य श्री कपिल अत्रेजा (सदस्य, हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग) के विशेष प्रयासों से हरियाणा के सुप्रसिद्ध चिकित्सक एवं वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. अतुल्य अत्रेजा द्वारा भारत विकास परिषद को भेंट की गईं और परिषद द्वारा ये सभी मशीनें सेवा भारती, करनाल को सौंपी गईं ताकि इन्हें ज़रूरतमंद रोगियों को आपातकालीन स्थिति में उपलब्ध कराया जा सके। शाखा की अध्यक्ष ज्योति चौधरी तथा सभी वरिष्ठ सदस्यों ने डॉ. अतुल्य अत्रेजा एवं उनकी धर्मपत्नी चारू बतरा अत्रेजा, उनके पिता अरविंद अत्रेजा एवं माता दीनता अत्रेजा को अंगवस्त्र पहना कर, पौधापात्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। डॉ. अरविंद अत्रेजा ने इन बीआइपीएपी मशीनों की आपातकालीन स्थिती में रोगियों के लिए उपयोगिता को सबके साथ साँझा किया। कार्यक्रम के अंत में शाखा की अध्यक्ष ज्योति चौधरी ने सभी अतिथियों, सेवा भारती परिवार एवं अत्रेजा परिवार का हृदय से आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इस प्रकार के सेवा कार्यों में निरंतर सहभागी बनने का आह्वान किया।

इस अवसर पर शाखा के वरिष्ठ सदस्य शाम बत्रा, प्रणव जावा, संजय बिदानी, रचना चौधरी, कमल गुप्ता, शिव चुघ, डॉ मोहिंदर चौधरी, सेवा भारती के वरिष्ठ सदस्य डॉ श्याम वधवा, रोशन लाल, ऋषिपाल हेमदा, भूषण गोयल, राजेन्द्र गुप्ता, महिपाल गौतम, डॉ पूनम पांचाल आदि ने भाग लिया।

# अहमदाबाद में विमान दुर्घटना के मृतकों की आत्मिक शांति हेतु एक विशेष हवन यज्ञ का आयोजन

**लाडवा, 18 जून ( रामगोपाल ) :** संजय गांधी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल और से आईजीएन कॉलेज लाडवा में एक विशेष हवन का आयोजन किया गया। हवन यज्ञ का आयोजन हाल ही में हुई विमान दुर्घटनाओं में मारे गए लोगों की आत्मिक शांति और संवेदना के साथ सम्पन्न हुआ। आचार्य विक्रम आदित्य द्वारा वैदिक मंत्रों का उच्चारण किया गया। विद्यालय के सदस्य योधराज बंसल मुख्य यजमान के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ स्कूल अध्यक्ष पवन गर्ग, सचिव रविंद्र बंसल, प्रधानाचार्य नरेंद्र शर्मा, एस जी ओ पी जी बाबैन के प्रधानाचार्य सुरेश सैनी, डॉ. रूपेश गौड़, विजय बंसल, राजकुमार धनोरा तथा शिक्षकों ने आहुतियाँ अर्पित कीं। सभी ने दिवंगत आत्माओं की शांति तथा इस कठिन समय में शोक संतप्त परिवारों को शक्ति एवं सांत्वना प्रदान करने की प्रार्थना की। विद्यालय अध्यक्ष पवन गर्ग ने इस विमान दुर्घटना को अत्यंत दुखद एवं दुर्भाग्यपूर्ण बताया, जिसमें निर्दोष लोगों की जान चली गई। उन्होंने दिवंगत आत्माओं को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेंद्र शर्मा ने भी शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी सहानुभूति प्रकट की और दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु प्रार्थना की। कार्यक्रम का समापन शांति पाठ और प्रसाद वितरण के साथ हुआ। यह आयोजन विद्यालय परिवार द्वारा करुणा, मानवता और पीड़ितों एवं उनके परिवारों के साथ एकजुटता प्रकट करने का एक सराहनीय और प्रेरणादायक प्रयास रहा। इस अवसर पर प्रबंधन समिति सदस्य तथा स्टॉफ उपस्थित रहा।



# राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के छात्रों को अग्नि सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**चिड़ाव, 18 जून ( प्रवीन कुमार ) :** शहर के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में मंगलवार को अग्नि सुरक्षा पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रधानाचार्य जसविंद्र सिंह संधू ने की। जिसमें मुख्यरूप से अग्निशमन विभाग असंध से फायरमैन रीशिकांत कौशिक, अनिल, कृष्ण डी.ई.ओ. व फायर ब्रिगेड टीम निसिंग से सतीश व गुरप्रीत ने पहुंच छात्रों को जानकारी दी। प्रधानाचार्य जसविंदर सिंह संधू ने अग्नि सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि औद्योगिक संस्थानों में सुरक्षा प्रशिक्षण न केवल आवश्यक है, बल्कि जीवन रक्षक भी हो सकता है। इस तरह के कार्यक्रम आईटीआई जैसे तकनीकी संस्थानों में अत्यंत उपयोगी हैं, जहां विद्यार्थियों को कार्यस्थल की सुरक्षा से जुड़ी व्यवहारिक जानकारी मिलती है। अग्निशमन विभाग की टीम द्वारा व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया। जिसमें छात्रों बताया गया कि आग लगने की स्थिति में कैसे अग्निशमन यंत्रों का प्रयोग किया जाए, प्राथमिक सुरक्षा उपाय क्या होते हैं और किस प्रकार धैर्य एवं सजगता से जान-माल की रक्षा की जा सकती है। उन्होंने बताया कि किस प्रकार सामान्य जीवन में हम छोटी-छोटी सावधानियों के ज़रिए बड़ी दुर्घटनाओं से बच सकते हैं। विद्यार्थियों ने अग्निशमन यंत्रों का उपयोग करके स्वयं अभ्यास किया और छात्रों को आपातकालीन स्थितियों से निपटने की कला सीखी। इस मौके पर बलवान सिंह, पुष्पा रानी, सुबे सिंह, जसमेर मान, सुरेंदर, रविंदर, कुलदीप, संजीव, यशपाल, सेवा सिंह, सीमा सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।



## किले के पास पार्क में 21 जून को लगाया जाएगा योग शिविर : संदीप कटारिया



**तरावड़ी, 18 जून ( छाया शर्मा ) :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर तरावड़ी के वार्ड नंबर-1 काटजू नगर किले के पास नगरपालिका प्रशासन की पार्क में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग शिविर लगाया जाएगा। यह शिविर तरावड़ी पत्रकार एकता मंच की तरफ से आयोजित होगा। जिसमें सामाजिक धार्मिक ओर राजनीतिक संस्थाओं से जुड़े प्रतिनिधित्व हिस्सा लेंगे। ई-लाइब्रेरी में पत्रकार एकता मंच के पदाधिकारियों की बैठक मंच के अध्यक्ष वीरेन्द्र जांगड़ा की अध्यक्षता में हुई। जिसमें 21 जून को योग दिवस मनाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में हरीश चावला, राजकुमार खुराना, रामकुमार गुप्ता, संदीप रोहिल्ला ने रूपरेखा की जानकारी दी। वीरेन्द्र जांगड़ा व संदीप कटारिया ने बताया कि योग न केवल व्यक्ति को शारीरिक व मानसिक रूप से निरोग रखता है बल्कि उसकी कार्य करने की क्षमता भी बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से आज न केवल भारत बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर योग दिवस मनाया जा रहा है। उन्हीं के प्रयासों से 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया। उन्होंने लोगों से अपील की कि इस शिविर में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। हरीश चावला ने कहा कि योग हमारी प्राचीन परंपरा है। मीटिंग में रोहित लामसर, संदीप कटारिया, पंकज ठाकुर, जोगिन्द्र, सतीश पंवार मौजूद रहे।

## तीन ब्लैक फिल्म लगी गाड़ियों का किया 45,000 रुपए का चालान

**हांसी, 18 जून ( मनमोहन शर्मा ) :** हांसी ट्रैफिक पुलिस द्वारा यातायात नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में ट्रैफिक में तैनात सब इंस्पेक्टर खुर्शीद आलम ने, बस स्टैंड के निकट वाहनों की चेकिंग के दौरान ब्लैक फिल्म लगी तीन गाड़ियों को रोका, जिसके शीशों पर अवैध रूप से ब्लैक फिल्म लगी हुई थी। जांच के दौरान एक वाहन चालक के पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं पाया गया। मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए दोनों गाड़ियों का 45,000 रुपए का चालान किया गया एवं मौके पर ही गाड़ियों से ब्लैक फिल्म को हटवाया गया। एस.पी अमित यशवर्धन ने स्पष्ट किया है कि ब्लैक फिल्म लगाना कानूनन प्रतिबंधित है, क्योंकि इसका उपयोग अक्सर आपराधिक गतिविधियों को छुपाने के लिए किया जाता है। उन्होंने बताया कि हांसी पुलिस द्वारा इस प्रकार के उल्लंघनों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें ट्रैफिक पुलिस, सभी थाना प्रबंधकों एवं चौकी प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं। यदि कोई वाहन चालक ब्लैक फिल्म का प्रयोग करता पाया गया, तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई करते हुए चालान किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने जनता से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और अपने वाहनों पर किसी भी प्रकार की अवैध फिल्म या काले शीशे का प्रयोग न करें, ताकि शहर में कानून व्यवस्था और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## पुलिस ने राजकीय कॉलेज में करवाई फुटबॉल प्रतियोगिता, 4 टीमों ने लिया भाग

**हांसी, 18 जून ( मनमोहन शर्मा ) :** एस.पी अमित यशवर्धन, भा.पु.से. के दिशा-निर्देशानुसार नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत हांसी पुलिस द्वारा राजकीय कॉलेज के ग्राउंड में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना और उन्हें नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखना है। कम्युनिटी पुलिस के इंचार्ज सहायक उप निरीक्षक दीपक कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता में सिसाय पुल, दयाल सिंह कॉलोनी, वकील कॉलोनी और जगदीश कॉलोनी की कुल 4 टीमों ने भाग लिया। सभी मुकाबले बेहद रोमांचक और प्रतिस्पर्धात्मक रहे। सेमीफाइनल में सिसाय पुल व वकील कॉलोनी हांसी तथा दुसरा मैच दयाल सिंह कॉलोनी व जगदीश कॉलोनी की टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। फाइनल मुकाबला सिसाय पुल और जगदीश कॉलोनी की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें जगदीश कॉलोनी की टीम ने 5-3 से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम को हांसी पुलिस की ओर से आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया तथा सभी खिलाड़ियों को रिफ्रेशमेंट भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान एएसआई दीपक कुमार ने ग्रामीणों, खिलाड़ियों और युवाओं को नशा मुक्ति, सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए महत्वपूर्ण जानकारियाँ दीं। उन्होंने विशेष रूप से बताया कि नाबालिगों को वाहन न चलाने की सलाह दी गई।

## अवैध खनन के खिलाफ चेकिंग अभियान निरंतर जारी : निरंजन लाल



**करनाल, 18 जून ( सुनील कुमार ) :** जिला खनन अधिकारी निरंजन लाल ने बताया कि महानिदेशक केएम पांडुरंग और उपायुक्त उत्तम सिंह के निर्देशों के तहत जिला प्रशासन द्वारा अवैध खनन पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए जांच अभियान जारी है। इसी कड़ी में गत दिवस खनन विभाग और हरियाणा राज्य एनफोर्समेंट ब्यूरो की संयुक्त टीम में शामिल एसआई जितेंद्र, एएसआई संदीप व नवीन द्वारा चैकिंग के दौरान जी.टी. रोड चढ़दी कलां ढाबा, गढ़ी मुल्तान के पास रेत से भरे दो ट्रकों को रोका गया। उक्त दोनों वाहनों के वैध ई-रवाना बिल नहीं पाए जाने पर इन वाहनों को जब्त कर खनन विभाग की टीम द्वारा मधुबन थाने में खड़ा किया गया है। इसी प्रकार अवैध खनन की सूचना मिलने पर थाना सदर के स्टाफ में एसएचओ तरसेम चंद, एसआई जगमोहन व एएसआई मनजीत की टीम द्वारा गांव मिरगैन मेरठ रोड पर रेत से भरी एक ट्रैक्टर ट्रॉली को चेक किया और कोई वैध ई-रवाना बिल न पाए जाने पर वाहन को थाना सदर में खनन विभाग द्वारा सीज कर दिया गया। खनन अधिकारी निरंजन लाल ने बताया अवैध खनन की रोकथाम को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से सजग है। जिला में अवैध खनन किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा और ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। अवैध खनन के खिलाफ चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेगा।

## नगर खेड़े पर यज्ञ एवं भंडारे के लिए बैठक का आयोजन



**असंध, 18 जून ( दलसिंह मान ) :** बल्ला में नगर खेड़े पर यज्ञ व भंडारा के लिए बुधवार को बल राजा चौपाल में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता दादा खेड़ा कमेटी के प्रधान वीरेंद्र मान व संचालन पूर्व सरपंच बलवान मान ने किया। बैठक में सर्व समिति से 29 जून को दादा खेड़ा पर गांव की सुख शांति के लिए हवन यज्ञ व भंडारा लगाए जाने का निर्णय लिया गया। दादा खेड़ा प्रबंधन कमेटी के प्रधान वीरेंद्र मान ने बताया कि याद का आयोजन वेद मंत्रों का साथ सुबह 7:00 बजे से 10:00 बजे तक गांव की सुख शांति के लिए पंडित हरिओम शास्त्री, त्रिलोचन शास्त्री, रामकुमार शास्त्री, रमेश शर्मा एवं योगेश शास्त्री द्वारा वेद मंत्रों का उच्चारण कर किया जाएगा। कमेटी सदस्य बलवान सिंह ने बताया कि सदियों से सनातन संस्कृति में सुख सौभाग्य के लिए हवन यज्ञ की परंपरा रही है, इस परंपरा को समस्त ग्रामीण गत सैकड़ो वर्षों से निष्ठा और ईमानदारी से निभा रहे हैं। इस अवसर पर भूपेंद्र सिंह बैरागी, रतन लाल शर्मा, रोहतास सैनी, सतबीर मान, कवरभान, कृष्ण, राम मेहर, रघुवीर मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# हर उम्र में सुंदर दिखने के लिए अपनाएं बेहतर दिनचर्या



एक समय था जब महिलाओं के लिए शादी के कुछ साल बाद तक ही सुंदर दिखना जरूरी समझा जाता था। लेकिन सौंदर्य के प्रति बढ़ती जागरूकता और बाजार के तेजी से विकास ने इस धारणा को बदल दिया है कि महिलाएं उम्र के एक खास मोड़ तक ही खुद को सुंदर बनाए रख सकती हैं। नई धारणा यह कहती है कि आप हर उम्र में सुंदर दिख सकती हैं। बस जरूरत है तो केवल खुद पर अधिक ध्यान देने की।

**किशोरियों के लिए**

यह लड़कियों की ऐसी उम्र होती है, जब बाहर की दुनिया में लड़कियों को अपने होने का अहसास होता है। यही वह उम्र भी है जब लड़कियों में शारीरिक बदलाव आते हैं और वे बहुत सारी बातों को जानना और समझना चाहती हैं। और साथ ही वे चाहती हैं खुद सुंदर और सुंदर दिखना। इस उम्र में ही लड़कियों को मुंहासों की परेशानी का भी सामना करना पड़ता है।

नीम की दो-तीन पत्तियों को सुबह खाली पेट खाने से खून साफ होता है, जिससे मुंहासे नहीं होते।

गुलाब जल में मुल्तानी मिट्टी और चंदन पाउडर मिला कर लगाने से चेहरे पर ग्लो आता है।

मुंहासे ठीक करने के लिए जायफल को दूध में मिला कर चेहरे पर लगाएं।

सबसे पहले अपने चेहरे के प्रकार को पहचानें, त्वचा रूखी, तैलीय, सामान्य तीन तरह की होती हैं। हर त्वचा की देखभाल के तरीके अलग होते हैं। तैलीय त्वचा पर मुंहासों की समस्या ज्यादा होती है। ऐसे चेहरे को गुनगुने पानी से दिन में दो-तीन बार धोएं और एन्टीबैक्टीरियल साबुन का प्रयोग करें। इस उम्र में त्वचा नाजुक होती है इसलिए फेशियल न करवाएं, चेहरे की सफाई पर ज्यादा ध्यान दें। दिन में 8-10 ग्लास पानी जरूर पिएं। घूप में सनस्क्रीन प्रयोग करें। मुंहासों को फोड़े नहीं, वरना इनके गहरे निशान पड़ जाते हैं, जो आपके चेहरे पर लम्बे समय तक नहीं जाते। कम से कम मेकअप करें।

**बीस से तीस की उम्र**

यह वह उम्र होती है, जब लड़कियों का बाहर की दुनिया से संपर्क बढ़ता है। वे पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ डेटिंग और घूमने फिरने के शौक भी पूरे करती हैं। जाहिर है, इस उम्र में लड़कियों को सुंदर लगने की सबसे ज्यादा जरूरत महसूस होती है। वे बदलते फैशन के अनुसार खुद को बदलना चाहती हैं इस समय खूबसूरती के लिए यह उपाय करें।

अगर आपके चेहरे पर ज्यादा पसीना आता है तो मेकअप से पहले चेहरे पर बर्फ के टुकड़े से मसाज करें।

कैलामाइन और चंदन पाउडर को गुलाब जल में मिला कर लगाएं।

मेकअप उतारने के लिए कच्चे दूध का इस्तेमाल करें।

रात को सोने से पहले सारा मेकअप उतार दें और कॉटन से चेहरे पर गुलाब जल लगाएं। इससे आपके चेहरे के रोम छिद्र बंद नही होंगे।

इस प्रकार करें मेकअप

हमेशा अपने चेहरे के कॉम्पलेक्शन के हिसाब से फाउंडेशन चुनें।

चेहरे पर अच्छी कम्पनियों के प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करें।

मेकअप से चेहरे के सबसे अच्छे फीचर को हाईलाइट करें।

बरसात के मौसम में वॉटर प्रूफ मेकअप करें और नेचुरल प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करें।

महीने में एक बार फेशियल जरूर करवाएं।

तीस के बाद करें सादा मेकअप

यह लड़कियों की वह उम्र होती है, जब उनकी शादी हो चुकी होती है। और शादी के दो-तीन साल तो वह सुंदरता पर खास ध्यान देती हैं, लेकिन धीरे-धीरे सजने-संवरने की उनकी आदत कम होती जाती है। लिहाजा इस उम्र में महिलाओं के चेहरे पर बढ़ती उम्र के लक्षण दिखने लगते हैं। चेहरे पर हल्की लकीरें उभरना, छोटे-छोटे काले धब्बे होना, झुर्रियां और झाइयां पड़ना शुरू हो जाती हैं। चेहरे में आ रहे इन बदलावों को नजरअंदाज न करें। यह वो उम्र होती है, जब आप अपनी बढ़ती उम्र को रोक सकती हैं।

बहुत से स्किन स्पेशलिस्ट ये सलाह देते हैं कि झुर्रियों की शुरुआत में ही उनकी रोकथाम कर ली जाए तो उन्हें बढ़ने से रोका जा सकता है।

इस प्रकार बढ़ती उम्र में भी रहे स्टायलिश

सबसे पहले अपने खाने-पीने की आदतों में बदलाव लाएं। बढ़ती उम्र में अंदरूनी खूबसूरती पर ध्यान दें।

खाने में विटामिन और कैल्शियम वाली चीजों की मात्र बढ़ा दें।

आंखों के आस-पास उभरने वाली मरीन रेखाओं पर अच्छी आईक्रीम लगाएं। **इस प्रकार के उपाय करें** --केले में शहद मिलाकर चेहरे पर 15-20 मिनट तक लगाएं, फिर गुनगुने पानी सें धोएं। इससे झुर्रियों का आना कम होता है। त्वचा को मुलायम बनाने के लिए पपीते के गूदे को चेहरे पर लगाएं। चेहरे पर साबुन का प्रयोग न करें। बेसन और दही के मिश्रण से चेहरा साफ करें। चालीस की उम्र पार करते ही मानो महिलाओं की दुनिया बहुत सीमित हो जाती है। इस उम्र में बच्चों बड़े हो रहे होते हैं और ऐसे में महिलाओं को लगता है कि अब किसके लिए सजना है। लेकिन यह सोच भी अब बदल रही है। महिलाओं की बाहरी दुनिया का भी विस्तार हो रहा है। और शायद यही वह समय है जब महिलाओं को लग रहा है कि उन्हें इस उम्र में भी सुंदर लगना चाहिए।

**15-20 दिन में एक बार फेशियल करवाएं।**

खाने पर ज्यादा ध्यान दें, 7 बादाम, 7 किशमिश, 2 अखरोट रोज खाएं। झुर्रियों को छुपाने के लिए कंसीलर का सही तरीके से इस्तेमाल करें। धूप में सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें और किसी अच्छी एंटी-रिंकल क्रीम से फेशियल करवाएं ज्यादा हैवी मेकअप न करें, हल्के रंग की लिपस्टिक का इस्तेमाल करें।

# महिलाओं के पैरों की खूबसूरती को चार चाँद लगा देती है पायल



भारत में पायल पहनना महिलाओं की खूबसूरती बढ़ाने के अलावा सौभाग्यशानी भी माना जाता है। वास्तुशास्त्र के हिसाब से देखा जाये तो महिलाओं के पैरों में पायल पहनने से घर की नकारत्मक शक्तियां दूर हो जाती है। इसके अलावा पायल पहनना महिलाओं के स्वास्थय के साथ-साथ घर को भी बहुत फायदे होते है। **खूबसूरती बढ़ाए** -पायल पहनने से पैरों की खुबसूरती भी बढ़ जाती है। इसके अलावा पायल की आवाज से पुरुष आपकी ओर आकर्षत होते है। अगर आप भी अपने पार्टनर को अपनी तरह आकर्षत करना चाहती है तो आज से ही पायल पहनना शुरु कर दें।

**पार्टनर के लिए फायदेमंद**-आपके पायल पहनने से जब आप अपने कमरे की तरफ जाएगी तो आपके पार्टनर पहले ही सर्तक हो जाएगा। आपकी पायल की आवाज सुनकर आपका पार्टनर खुद को असहज होने वाली स्थिति से बचा लेते है।

**रिश्ते में बढ़ता है प्यार**-महिलाओं के पायल पहनने से पार्टनर के बीच की नकारात्मका दूर हो जाती है। इससे आपके और पार्टनर के बीच प्यार बढ़ता है। इससे अलावा महिलाओं के पायल पहनने से घर का माहौल भी ठीक रहता है।

हड्डियां होती हैं मजबूत--अच्छे स्वास्थय के लिए पायल पहनना बहुत ही फायदेमंद होता है। पायल आमतौर पर चांदी की होती है और ऐसे में इसको पहनने से हड्डियां मजबूत होती है। पायल के धातु के तत्व त्वचा के द्धारा शरीर के अंदर जाकर हड्डियों को मजबूत करते है।

**शरीर का तापमान**-पायल से शरीर का तापमान भी निर्यंत्रित रहता है।

# बदलते फैशन के दौर मे मैक्सी श्रग का क्रेज फिर बढ़ने लगा

तेजी से बदलते फैशन के इस दौर में श्रग नहीं मैक्सी श्रग का क्रेज बढ़ा है। एंकल और नी लेंथ वाले इस श्रग को आप वेस्टर्न स्टाइल के ड्रेस के साथ आसानी से कैरी कर सकती हैं। बदलते फैशन के हिसाब से हर बार वॉर्डरोब में बदलाव करना हर किसी के लिए संभव नहीं है। ऐसे में आप कुछ एक्सेसरीज को अपने वॉर्डरोब शामिल करके अपने फैशन को अपडेट तो कर सकती हैं, जैसे मैक्सी यानी लॉन्ग श्रग। वैसे भी ड्रेसेज में लेयरिंग का ट्रेंड है। अगर आप वेस्टर्न स्टाइल के कपड़े पहनती हैं और लेयरिंग से प्रभावित हैं, तो आपके लिए मैक्सी श्रग का कॉम्बीनेशन सबसे बढ़िया रहेगा। कई सारी बॉलीवुड सेलिब्रिटीज को भी आप लॉन्ग श्रग के साथ देख चुकी होंगी।



वेस्टर्न स्टाइल के ड्रेस के साथ लॉन्ग श्रग काफी स्टाइलिश लगता है। खुद को आकर्षक दिखाने के लिए आप भी इसे किसी ड्रेस के साथ पहन सकती हैं। जींस के साथ ही नहीं, इसे शॉर्ट्स के साथ भी आसानी से कैरी किया जा सकता है। वहीं फैशन डिजाइनरों के अनुसार यदि मैक्सी श्रग को सही आउटफिट के साथ न पहना जाए, तो यह आपके लुक को बिगाड़ भी सकता है। इसलिए इसके साथ सही मैचिंग भी बेहद जरूरी है। जींस-टॉप के साथ अगर आपको अपना लुक पसंद नहीं आ रहा है, तो इसे लॉन्ग श्रग से लेयर करें। इससे आपका लुक आकर्षक लगने लगेगा। शॉर्ट्स के साथ यह बेहद स्टाइलिश लुक देता है, लेकिन आप इसे जींस के साथ पहन सकती हैं, लेकिन यहां भी आपको कलर कॉम्बिनेशन का ध्यान रखना होगा। क्रॉप टॉप और धोती के साथ भी आप इसे पहन सकती हैं।

# टमाटर के रस से कम होती हैं रजोनिवृत्ति की परेशानियां



रजोनिवृत्ति और उसके बाद का समय महिलाओं के लिए काफी कठिन रहता है क्योंकि इस दौरान हार्मोन का स्राव बंद होने लगता है। इससे महिलाओं को कई शारीरिक और मानसिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में खानपान और रहन सहन में कुछ बदलाव कर वे कई समस्याओं से राहत पा सकती हैं। टमाटर का रस रजोनिवृत्ति के लक्षणों को कम करने में मददगार तो है ही साथ ही कोलेस्ट्रॉल और तनाव को भी नियंत्रित करता है। शोधकर्ताओं ने शोध में पाया कि आठ हफ्तों तक दिन में दो बार 200 मिलिलीटर टमाटर का रस लाभप्रद है। इस शोध में 93 महिलाओं को टमाटर का रस पीने दिया गया और उनके हृदय की गति और कई अन्य जांच की गई। इसके बाद देखा गया आया कि रजोनिवृत्ति की परेशानियां जैसे तनाव, हॉट फ्लैश आदि आधी हो गईं। यही नहीं, आराम करने के दौरान महिलाओं की ज्यादा कैलोरी भी बर्न होती है।

स्तन कैंसर का खतरा भी होता है कम- हाल ही में हुए एक अन्य शोध में माना गया है ंकि रजोनिवृत्ति के बाद महिलाओं के लिए टमाटर का अधिक सेवन ब्रेस्ट कैंसर के खतरे को भी कम करता है। टमाटर में विटामिन सी, लाइकोपीन, विटामिन, पोटैशियम भरपूर मात्रा में पाया जाता है। टमाटर में कोलेस्ट्रॉल को कम करने की क्षमता होती है। टमाटर खाकर वजन को आसानी से कम किया जा सकता है।

आखिर क्यों दी जाती है रात में हल्का खाना खाने की सलाह? टमाटर की खूबी है कि गर्म करने के बाद भी इसके विटामिन समाप्त नहीं होते हैं। न्यूजर्सी की रटगर यूनिवर्सिटी के शोध में माना गया है कि डाइट में अधिक टमाटर के सेवन से महिलाओं के हार्मोन्स पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है और यह फैट्स और शुगर को ंनियंत्रित करने में मदद करता है।

**इस प्रकार आप रहेंगी स्वस्थ**

महिलाओं को ऐसी बहुत सी समस्याएं होती है जिसका सही समय पर इलाज न होने पर वो किसी बड़ी बीमारी का रुप ले लेती है। इसलिए उन्हें शुरुआत से ही सावधान रहना चाहिये। वैसे तो लहसुन का इस्तेमाल खाना बनाने के लिए किया जाता है लेकिन इससे महिलाओं की कई तरह की समस्याएं दूर हो सकती है। रोजाना केवल एक लहसुन का सेवन करने से आप कई तरह बीमारियों से छुटकारा पा सकती हैं। इसके लिए आपको दवाइयों का सहारा भी नहीं लेना पड़ेगा। एक आम समस्या कब्ज की है जो महिलाएं किसी से कह नहीं पातीं।

जिसके कारण उनकी ये समस्यां किसी बड़ी बीमारी का रुप ले लेती है। इसके लिए रोजाना एक लहसुन की कली को शहद में मिला कर खाने से शरीर के विषाक्त पदार्थो बाहर निकल जाएंगे और आपकी कब्ज की समस्या दूर हो जाएगी।

पैरों की झनझनाहट

पैरों में झनझनाहट होने पर आप इसे छोटी सी बात समझ कर अनदेखा कर देते है। लहसुन में मौजुद प्रोटीन, वसा, कार्बोज, खनिज पदार्थ नसों की झनझनाहट की समस्यां दूर हो जाती है। रोजाना एक लहसुन की कली खाने से बार-बार पैरों में झनझनाहट होनी बंद हो जाएगी।

आज के समय में ब्लड प्रैशर की समस्यां ज्यादातर महिलाओं में देखने को मिलती है। विशेषज्ञों के अनुसार हाई बल्ड प्रैशर होने पर खाली पेट लहसुन का सेवन करने से इस समस्यां से छुटकरा पाया जा सकता है। ये ब्लड सर्कुलेशल को बढ़ने से रोकता है। इसके अलावा लहसुन खाना दिल के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है।

इम्युन सिस्टम मजबूत

शरीर की ज्यादातर बीमारियां इम्यून सिस्टम के कमजोर होने पर होती है। रोजाना खाली पेट एक लहसुन का पेस्ट बनाकर नींबू और शहद मिला कर खाने से इम्यून सिस्टम तो ठीक रहता ही है साथ ही इससे कोलेस्ट्रॉल भी कंट्रोल में होता है। लहसुन इन दोनों को बेहतर बनाकर शरीर से बीमारियों को दूर रखता है।

# घर में बुजुर्ग माता-पिता की सेवा ही सबसे बढ़कर

**- किशन सनमुखदास भावनानी**

भारत आदि-अनादि काल से ही संस्कारों की खान रहा है। यहां की मिट्टी में ही गॉड गिफ्टेड संस्कारों की ऐसी अदृश्य शक्ति समाई हुई है कि मानवजन्म से ही संस्कारों की प्रतिभा मानवीय जीवों में समाहित हो जाती है इसमें कोई दो राय नहीं है!! परंतु जीव की उम्र बढ़ने के साथ-साथ पाश्चात्य संस्कृति की ललक अनेक अपवाद स्वरूपी मनीषियों में समाहित हो जाती है,जो बड़े बुजुर्गों का सम्मान तो नहीं परंतु अनादर करने पर उतारू हो जाते हैं? जिससे समाज में यह दूषित भावना पनपने का संदेह बना रहता है। इसलिए हम आज के युग में देख रहे हैं कि शासन-प्रशासन सामाजिक संस्थाएं, बुद्धिजीवी वर्ग, बड़े बुजुर्गों का सम्मान सुनिश्चित करने हमारी हजारों वर्ष पुरानी परंपरा, धरोहर और वैचारिक शक्तिबल को संरक्षित, सुरक्षित करने के लिए अनेक वेबिनार, कार्यक्रम, अभियान चलाए जा रहे हैं। साथियों बात अगर हम वर्तमान परिपेक्ष्य की करें तो हमारे बड़े बुजुर्गों का ध्यान रखनें की जवाबदारी व जिम्मेदारी युवा वर्ग की अधिक है जिन्हें भारतमाता की गोद से मिले संस्कारों को प्राथमिकता से सजग होकर रेखांकित करना अनिवार्य है। बड़े बुजुर्गों की सेवा का उन्हें मान-सम्मान देकर अत्यधिक पुण्य कमाना है। क्योंकि जब कोई बुजुर्ग निशब्द तुम्हारा तुम्हारे झुके सिर पर अपनी कंपकंपाती उंगलियां फिरादे तो समझो वरदान खुशी और आशीर्वाद एकसाथ तुम्हें यूं ही मिल गया क्योंकि बड़े बुजुर्गों में ईश्वर अल्लाह का एक रूप समाहित होता है। साथियों बात अगर हम वरदान खुशी और आशीर्वाद की करें तो वैश्विक स्तरपर भारत सबसे पुरानां आध्यात्मिकता में गहरीआस्था रखने वाला देश है यहां आध्यात्मिकता का विस्तार तेजी से हुआ है जो एक अच्छी बात है परंतु मेरा मानना है कि उसी तेजी के साथ मनीषियों की आस्था माता-पिता, बड़े बुजुर्गों के मान सम्मान सेवाभाव के प्रति अपेक्षाकृत कम होकर संकुचित होने के संकेत हाल के पश्चात संस्कृति की घुसपैठ के चलते मिल रहे हैं।



कई परिवार टूट रहे हैं, वृद्धाआश्रमों में बुजुर्गों की तादाद बढ़ रही है आखिर ऐसा क्यों ? मैंने अनेक ऐसे मनीषियों को भी देखा है जो अपने माता-पिता बड़े बुजुर्गों से तो अलग रहते हैं, उनकी सेवा खुशी का ध्यान नहीं परंतु आध्यात्मिकता क्षेत्र में उनके नामपर बहुत बड़े सेवा भावी होंनें और आस्था का डंका बजता है यह देख मुझे बहुत हैरानी होती है!!!

साथियों बात अगर हम ऐसे बड़े बुजुर्गों की करें जिनको अपनों ने ठुकराया है तो मैंने स्वयंम कुछ बुजुर्गों से बात की तो उनका बड़प्पन देखिए कि अपने दुख दर्द बांटने की अपेक्षा उन्होंने अपनों की तारीफ ही की!!! वाह क्या बात है!!! आप ईश्वर अल्लाह के तुल्य हैं कहकर अनायास ही मेरे हाथ उनके चरणों में झुक गए तो उनकी आंखों में आंसू आ गए। साथियों ऐसे अनेक पीड़ित हर मेट्रोसिटी, शहर, गांव में हैं ऐसे किस्से हमें अपने शहरों में भी ज़रूर देखने को मिलते होंगे जिसे हम सब को मिलकर इस स्थिति को बदलना की ओर कदम बढ़ाना ही होगा।

साथियों बात अगर हम बड़े बुजुर्गों के वरदान खुशी और आशीर्वाद की करें तो मेरा मानना है कि इनकी आशीर्वाद वरदान इस सृष्टि में सबसे बड़ा है इसके तुल्य किसी आध्यात्मिक आस्था में आशीर्वाद वरदान नहीं होंगे बस हम मनीषियों को यह बात अपने हृदय व मस्तिष्क में फिट करनी होगी। साथियों बात अगर हम नई पीढ़ी, युवकों की करें तो, बूढ़े व्यक्ति के पास स्मृतियां, जवान के पास कल्पनाएं हैं, यदि घर-घर दोनों का मेल बने तो कमाल हो जायेगा। धरती पर स्वर्ग उतर आयेगा!!! जबकि नई पीढ़ी को चाहिए माता-पिता के उत्तम गुणों के वारिस बनें, अपने बड़ों को मान दें, क्योंकि वृद्धों का जो वर्तमान है, वही युवाओं का भविष्य है। इसलिए यदि नई पीढ़ी अपने बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद वरदान लेंने, उनका देवताओं की तरह पूजन करने, मिलकर रहने, सहयोग करने की सोच अपना ले, तो घरों के अन्दर प्रेम, सद्भाव जाग जाएगा और धरती में स्वर्ग उतर आयेगा। साथियों जरूरत है युवा-वर्ग माँ-बाप की अवहेलना न करे। बड़ों के प्रति सम्मान की भावना रहे। क्योंकि बूढ़ी आंखों में जब आंसू आते हैं, हृदय पर जब व्यंग बाण लगते हैं, शरीर काम नहीं करता और नींद आती नहीं तो ऐसे में व्यक्ति का जीना कठिन हो जाता है। वैसे भी बड़े-बुजुर्ग हमारी अमूल्य सम्पत्ति हैं। उनके पास अनुभवों का खजाना है, अत: उनके अनुभवों का लाभ उठाएं। कभी भूलकर भी उनसे अपशब्द न कहें। साथ ही अपने बच्चों को बड़ों के पास बैठने का अवसर दिया करें, क्योंकि उनके आशीर्वादों से बच्चे फलते-फूलते हैं। अन्य लोग स्वयं भी बुजुर्गों के पास दो मिनट बैठकर उनकी बात सुनें, उनका हाल-चाल पूछें। जिस व्यक्ति के सिर पर माँ-बाप का साया है, वह धन्य है। घर में बड़े बुजुर्गों का होना बहुत सौभाग्य माना जाता है और माँ-बाप की सेवा करने वाली सन्तान श्रेष्ठ। बच्चे को माता-पिता से आशीर्वाद माँगना नहीं पड़ता, अपने आप हृदय से मिल जाता है और माँ-बाप के हृदय से निकले हुए इस आशीष की कोई समानता नहीं है। बड़ी विडंबना का समय है पाश्चात्य सभ्यता के प्रभाव के कारण आज के युवा माँ-बाप को नमन-वन्दन करने में लजाते हैं,जब कि कोई बच्चा व युवा जब अपने माता-पिता, दादा-दादी अथवा सद्गुरु के चरणों में शीष झुकाता है, तो उनके दिल में आनन्द की हिलोर उठने लगती है और तेजरूपी प्रकाश की किरणें विनर्म्होते ही चरणों में झुके सुपुत्र, सदशिष्य के अन्दर प्रवेश कर जाती हैं। जिसके प्रतिफलस्वरूप उस युवा को आयु, विद्या, यश और बल की प्राप्ति होती है। ये चारों अनमोल उपहार किसी अन्य कीमत एवं किसी अन्य स्थान से प्राप्त नहीं हो सकते। इनका केन्द्र तो माता-पिता, वृद्धजन एवं गुरुजन ही हैं।

अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि बुजुर्गों की सेवा का फल बहुत मीठा हैं, जब कोई बुजुर्ग निशब्द तुम्हारे झुके सिर पर अपनी कंपकंपाती उंगलियां फ़िरा दें समझो वरदान ख़ुशी और आशीर्वाद एक साथ मिला!!! बड़े बुजुर्गों माता पिता की सेवा तुल्य कोई पुण्य नहीं जीवन का सुख इनके श्री चरणों में है।

# 1200 से ज्यादा मतदाता होने पर बनाए जाएंगे नए बूथ : उत्तम सिंह

**करनाल, 18 जून ( परमजीत कौर ) :** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह ने कहा कि जिला में जिन बूथों पर 1200 से ज्यादा मतदाता होंगे, वहां नए बूथ बनाए जाएंगे और ऐसे बूथों पर नए बीएलओ नियुक्त किए जाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डी.सी उत्तम सिंह बुधवार को उपायुक्त कार्यालय में नए मतदान केंद्रों से संबंधित आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी ईआरओ को कहा कि जो नए बूथ बनाए जा रहे हैं, उन स्थानों का निरीक्षण शुक्रवार तक कर लें, निरीक्षण के दौरान यह चेक करें कि जहां ये बूथ बनाए जा रहे हैं, वहां मतदाताओं की सुविधा के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं होनी चाहिए। उन्होंने इस बैठक में उपस्थित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया कि जिन बूथों पर 12 सौ से अधिक मतदाता हैं, वहां मतदाताओं की सुविधा के लिए नए बूथ बनाए जा रहे हैं, उन्होंने यह भी कहा कि बूथ बनने के बाद अगर आपको कोई आपत्ति है या कोई सुझाव देना है तो भी वे आप दे सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिला के नीलोखेड़ी-19 (आरक्षित), इंद्री-20, करनाल-21, घरौंडा-22 और असंध-23 विधानसभा क्षेत्र में पोलिंग बूथों के रेशनेलाइजेशन का कार्य किया जा रहा है, इस समय नीलोखेड़ी हलके में 230, इंद्री में 220, करनाल में 234, घरौंडा में 250 और असंध में 247 बूथ हैं।



**नीलोखेड़ी में 46, इंद्री में 60, करनाल में 123, घरौंडा में 36 और असंध में 33 नए बूथ बनाए जा रहे हैं :** उन्होंने बताया कि जिन बूथों पर 1200 से अधिक मतदाता हैं उनके लिए नीलोखेड़ी में 46, इंद्री में 60, करनाल में 123, घरौंडा में 36 और असंध में 33 नए बूथ बनाए जा रहे हैं। रेशनेलाइजेशन प्रक्रिया पूरी होने के बाद इन बूथों के लिए बीएलओ की नियुक्ति कर दी जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिला में कुल 12 लाख 25 हजार 10 मतदाता हैं, इनमें नीलोखेड़ी आरक्षित विधानसभा में 2 लाख 35 हजार 313, इंद्री विधानसभा में 2 लाख 21 हजार 367, करनाल विधानसभा में 2 लाख 76 हजार 642, घरौंडा में 2 लाख 46 हजार 562 और असंध विधानसभा में 2 लाख 45 हजार 126 मतदाता शामिल हैं।

उन्होंने सभी ईआरओ को कहा कि बूथ का निरीक्षण करते वक्त मतदाता सूची से यह भी चेक करें कि एक परिवार के सभी सदस्य एक ही बूथ पर वोट डालें, परिवार के सदस्यों का वोट अलग-अलग बूथों पर नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी ईआरओ इस प्रक्रिया से संबंधित अपने स्तर पर बैठक कर बीएलओ को जानकारी दें और इस बैठक में राजनैतिक प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित करें। इस मौके पर करनाल के एसडीएम अनुभव मेहता, नीलोखेड़ी के एसडीएम अशोक कुमार, घरौंडा के एसडीएम राजेश सोनी, असंध के एसडीएम राहुल, सीटीएम मोनिका के अलावा राजनैतिक दलों से बीजेपी से अशोक कुमार सिरसी, कांग्रेस से जोगिंदर वाल्मीकि व आनंद चौहान, आईएनएलडी से सुरजीत संधु, आप से सोनू कुमार, बीएसपी से राम किशोर सहित चुनाव कार्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे।

# प्लास्टिक प्रतिबंध पर व्यापारियों का प्रशासन के साथ सहयोग सराहनीय, प्रशासन करें जनता को जागरूक

**हिसार, 18 जून ( मनमोहन शर्मा ) :** पूर्व नगर निगम पार्षद सुरेश गोयल धूप वाला ने कहा कि नगर प्रशासन द्वारा शहर के थोक प्लास्टिक व्यापारियों के साथ की गई बैठक निश्चित रूप से एक सराहनीय पहल रही। उन्होंने कहा कि बैठक इस दृष्टि से भी सफल रही कि व्यापारियों ने स्वयं आगे आकर अधिकारियों को आश्वस्त किया कि वे भविष्य में न तो सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करेंगे और न ही इसका व्यापार। गोयल ने कहा कि शहर को स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल बनाने के उद्देश्य से सरकार का सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाना पूर्णतः उचित कदम है। वर्षों से देखने में आ रहा है कि निगम प्रशासन कभी-कभी बिना पूर्व सूचना के व्यापारियों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई कर देता है, जिससे बाजारों में भय का माहौल बन जाता है। कई बार निगम कर्मचारियों द्वारा व्यापारियों के साथ दुर्व्यवहार की शिकायतें भी सामने आती हैं, जो निंदनीय है। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की यह मांग भी पूरी तरह उचित है कि सख्ती केवल फुटकर व थोक बाजारों तक सीमित न रहकर उन फैक्ट्रियों पर भी होनी चाहिए, जहां सिंगल यूज प्लास्टिक का उत्पादन किया जा रहा है। भारत सरकार 2022 से इस पर प्रतिबंध लागू कर चुकी है,



लेकिन इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जनता को भी जागरूक किया जाना आवश्यक है। गोयल ने कहा कि व्यापारियों पर अचानक छापेमारी करने की बजाय जागरूकता व संवाद से समाधान निकालना अधिक प्रभावी होगा।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में 11 सालों में हुए ऐतिहासिक कार्य : सुभाष चंद्र

**निसिंग, 18 जून ( जोगिंद्र सिंह ) :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर निगदू मंडल के जाम्बा गांव में एक सम्मेलन आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाईस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने सरकार की उपलब्धियों को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में 11 सालों में ऐतिहासिक कार्य हुए है। उन्होंने केंद्र सरकार की अब तक की उपलब्धियों को देश के लिए ऐतिहासिक एवं दिशा निर्धारक बताया। चेयरमैन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत



ने बीते 11 वर्षों में अभूतपूर्व तरक्की की है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के सिद्धांत पर चलते हुए गरीबों, किसानों, महिलाओं, युवाओं और समाज के हर वर्ग के लिए योजनाएं चलाईं, जिनका लाभ सीधा अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है। सुभाष चंद्र ने कहा कि किसी भी देश की आर्थिक विकास के लिए अच्छी सड़कों का होना बहुत जरूरी है। आज मोदी सरकार में राष्ट्रीय राजमार्गों की स्थिति सुधरी हैं। जिसके परिणाम स्वरूप व्यापार बढ़ा है और लाखों की संख्या में लोगों का आवागमन बढ़ा है जिससे रोजगार में वृद्धि हुई है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे सरकार की जनहितकारी नीतियों को घर-घर तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के इन 11 वर्षों में विकास की बयार चली है, जिससे भारत के विकसित बनने की राह प्रशस्त हुई है।अपने संबोधन में सुभाष चंद्र ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को भारत के पुनर्जागरण का सूत्रधार बताया। उन्होंने कहा कि बीते 11 वर्षों में भारत ने न सिर्फ विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ, बल्कि आत्मनिर्भरता और राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में भी ऐतिहासिक कदम उठाए। उन्होंने कहा की 2014 से पहले भारत केवल शांति की बात करता था, लेकिन अब अगर कोई देश आतंकवाद के जरिए भारत को चुनौती देता है, तो सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर जैसे सशक्त जवाब मिलते हैं। यह परिवर्तन प्रधानमंत्री मोदी की निर्णायक और साहसी नीतियों के कारण संभव हुआ है। इस अवसर पर भाजपा नेता राजेन्द्र चौधरी ने कहा कि गरीबी उन्मूलन, युवाओं को अवसर, किसानों की समृद्धि और महिलाओं के सम्मान के क्षेत्र में जो कार्य हुए हैं, वे ऐतिहासिक हैं। भारत की वैश्विक छवि और प्रभाव जिस गति से बढ़े हैं, वह अभूतपूर्व है। इस अवसर पर भाजपा नेता राजेन्द्र दादुपुर, उपाध्यक्ष रजनी प्रोचा, कर्म सिंह, कर्मवीर शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

# शहर को स्वच्छ बनाने की जिम्मेवारी प्रत्येक शहरवासियों की है, ताकि शहर स्वच्छ व स्वस्थ बन सके : शैलेंद्र शर्मा



**चिडाव, 18 जून ( प्रवीन कुमार ) :** शहर के ब्रह्मानंद पब्लिक स्कूल में नगरपालिका की ओर से मंगलवार को स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्वच्छता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता स्कूल संचालक विक्रम चौधरी व सोनिया चौधरी ने की। स्वच्छता प्रतियोगिता में नगरपालिका सचिव शैलेंद्र शर्मा, प्रेरक निशांत राणा पहुंचे। स्वच्छता को कायम करने को लेकर स्कूली बच्चों के बीच पेंटिंग व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नपा सचिव शैलेंद्र शर्मा ने कहा कि स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्कूली बच्चों ने पेंटिंग बनाकर व भाषण के माध्यम से स्वच्छता का महत्व समझाया। शैलेंद्र शर्मा ने बताया कि शहर को सौंदर्यकरण बनाने के लिए नपा स्टाफ सदस्यों व सफाई कर्मियों लगे हुए है। शहर को स्वच्छ बनाने की जिम्मेवारी प्रत्येक शहरवासियों की है, ताकि शहर स्वच्छ व स्वस्थ बन सके। जिसके लिए हमें अपनी सोच बदलनी होगी। उन्होंने कहा कि अस्वच्छता से नाना प्रकार की बीमारियां फैलती है। जिनसे बचाव के लिए लोगों को स्वच्छता का महत्व समझते हुए भविष्य में भी बरकरार रखना होगा। स्वच्छता के लिए मनुष्य में सकारात्मक सोच का होना बेहद आवश्यक है। प्रतियोगिता में पहला व दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को सम्मानित भी किया गया।

# रिहायशी क्षेत्र में चल रही साबुन फैक्ट्री को नगर निगम ने किया सील

***कुछ माह पहले लोगों ने की थी फैक्ट्री से होने वाली दिक्कतों को लेकर शिकायत, निगमायुक्त के निर्देशों पर एटीपी दीपक सुखीजा की टीम ने की कार्रवाई***

**यमुनानगर, 18 जून ( दिनेश कुमार ) :** चिट्टा मंदिर रोड पर रिहायशी इलाके में चल रही एक साबुन फैक्ट्री को नगर निगम ने सील कर दिया है। फैक्ट्री के कारण आसपास के घर खराब हो रहे थे। वहीं, दीवारें ढहने के कगार पर थी। वहीं, फैक्ट्री के कैमिकल युक्त पानी से लोग परेशान थे। फैक्ट्री से आ रही दिक्कतों को लेकर चिट्टा मंदिर रोड के लोगों ने उच्च अधिकारियों को शिकायत की थी। जिसके बाद नगर निगम आयुक्त अखिल पिलानी के निर्देशों पर सहायक नगर योजनाकार दीपक सुखीजा, भवन निरीक्षक रामपाल की टीम ने ड्यूटी मैजिस्ट्रेट नरेश भारद्वाज के नेतृत्व में फैक्ट्री को सील कर दिया। निगम की इस कार्रवाई के दौरान मौके पर भारी पुलिस बल मौजूद था। रिहायशी क्षेत्र में चल रही साबुन फैक्ट्री को सील करने से क्षेत्र के निवासियों को राहत मिलेगी। सहायक नगर योजनाकार दीपक सुखीजा ने बताया कि कुछ माह पहले चिट्टा मंदिर रोड के निवासियों ने शिकायत दी थी कि चिट्टा मंदिर रोड पर रिहायशी क्षेत्र में एक साबुन फैक्ट्री लगी हुई है। फैक्ट्री से आसपास के लोग काफी परेशान है। फैक्ट्री से केमिकल युक्त पानी निकलता है। वहीं, फैक्ट्री के आसपास के लोगों घर खराब हो रहे है। दीवारे ढहने के कगार पर है। नमी के चलते मकान क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। फैक्ट्री के केमिकल युक्त पानी से बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ है। केमिकल के ड्रमों से भरे



वाहन उनकी गलियों से निकलने है, जिससे हर समय क्षेत्रवासियों को हादसों का खतरे बना रहता है। इस शिकायत के आधार पर नगर निगम द्वारा फैक्ट्री को नोटिस दिए गए, लेकिन फैक्ट्री संचालक द्वारा फैक्ट्री को शिफ्ट नहीं किया गया। उच्च अधिकारियों ने फैक्ट्री को सील करने के आदेश दिए किए। नगर निगम आयुक्त अखिल पिलानी के निर्देशों पर फैक्ट्री को सील करने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नरेश भारद्वाज के नेतृत्व में टीम बनाई गई। टीम में सहायक नगर योजनाकार दीपक सुखीजा, भवन निरीक्षक रामपाल मान, संबंधित थाना पुलिस व होमगार्ड के जवान शामिल किए गए। बुधवार को नगर निगम की टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और फैक्ट्री को ताला लगाकर सील कर दिया गया। नगर निगम की इस कार्रवाई की आसपास के लोगों ने सराहना की। नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने बताया कि रिहायशी क्षेत्रों में चल रही फैक्ट्रियों पर कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि जिन लोगों द्वारा बिना नक्शा पास कराए व्यवसायिक भवन व अन्य भवन बनाए गए है, वह नक्शा पास कराए। नक्शा पास कराए भवनों पर भी कार्रवाई की जाएगी।

# योग भारत की अमूल्य धरोहर है : डा. अमित पुंज



**करनाल, 18 जून ( सोनी दुआ ) :** जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. सतपाल ने बताया कि आयुष विभाग के महानिदेशक संजीव वर्मा के निर्देशानुसार तथा उपायुक्त उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में तथा अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की जिला नोडल अधिकारी एवं नगराधीश मोनिका के दिशा निर्देशन में जिला में 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफलतापूर्वक मनाने व हरित योग अभियान तथा योग युक्त नशा मुक्त हरियाणा के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ डॉ अमित पुंज ने बताया कि बुधवार को आयुष विभाग तथा हमारा मिशन स्वस्थ भारत के संयुक्त तत्वाधान में जिला कारागार में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण का अभ्यास का अयोजन किया गया। जिला कारागार जेल अधीक्षक लखबीर सिंह बराड़ की अध्यक्षता ज्में तथा डीएसपी चरण सिंह, डीएसपी शैलाक्षी भारद्वाज व डीएसपी विवेक सांगवान की देखरख में जिला में 21 जून 2025 तक आयुष विभाग द्वारा विशेष योग शिविर लगाया जा रहा है। जिसमे 850 कैदियों ने भाग लिया। योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण में हमारा मिशन स्वस्थ भारत के संस्थापक नवीन संदूजा, जेपी पसरिचा कमल चोपड़ा, मीनाक्षी मित्तल, कविता चैहान, कविता चौधरी एवं आयुष विभाग से आयुष योग सहायक सोनू गीता एवं कुसुम रानी ने पुरुष व महिला कैदियों को योगाभ्यास करवाया। इस अवसर पर नवीन संदूजा ने बताया कि 11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया। तब से, दुनिया भर में लाखों लोग योग के अभ्यास से एकजुट होकर हर साल इस दिन को मनाते हैं। हम सबको भी मिलकर प्रतिदिन नियमित रूप से योगाभ्यास का प्रण लेना चाहिए क्योंकि योग से ही संपूर्ण स्वास्थ्य प्राप्ति संभव हो सकती है।

# बिजली महकमों के निजीकरण के विरोध में 9 जुलाई को करेंगे हड़ताल : सुरेंद्र यादव

**यमुनानगर, 18 जून ( संजीव कुमार ) :** ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन (संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा) ने केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर 9 जुलाई 2025 की राष्ट्रीय हड़ताल की तैयारियों के चलते थर्मल में कर्मचारियों की कार्यकर्ता कन्वेंशन का आयोजन किया। इसकी अध्यक्षता सर्कल सचिव अश्विनी राणा ने की व मंच संचालन यूनिट कैशियर ने किया। कन्वेंशन को मुख्य वक्ता के तौर पर सम्बोधित करने पहुँचे राज्य कोषाध्यक्ष सुरेंद्र यादव,राज्य उपप्रधान सन्दीप सारण,सूबे सिंह कादियान ने कार्यकर्ताओं को जानकारी देते हुए बताया कि मौजूदा केंद्र सरकार कर्मचारी, किसान,मजदूर के हितों के साथ कुठाराघात कर रही है। कर्मचारियों व मजदूरों ने लंबी लड़ाई लड़कर जो कानून बनवाए थे आज उन्हें पूंजीपत्तियों के दबाव में श्रम सुधार कानून में बदलाव करते हुए लागू करने का प्रयास किया जा रहा है। इन कानून के लागू होने से स्थाई कर्मचारी अस्थाई हो जाएगा और रोजगार का स्वरूप भी अस्थाई हो जाएगा।सरकार काम के घण्टो में भी बढ़ोतरी करके शोषण का काम कर रही है। केंद्र व राज्य सरकारी बिजली महकमों को भी प्राइवेट कम्पनियों को न्यूनतम से न्यूनतम रेट पर देने को आमादा है। पहले चंडीगढ़ बिजली निगम अब उत्तर प्रदेश बिजली निगम को बेचने के लिए पूर्णतया तैयारी कर रखी है और आंदोलन करने वाले कर्मचारियों व नेताओं पर दमनात्मक पूर्ण कार्रवाई की जा रही है। निजीकरण व्यवस्था से केवल पूंजीपतियों का ही फायदा होगा।

सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान महिपाल सौदे व जिला सचिव गुलशन भारद्वाज ने बताया कि कर्मचारी,आम जनता, किसान, गरीब आदमी को बिजली के निजीकरण से भारी नुकसान होगा और मिलने वाली सब्सिडी खत्म हो जाएगी।

सरकार अपनी जिम्मेवारियों से पीछा छुड़ाना चाहती है जबकि बिजली, पानी, शिक्षा ,स्वास्थ्य, रोडवेज, रेल ये विभाग मुनाफे के लिए नहीं बनाए गए थे। यह आम जनता को रियायती दरों पर सुविधा के लिए विभाग चालू किए गए थे। मौजूदा दौर में सरकार तमाम विभागों को प्राइवेट कंपनियों को सौंपने को तैयार है। सरकार की इन कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ व कर्मचारियों की अन्य मांगों को लेकर पूरे प्रदेश के कर्मचारी 9 जुलाई की राष्ट्रीय हड़ताल में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए सरकार की नीतियों का विरोध करेंगे।

इस हड़ताल को सफल बनाने के लिए 22 जून से सभी विभागों में जत्थे चलाकर प्रचार अभियान चलाया जाएगा इस मौके पर राज्य सचिव राहुल नरवाल ऑडिटर सतीश कुमार,थर्मल यूनिट प्रधान कर्मवीर नरवाल, सचिव पंकज ठाकुर व हाइडल से यूनिट सचिव सुनील, संदीप आदि ने संबोधित किया।

# मोदी के कौशल को विश्व ने माना : भीमसेन अग्रवाल

**कैथल, 18 जून ( प्रवेश बहादुर ) :** कांगथली मंडल में पार्टी के कार्यक्रम (केंद्र सरकार के 11 साल संकल्प से सिद्धि तक) में मुख्य वक्ता के रूप में और मुख्य वक्ता रवि भूषण गर्ग के साथ जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। रवि भूषण गर्ग ने भी अपने विचार रखें और सरकार की उपलब्धियां के बारे में विस्तार से जानकारी दी। और भीमसेन अग्रवाल ने अपने वक्तव्य में कहा मुझे यह कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं है कि मोदी सरकार के 11 साल का जो कालखंड रहा वह उपलब्धियां से भरा हुआ है और अपने आप में अतुलनीय है। साल दर साल कैलेंडर बदलता रहा और भारत विकास वह प्रगति की ओर बढ़ता गया। इन 11 वर्षों के कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने ऊंचाइयों को छुआ और हम कह सकते हैं विकास और विश्वास और विरासत में मिले 11 साल और उपलब्धि विशाल और सेवा बेमिसाल। मंडल के सभी जेस्ट श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियां के बारे में बताया कार्यक्रम के संयोजक महेंद्र सिंह चीमा ने भी अपने विचार रखें कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सत्यवान सीडा ने की और साथ में महामंत्री लवली राणा कार्यक्रम के सहसंयोजक सुरेंद्र गुर्जर, कुलदीप राणा, राम दिया मैं पार्टी के ज्येष्ठ व श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**मोदी सरकार की 11 वर्ष की उपलब्धियां :** 1. भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व में तीसरे नंबर पर होना, 2. 25 करोड़ भारतीयों को गरीबी रेखा से बाहर निकलना, 3. धारा 370 का खत्म करना, 4. 4 करोड़ पक्के मकान देना, 5. 12 करोड़ शौचालय बनवाना, 6. 81 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन देना, 7. पीएम किसान सम्मन निधि योजना के तहत किसानों के खाते में तीन लाख 17 हजार करोड रुपए डालना, 8. किसानों को फसल बीमा योजना के तहत एक लाख 75000 करोड रुपए का मुआवजा देना, 9. 15 करोड लोगों को जल से नल देना, 10. पूरे भारत में 22 एम्स हॉस्पिटल बनाना, 11. 1100 यूनिवर्सिटी बनाना, 12. 700 मेडिकल कॉलेज, 13. 41 वंदे भारत एक्सप्रेस चलाना, 14. डेढ़ सौ एयरपोर्ट बनाना, 15. 20 शहरों में मेट्रो चलाना।

# आयुष गाबा बने जिला युवा कांग्रेस के महासचिव



**करनाल, 18 जून ( संदीप रोहिला ) :** करनाल जिले में युवा कांग्रेस के हाल ही में सम्पन्न हुए चुनावों में आयुष गाबा को जिला युवा कांग्रेस का महासचिव तथा पियूष शर्मा को राम नगर मंडल युवा कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। यह जानकारी पूर्व जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष पंकज गाबा ने दी। पंकज गाबा ने बताया कि कल ही युवा कांग्रेस चुनावों के परिणाम घोषित हुए, जिसमें जिले के युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयुष गाबा और पियूष शर्मा जैसे ऊर्जावान युवाओं को जिम्मेदारी मिलना संगठन के लिए सकारात्मक संकेत है। इस अवसर पर आयुष गाबा ने कहा कि मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे मैं पूरी निष्ठा और मेहनत से निभाऊंगा। संगठन को मज़बूती देने और युवाओं को जोड़ने का काम करूंगा। पियूष शर्मा ने कहा कि मैं राम नगर क्षेत्र के युवाओं को कांग्रेस पार्टी की विचारधारा से जोड़ने और उनके मुद्दों को आवाज़ देने के लिए काम करूंगा। दोनों नव-नियुक्त नेताओं ने सांसद दीपेन्द्र सिंह हुड्डा और पूर्व लोकसभा प्रत्याशी दिव्यांशु बुधिराजा का आभार व्यक्त किया और भरोसा जताया कि वे उनके मार्गदर्शन में संगठन को नई ऊंचाई तक ले जाएंगे। युवा कांग्रेस अब नए जोश और संकल्प के साथ करनाल में संगठन को गांव-गांव तक सशक्त बनाएगी।

# श्री साधु सेवा पन्थी आश्रम का 47वां वार्षिक महान यज्ञ 20 से 22 तक

**करनाल, 18 जून ( संदीप रोहिला ) :** श्री साधु सेवा पंथी आश्रम सुभाष गेट का 47वां वार्षिक महान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। 20 से 22 तक कथा कीर्तन व सत्संग आयोजन होगा। 20 से 22 जून तक श्री अखंड पाठ साहिब, रात्रि कथा कीर्तन एवं सत्संग का आयोजन किया जाएगा। यह महान यज्ञ ब्रह्मज्ञानी महंत बाबा धन्ना राम महाराज एवं महंत भाई मदन लाल महाराज की पुण्य स्मृति में मनाया जा रहा है। वार्षिक महान यज्ञ प्रो. महंत भाई नंदलाल राम के सान्निध्य में हो रहा है। समापन अवसर पर करनाल के विधायक जगमोहन आनंद मुख्य रूप से उपस्थित होंगे। 20 जून को सुबह 7 बजे प्रातः श्री अखंड पाठ साहिब आरम्भ होगा। 7.30 बजे रात्रि के कीर्तन एवं सत्संग 9.30 बजे समाप्ति तथा गुरु का लंगर बरताया जाएगा। 21 जून को 7 बजे रात्रि कथा कीर्तन एवं सत्संग होगा और 9.30 बजे गुरु का लंगर आरंभ होगा। 22 जून दिन रविवार सुबह 9 बजे श्री अखंड पाठ साहिब का भोग। 10 बजे प्रातः कथा कीर्तन एवं सत्संग और दोपहर 1.30 बजे गुरु का लंगर होगा।

# मूनक हैड के पास नहर से मिला एक व्यक्ति का शव

**मूनक, 18 जून ( जय भगवान ) :** बुधवार को मूनक हैड़ के पास पश्चिमी यमुना नहर में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। घटना की मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नहर से बाहर निकालने के लिए गोताखोरों की टीम को बुलाया गया। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को नहर से बाहर निकाला गया। व्यक्ति की शिनाख्त के लिए लोगों से पूछताछ की गई, लेकिन व्यक्ति की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज भिजवा दिया। सब इंस्पेक्टर मनजीत ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि मूनक हेड के पास एक व्यक्ति का शव नहर में तैर रहा है। व्यक्ति ने लाल रंग की धारीदार टी-शर्ट व नीले रंग का लोवर पहना हुआ था। व्यक्ति के शव की पहचान नहीं हो सकी। 72 घंटे के लिए शव को मोर्चरी हाउस में रखवा दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

# हरियाणा विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने किया कर्नाटक विधान सभा का दौरा,विधायी कामकाज देखा





**चंडीगढ़, 18 जून ( के.के संधू ):** हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कर्नाटक राज्य प्रवास के दौरान बेंगलुरु स्थित विधान सौध (कर्नाटक विधान सभा) का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने कर्नाटक विधान सभा के उपाध्यक्ष रुद्रप्पा मनप्पा लामानी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से बातचीत भी की। इस दौरे के दौरान हरियाणा एवं कर्नाटक विधानसभा के प्रतिनिधियों के बीच विधायी प्रक्रियाओं, सदन संचालन, तकनीकी नवाचार और संसदीय परंपराओं को लेकर विस्तृत एवं सारगर्भित चर्चा हुई। दोनों राज्यों के प्रतिनिधियों ने एक-दूसरे के अनुभवों से सीखने और भविष्य में विधायी प्रक्रियाओं को और अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाने के लिए सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। इस अवसर पर हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने आगामी राष्ट्रीय शहरी स्थानीय निकाय सम्मेलन, जो कि 3 और 4 जुलाई, 2025 को गुरुग्राम में आयोजित होने जा रहा है, का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सम्मेलनों के माध्यम से विभिन्न राज्यों की विधायी व प्रशासनिक संस्थाओं के बीच संवाद और समन्वय स्थापित होगा, जिससे देशभर में बेहतर शासन व्यवस्था सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

# दहेज में फ्लैट की मांग, विवाहिता से मारपीट, पति समेत ससुराल पक्ष के तीन लोगों पर मामला दर्ज

**रायपुररानी, 18 जून ( देवेन्द्र सिंह ) :** खेडी गांव की एक विवाहिता ने अपने पति और ससुराल पक्ष पर दहेज के रूप में फ्लैट की मांग करने, मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता की शिकायत पर रायपुररानी थाना पुलिस ने पति समेत तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता सुकन्या ने बताया कि उनकी शादी 10 दिसंबर 2020 को फतेहगढ़ साहिब के रोहित राणा से हुई थी। शादी के दौरान उनके परिवार ने करीब एक करोड़ रुपये खर्च किए थे, जिसमें गहने, कार, नकद और घरेलू सामान शामिल था। शुरुआत में सब ठीक था, लेकिन कुछ ही महीनों बाद उसका पति पुणे चला गया। वहां से उसने सुकन्या और उसके परिवार पर दबाव बनाना शुरू कर दिया कि उसे दहेज के तौर पर फ्लैट दिलाया जाए। शिकायत में सुकन्या ने बताया कि उसके पति और ससुराल पक्ष ने जबरदस्ती फ्लैट की मांग की और धमकी दी कि जब तक यह फ्लैट नहीं मिलेगा, तब तक वह सुकन्या को अपने साथ नहीं रखेगा। इस दबाव और धमकियों के चलते पीड़िता मानसिक रूप से बहुत परेशान रहने लगी। उसने पति के खिलाफ विरोध जताया, तो उसे पुणे में मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना झेलनी पड़ी। विरोध करने पर उसे मारपीट का भी सामना करना पड़ा और आखिर में विवाहित महिला को मायके वापस भेज दिया गया। पीड़िता ने कहा कि जब वह मायके आई, तब भी ससुराल पक्ष ने उसका इलाज या किसी प्रकार का सहयोग नहीं किया। जिसके बाद पीड़िता ने न्याय की गुहार लगाई और रायपुररानी पुलिस को इस बारे में जानकारी दी। वहीं, रायपुररानी पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पति रोहित राणा, सास कुसुम और ससुर नरेश राणा के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

# बाल भवन में आयोजित किया जा रहा है समर कैंप

**हिसार, 18 जून ( मनमोहन शर्मा ) :** बाल भवन, हिसार द्वारा गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी समर कैंप का आयोजन किया जा रहा हैं। इस कैंप में बच्चे, वयस्क लड़कियां और महिलाएं ग्रीष्मकालीन अवकाश के



दौरान रचनात्मक व अन्य गतिविधियों में भाग ले सकते हैं। जिला बाल कल्याण अधिकारी विनोद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कैंप का मुख्य उद्देश्य बच्चों को उनके अवकाश के समय का सदुपयोग करने का अवसर प्रदान करना है। इसके माध्यम से वे विभिन्न रचनात्मक और कौशल-आधारित गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा को निखार सकते हैं। यह कैंप प्रतिभागियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होगा। कैंप के दौरान अनेक कोर्स आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें नृत्य, शास्त्रीय नृत्य, ड्राइंग/शिल्प, अंग्रेजी बोलना, व्यक्तित्व विकास, ब्यूटीशियन/मेहंदी, स्केटिंग, कंप्यूटर प्रशिक्षण, सिलाई-कढ़ाई, कराटे, तैराकी, मेडिटेशन और योग कक्षाएं शामिल हैं। इन कोर्स के लिए समय और शुल्क निर्धारित किए गए हैं, जबकि मेडिटेशन और योग कक्षाएं नि:शुल्क रहती हैं। जिला बाल कल्याण अधिकारी विनोद कुमार ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को इस समर कैंप में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें, ताकि वे अपनी रचनात्मकता और कौशल को निखार सकें। अधिक जानकारी के लिए हरियाणा राज्य बाल भवन, हिसार में जिला बाल कल्याण अधिकारी विनोद कुमार के मोबाइल नंबर 9992673949 संपर्क किया जा सकता है।

# कई वर्षों से पड़ी अधूरी गली का निर्माण कार्य शुरू

**मूनक, 18 जून ( जयभगवान ):** खंड के गांव पाढा में कई वर्षों से पड़ी गली का निर्माण कार्य बुधवार को सरपंच प्रतिनिधि दीपक पाढा के



द्वारा किया गया। यह गली वीरेंदर आर्य के घर से लेकर बिजली घर तक बनाई जाएगी । जिसमें हो रही गहरी खाई मे मिट्टी भरत किया गया। इस खाई की समस्या से ग्रामवासी लगभग दस वर्षो से परेशान थे। इस मोके पर राजबीर, धर्मबीर, सतपाल, ओमप्रकाश पंचयात मेंबर संदीप कुमार, सोनू, अनुज, वीरेंदर आर्य, अजय रमन सहित ग्रामीण मौजूद रहें।

# बुराई का मूल कारण हमारे अंदर होता है और और बुराई को मिटाने के लिए हमें आंतरिक जागरण की आवश्यकता है : सुमन भारती

**बाबैन, 18 जून ( राजेश कुमार ):** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से गांव दूधला में चल रहे सुंदरकांड प्रसंग के दूसरे दिन साध्वी सुमन भारती ने सुंदरकांड प्रसंग पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि



78 साल का आजाद भारत में क्या हम सच में आजाद हैं। आज चारों और अधर्म अत्याचार अनाचार का बोलबाला दिखाई देता है। आतंक का भय हर भारतवासी के हृदय में समाया हुआ है। दया शर्म हया कहीं दिखाई नहीं देते और सारे आदर्श कहीं हवा हो गए हैं। नारी असुरक्षित है बालिका भ्रूण का गर्भपात करा दिया जाता है क्या स्वतंत्र भारत का यह सपना देखा था। हमारे शहीदों भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव इसी भारत के लिए फांसी झूले थे। आजकल यह सवाल बड़े-बड़े मंचों से काफी उछाले जाते हैं शायद इनका सटीक जवाब अब तक नहीं मिल पाया है। इस सब को रोकने के लिए हमें बाहरी प्रयासों की नहीं बल्कि आंतरिक जागृति की आवश्यकता है। बुराई का मूल कारण हमारे अंदर होता है और और बुराई को मिटाने के लिए हमें आंतरिक जागरण की आवश्यकता है। साध्वी जी ने बताया लंकिनी तभी जागृत हो पाई जब उसके जीवन में हनुमान जी जैसे संत का पदार्पण हुआ। हनुमान जी ने लंकिनी को भीतर से जागृत किया था तभी लंकिनी ने हनुमान जी से कहा था आपने मुझे बड़ा अच्छा सत्संग सुनाया सत्संग अर्थात सत्य+संग करना। उन्होंने कहा कि सत्य वह परमात्मा और संग माने उस परमात्मा से मिलना क्योंकि खुद जगा हुआ व्यक्ति ही दूसरों को जागृत कर सकता है। हनुमान जी खुद जागृत थे तभी लंकिनी को भी जागृत किया। यदि हम भी समाज को सही दिशा देना चाहते हैं हमें भी समय के पूर्ण ब्रह्मनिष्ठ संत की शरण में जाना होगा। साध्वी जी ने कहा कि पूर्ण संत ही हमारे भीतर जाग्रति का बिगुल बजा सकते हैं तभी सुंदर समाज का निर्माण हो सकता है। कथा में साध्वी किरण भारती एवं रवनीत भारती ने सुंदर भजनों का गायन किया कथा का विराम मंगल आरती से किया गया।

# खरड़ से उद्घघोषित अपराधी को किया गिरफ्तार

**हांसी, 18 जून ( मनमोहन शर्मा ):** जिला भर में उद्घघोषित अपराधी, बेल जंपर के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना सदर पुलिस ने लूट मामलें उद्घघोषित अपराधी शमशेर उर्फ मोदी पुत्र हवा सिंह निवासी खरड़ को गिरफ्तार किया गया। जो कि अदालत ने आरोपी को थाना सदर हांसी के लूट मामलें में उद्घघोषित अपराधी करार दिया हुआ था। थाना सदर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# बिजली बिल ब्याज माफी योजना-2025 का लाभ उठाएं पात्र उपभोक्ता : पार्थ गुप्ता

**यमुनानगर, 18 जून ( दिनेश कुमार ) :** डीसी पार्थ गुप्ता ने बताया कि हरियाणा सरकार ने बिजली उपभोक्ताओं के लिए सरचार्ज माफी योजना 2025 की घोषणा की है। यह योजना 11 नवंबर 2025 तक लागू रहेगी। इस योजना के तहत, बिजली उपभोक्ताओं को 31 अगस्त 2024 तक बकाया बिजली बिलों के लिए सरचार्ज माफ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पात्र बिजली उपभोक्ता शीघ्र ही इस ब्याज माफी योजना का लाभ उठाएं। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में स्थित सभी निजी उपभोक्ता श्रेणियों, कृषि श्रेणी, सरकारी, नगर पालिका, ग्राम पंचायत, राज्य सरकार एवं अन्य पब्लिक सर्विस यूटिलिटी, औद्योगिक और अन्य श्रेणियों के कनेक्ट और डिस्कनेक्ट उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिलेगा। यह योजना ऐसे उपभोक्ताओं के लिए वैध है जो 31 अगस्त 2024 तक बिजली निगम के डिफॉल्टर थे और अभी भी डिफॉल्टर बने हुए हैं। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षण अभियंता नरेन्द्र सिंह ने बताया कि एकमुश्त भुगतान किया जाता है, तो पात्र सभी घरेलू एवं कृषि उपभोक्ताओं को मूल राशि पर 10 प्रतिशत की छूट दी जाएगी और पूरा ब्याज माफ किया जाएगा। इस योजना



के अंतर्गत सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए योजना की अधिसूचना की तारीख तक कुल विलंबित भुगतान अधिभार को रोक दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि घरेलू उपभोक्ता जो योजना में भाग लेने का निर्णय लेते हैं, उनके पास अधिसूचना की तारीख तक बकाया मूल राशि का एकमुश्त या 8 मासिक या 4 द्विमासिक किस्तों में भुगतान करने का विकल्प होगा। बकाया ब्याज राशि को 8 चालू मासिक या 4 द्विमासिक बिलों के नियमित भुगतान के साथ किस्तों में माफ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कृषि श्रेणी उपभोक्ताओं के पास बकाया मूल राशि का भुगतान एकमुश्त या 3 बुकिंग चक्रों में करने का विकल्प होगा। कृषि उपभोक्ताओं का बिलिंग चक्र 4 महीने में एक बार होता है। बकाया सरचार्ज राशि को 3 चालू बिल के नियमित भुगतान के साथ किस्तों में माफ किया जाएगा। इसके अलावा सरकारी, नगर पालिका, ग्राम पंचायत, राज्य सरकार एवं अन्य पब्लिक सर्विस यूटिलिटी कनेक्शन वाले उपभोक्ता योजना में भाग लेने का निर्णय लेते हैं, उनके पास अधिसूचना की तिथि तक बकाया मूल राशि का एकमुश्त भुगतान करने का विकल्प होगा और ब्याज माफ कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि औद्योगिक और अन्य श्रेणियों के उपभोक्ताओं को कुल मूल राशि के साथ 50 प्रतिशत अधिभार राशि का एकमुश्त भुगतान करने पर, शेष 50 प्रतिशत अधिभार राशि माफ कर दी जाएगी। यदि उपभोक्ता 6 चालू बिलों के भुगतान में चूक करता है, तो पूर्ण अधिभार राशि पुन: प्राप्त कर ली जाएगी। बकायादार उपभोक्ता बकाया राशि का भुगतान दी गई किश्तों में कर सकते हैं। किसी भी छूटी हुई किश्त के मामले में, बकाया राशि को वर्तमान किश्तों के साथ अंतिम किस्त तक चुकाना होगा अन्यथा पूरा ब्याज वापस ले लिया जाएगा और उपभोक्ता को योजना से बाहर माना जाएगा। उन्होंने कनेक्शन काटे गए उपभोक्ताओं के मामले में, एकमुश्त राशि के भुगतान पर या मूल राशि की पहली किस्त के भुगतान पर, लागू होने वाले पुन: कनेक्शन आदेश शुल्क को चार्ज करने के बाद दोबारा कनेक्शन किया जाएगा। बशर्ते कि कृषि श्रेणी को छोड़कर सभी श्रेणियों के लिए छह महीने के भीतर कनेक्शन काटा गया हो (कृषि श्रेणी में कनेक्शन दो साल से अधिक पुराना कटा नहीं हो सकता है)। छह महीने या दो साल (जैसा भी मामला हो) से अधिक पुराने कनेक्शन के मामले में आवेदक को नया उपभोक्ता माना जाएगा। अधीक्षण अभियंता नरेन्द्र सिंह ने बताया कि बिजली निगम के निर्देशानुसार गलत बिलिंग के मामले ठीक किये जाना चाहिए। जिन उपभोक्ताओं के मामले वर्तमान में बिलिंग विवादों के कारण किसी न्यायिक फोरम में हैं, वे मामला वापिस लेकर इस योजना का लाभ ले सकते हैं। केस वापिस लेने वाला उपभोक्ता इस योजना का लाभ लेने के लिए पात्र होगा। सभी श्रेणी के बकायादार उपभोक्ता समय से पहले इस योजना का लाभ उठा सकते हैं।

# पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा ने ली बैठक

## प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका : कमलेश ढांडा



**कलायत, 18 जून ( सूबे सिंह ) :** पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा ने लोक निर्माण विभाग के विश्रामगृह में भाजपा की संगठनात्मक बैठक को संबोधित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्षों की सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस दौरान उन्होंने पहुंचे लोगों की समस्याएं भी सुनी। उन्होंने कहा कि हर कार्यकर्ता को केंद्र सरकार की योजनाएं और विकास कार्य याद होने चाहिए। ताकि कलायत के हर नागरिक को मोदी सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी जा सके। कमलेश ढांडा ने प्रधानमंत्री मोदी को दुनिया का सबसे लोकप्रिय नेता बताया। कहा, भारत अब आतंकवाद के खिलाफ ज़ीरो टॉलरेंस नीति पर काम करता है। ऑपरेशन सिंदूर का उदाहरण देते हुए बताया कि भारतीय सेना ने एलओसी पार 9 आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया। इससे देश की सैन्य आत्मनिर्भरता और सटीक कार्यक्षमता का प्रमाण मिला। कहा, आज इजरायल जैसा देश भी भारत की युद्ध नीति से प्रेरणा लेता है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। यह सबसे तेज़ी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था भी है। कार्यकर्ताओं से केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी देखने की अपील की। साथ ही पांच मूल गुणों को अपनाने को कहा। इनमें धैर्य, विनम्रता, अच्छा आचरण, सरलता और संकट में भी प्रसन्नता बनाए रखना शामिल है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेसियों का भाईचारा केवल दिखावा है। उनकी आपसी फूट के कारण कैथल में जिला अध्यक्ष नहीं बन पा रहा। उन्होंने कहा, कि भाजपा सरकार सभी नागरिकों की सरकार है। भविष्य में भी सेवा, सुरक्षा और सुशासन की नीतियों से देशवासियों को लाभ मिलेगा। बैठक में मंडल अध्यक्ष राजीव राजपूत, भाजपा नेत्री सुमन राणा, रविंदर धीमान, एडवोकेट राजेश बिदान, पूर्व मंडल अध्यक्ष महिपाल राणा, राम मेहर शर्मा, मैनपाल राणा, वीरेंद्र राणा, पार्षद महिपाल बैरागी, बंटी शर्मा, कुलदीप, राजेश और निजानंद शर्मा आदि मौजूद रहे।

# नीट यूजी परीक्षा में सफीदों के निशांत मलिक ने लहराया परचम

*सफीदों केमिस्ट एसोसिएशन ने किया सम्मानित*

**सफीदों, 18 जून ( एस.के.मित्तल ):** शहर के होनहार छात्र निशांत मलिक ने नीट यूजी परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया रैंक (ङ्क्र) 8531 और जनरल कैटेगरी में 857वीं रैंक हासिल की है। निशांत ने 720



में से 560 अंक प्राप्त कर अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर सफीदों केमिस्ट एसोसिएशन ने निशांत को उसके निवास स्थान पर सम्मानित किया। सफीदों केमिस्ट एसोसिएशन ने निशांत को नोटों की माला पहनाकर और लड्डू खिलाकर उनका मुंह मीठा किया। सम्मान समारोह में बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर निशांत मलिक ने अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा, मेरा सपना डॉक्टर बनकर अपने क्षेत्र की सेवा करना है। मैं मेडिकल क्षेत्र में एक बड़ा मुकाम हासिल करना चाहता हूं और इसके लिए पूरी मेहनत के साथ आगे बढ़ूंगा। एसोसिएशन के प्रधान महेंद्र गोयल ने कहा, निशांत की इस उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे सफीदों का गौरव बढ़ाया है। उनकी मेहनत और लगन युवाओं के लिए प्रेरणा है। हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।एसोसिएशन के सचिव कप्तान मलिक ने भी निशांत की प्रशंसा करते हुए कहा, निशांत ने कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प से यह मुकाम हासिल किया है। यह उपलब्धि दर्शाती है कि सही दिशा में प्रयास से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। हम उन्हें भविष्य में भी ऐसी ही सफलताएं अर्जित करने की शुभकामनाएं देते हैं। इस अवसर पर पंकज मंगल, सुरेन्द्र कुमार मित्तल और संजय गर्ग ने भी निशांत को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सफीदों केमिस्ट एसोसिएशन के प्रधान महेंद्र गोयल, सचिव कप्तान मलिक, पंकज मंगल, संजय गोयल, सुरेंद्र कुमार मित्तल, विजेंद्र मलिक, निशांत के माता-पिता सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। निशांत की इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है और उनकी मेहनत आने वाले विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणास्त्रोत बन गई है।

CHARDIKLA TIME TV
SCAN TO DOWNLOAD OUR APP
SCAN TO WATCH LIVE
24X7 INFOTAINMENT CHANNEL
Available FREE! at following Platforms
TATA PLAY CH. NO. 1945
Free Dish CH. NO. 340
VIDEOCON d2h CH. NO. 779
airtel digital TV CH. NO. 557
dishtv CH. NO. 1152
in digital CH. NO. 581
Jio TV
Available Worldwide on
in USA sling
dish CH. NO. 748-008
amazon fire TV
YouTube
TikTok
Roku TV
eBaba
STB
TANGO TV
FREE TV
MOBI FREE TV
EKOM FLIX
CHARDIKLA MEDIA NETWORK
Also available on Social Media @
/Chardikla Time TV
/CK Time TV North America
/Chardikla Time TV Live
ceo@cktimetv.com
www.timetv.news
www.cktimetv.com